दैनिक अर्थ प्रकाश

उत्तर भारत का अनूठा अखबार, प्रादेशिक व लोकल खबरों का एकमुश्त उपहार

वर्ष 37 | अंक 229 | मूल्य 3:00 रुपये | पृष्ठ संख्या : 12 | चंडीगढ़, शनिवार, 20 अगस्त, 2022 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष-नवमी, विक्रमी संवत-2079 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV

सिसोदिया के घर सीबीआई की रेड

दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने 15 लोगों को बनाया आरोपी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के आवास समेत 15 जगहों पर शुक्रवार को छापेमारी की। जांच एजेंसी सुबह 8.30 बजे ही सिसोदिया के घर पहुंची और पूरा दिन छापेमारी चली। खबरों के मुताबिक, अफसरों ने उनके और परिवार के बाकी सदस्यों के फोन और लैपटॉप जब्त कर लिए थे। सिसोदिया के घर सीबीआई के छापे की खबर सामने आते ही बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उनके घर के बाहर पहुंच गए। हालांकि, इन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और सिसोदिया के घर के आस-पास धारा 144 लगा दी गई।

गौरतलब है कि एक्साइज स्कैम में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 15 लोगों के खिलाफ छापे से दो दिन पहले यानी 17 अगस्त को ही सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर ली थी। एफआईआर में कुछ शराब कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। एफआईअर की कॉपी में 16वें नंबर पर अनॉन पब्लिक सर्वेंट और प्राइवेट पर्सन का जिक्र है। यानी जांच के दौरान कुछ और लोगों ने नाम भी जोड़े जा सकते हैं।

मुख्य सचिव की रिपोर्ट में था दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया का नाम

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कहने पर यह सीबीआई जांच शुरू की गई है। मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट में कहा गया था कि नई नीति के जरिए शराब लाइसेंसधारियों को फायदा पहुंचाया गया। रिपोर्ट में सीधे मनीष सिसोदिया का नाम लिया गया था। यह रिपोर्ट एलजी को सौंपी गई थी। मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट में कहा गया कि शराब नीति को लागू करने से पहले प्रस्तावित नीति को कैबिनेट के समक्ष रखना होता है। इसके बाद कैबिनेट से पास इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए उपराज्यपाल को भेजना होता है, लेकिन इस प्रोसेस को नहीं अपनाया गया है। रिपोर्ट में 4 नियमों को तोड़ने के आरोप लगे। जिसमें जीएनसीटीडी अधिनियम-1991, व्यापार नियमों के लेनदेन-1993, दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम-2009 और दिल्ली उत्पाद शुल्क नियम-2010 को तोड़ा गया है।

सीबीआई की एफआईआर में ये हैं आरोपी

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपीकृष्णा, तत्कालीन आबकारी उपायुक्त आनंद तिवारी, आबकारी अतिरिक्त आयुक्त पंकज भटनागर, एंटरटेनमेंट एंड इवेंट मैनेजमेंट कंपनी ऑनली मच लाउडर के सीईओ विजय नायर, पेरनोड रिकार्ड के पूर्व कर्मी मनोज राय, ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमनदीप ढल, इंडोस्प्रिट ग्रुप के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रु, बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा, फर्म बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, दिनेश अरोड़ा, फर्म महादेव लिकर्स, महादेव लिकर्स के वरिष्ठ अधिकारी सन्नी मारवाह, अरुण रामचंद्र पिल्लई, अर्जुन पांडे व अज्ञात।

आप और बीजीपी आई आमने-सामने

आप ने कहा कि यह कार्रवाई केजरीवाल को रोकने के लिए की गई है। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल के यहां छापा मारा, केवल चार मफलर मिले थे और मनीष सिसोदिया के घर में उन्हें केवल पेंसिल, नोटबुक और ज्योमेट्री बॉक्स मिलेंगे। वहीं बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने दावा किया है कि विदेशी अखबारों में छपा फोटो दिल्ली के सरकारी स्कूल का नहीं बल्कि प्राइवेट स्कूल का है। इसके पहले भाजपा ने यह भी आरोप लगाया था कि पंजाब चुनाव से पहले केजरीवाल और शराब माफिया में डील हुई थी।

अच्छे काम करने वालों को रोका गया: सीएम केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 75 सालों में जिसने भी अच्छे काम की कोशिश की उसे रोका गया, इसीलिए देश पीछे रह गया, लेकिन दिल्ली के अच्छे कामों को रुकने नहीं देंगे। वहीं छापे के बाद सिसोदिया ने ट्वीट किया कि सीबीआई आई है। उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत ही दुर्भाग्य कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है, उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश नंबर वन नहीं बन पाया है।

नूंह डीएसपी हत्या मामले की होगी न्यायिक जांच

- राज्यपाल ने दी स्वीकृति
- सेवानिवृत्त न्यायाधीश एलएन मित्तल की अगुवाई में जांच टीम एक माह के भीतर रिपोर्ट करेगी पेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। खनन माफिया द्वारा डंपर से कुचलकर नूंह डीएसपी हत्या मामले की न्यायिक जांच होगी। राज्यपाल ने न्यायिक जांच की स्वीकृति दे दी है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश एमएन मित्तल की अगुवाई में टीम जांच करेगी। गृह सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक जांच आयोग एक महीने के भीतर जांच रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगा। अधिसूचना के मुताबिक आयोग नूंह डीएसपी सुरेंद्र सिंह द्वारा अवैध

खनन की छपेमारी के दौरान डंपर से कुलचकर हत्या मामले के लिए परिस्थितियों की जांच करेगा। इसके साथ ही आयोग यह भी सुझाव देगा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो, इसको लेकर क्या कदम उठाए जाएं और अवैध खनन को किस तरह निर्यत्रित किया जा सकता है।

बता दें कि नूंह नूंह के तावडू में 19 जुलाई को खनन माफिया ने डीएसपी पर डंपर चढ़ाकर कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। खनन माफिया और पुलिस के बीच मुठभेढ़ भी हुई थी, जिसमें एक आरोपी जख्मी भी हो गया था और डीएसपी सुरेंद्र की टीम में मौजूद पुलिस कर्मी भी गंभीर रूप से घायल हुए थे।

न्यूज ब्रीफ

टेरर फंडिंग में हवाला एजेंट यासीन गिरफ्तार

नई दिल्ली (अप्रस)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट आपरेशन में गुरुवार को एक हवाला एजेंट को गिरफ्तार किया गया है। यह एजेंट लश्कर और अल बद्र जैसे आतंकी संगठनों को हवाला के जरिए रकम मुहैया करवाता था। मोहमद यासीन नाम के इस हवाला ऑपरेटर ने कश्मीर के एक आतंकी को 10 लाख रुपये ट्रांसफर भी किए थे। इस बात की जानकारी दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दी है। विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि आरोपी की पहचान तुर्कमान गेट निवासी मोहम्मद यासीन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से मीना बाजार से आतंकी गतिविधियों को फंडिंग करने और संचालन करने वाले एक व्यक्ति के बारे में खबर मिली थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया गया और मीना बाजार में और उसके आसपास तैनात किया गया।

टेंशन ख़ल्लास

पार्टी हेडक्वार्टर से,
निकलने लगे फरमान।
शुरू होने वाला है।
2024 का घमासान

-अर्थ प्रकाश

हरियाणा का 'हनीट्रैप गैंग' गिरफ्तार

- मोहाली के स्टूडेंट को किडनैप कर मांगी 50 लाख की फिरौती

अर्थ प्रकाश/ जिनेंद्र जैन

मोहाली। पंजाब पुलिस ने हरियाणा के 'हनीट्रैप गैंग' को गिरफ्तार कर 48 घंटे में स्टूडेंट के अपहरण की गुत्थी को सुलझा लिया है। गैंग में 2 युवक और एक लड़की शामिल है। तीनों ने मोहाली की चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट को किडनैप कर 50 लाख की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने किडनैप स्टूडेंट को छुड़ा लिया है।

रोपड़ रेंज के डीआईजी गुरप्रीत भुल्लर ने बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के बीई स्टूडेंट हितेश को किडनैप कर लिया गया था। उसे खरड़ के रणजीत नगर में एक किराए के कमरे में रखा गया था। इसकी शिकायत मिलने के बाद पुलिस एक्शन में आई और 48 घंटे में युवक को छुड़ा लिया गया। डीआईजी गुरप्रीत भुल्लर ने बताया कि गैंग के 3 मेंबरों को गिरफ्तार किया है। इनमें अजय कादियां पानीपत के गांव जट्टल का रहने वाला है। दूसरा किडनैपर सिरसा के आबूद का अजय है। इनके साथ सोनीपत के गांव बरोली की राखी तीसरी किडनैपर है। पुलिस ने इनसे होंडा सिटी कार, 5 मोबाइल और 9 कारतूस के साथ .32 बोर की पिस्टल बरामद की है। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट को लढ़की ने पंजाब मॉल के पास बुलाया। वहां कार में बिठाकर उस पर काबू कर लिया। फिर उसकी आंखों में मिर्ची झोंक बेहोशी का इंजेक्शन दे दिया। इसके बाद उसे रणजीत नगर में किराए के फ्लैट में ले जाकर बांध दिया। इसके बाद उसे लगातार बेहोश रखते रहे। कभी इंजेक्शन तो कभी पानी में बेहोशी की दवा घोलकर पिलाते रहे। किडनैपर अजय कादियान फार्मासिस्ट रह चुका है जबकि अजय एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है।

50 लाख से कम पर राजी नहीं हुए: हितेश के पिता ने पुलिस को बताया कि उन्हें बेटे के मोबाइल नंबर से ही कॉल कर फिरौती मांगी गई। उन्होंने कहा कि वह नौकरीपेशा आदमी है। 50 लाख रुपया नहीं दे सकते। उन्होंने पहले 2 लाख, फिर 5 लाख और अंत में 8 लाख लेने को कहा लेकिन किडनैपर नहीं माने। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी शिकायत कर दी।

हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तारी में की मदद

मोहाली के एसएसपी विवेकशील सोनी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए डीएसपी गुरशेर सिंह और सीआई इंचार्ज शिव कुमार की टीम बनाई गई थी। इन्हें कुरुक्षेत्र की सीबाई टीम की भी मदद मिली। जिसकी बदौलत गैंग मेंबरों को गिरफ्तार कर स्टूडेंट को सकुशल छु लिया गया। किडनैपर की पहचान और गिरफ्तारी में अंबाला, हरिद्वार और गाजियाबाद पुलिस की भी मदद मिली।

हनीमून पर निकले दंपति की हिमाचल में दर्दनाक मौत

पतलीकूहल। हिमाचल के पतलीकूहल में कुल्लू मनाली नेशनल हाईवे पर 17 मील के पास पर्यटक वाहन थार के ट्रक से टकरा जाने से हनीमून मनाने आए नवदम्पती की मौत हो गई है। टक्कर इतनी जोर की हुई कि थार गाड़ी चकनाचूर हो गई। मृतकों की पहचान रोहित कौशिक पुत्र आनंद कौशिक उम्र 23 साल व मानसी पत्नी रोहित उम्र 23 साल गृह संख्या 89 काकरी तहसील तालबेहट जिला ललितपुर यूपी के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक एचपी64 बी 6667 और थार वाहन यूपी-9ए- 6068 के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोर की हुई कि थार के परखचे उड़ गए और गाड़ी में सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक को भी नुकसान पहुंचा है।

पतलीकूहल थाना प्रभारी मुकेश राठौर ने बताया कि आधी रात को हुई दो वाहनों के बीच टक्कर में पति पत्नी की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मृतकों के घर वालों से सम्पर्क कर लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये जाएंगे।

अलर्ट | लम्पी स्किन बीमारी को लेकर खुद मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने संभाली कमान

प्रदेशभर के पशुओं का तुरंत किया जाए वैक्शीनेशन

- सभी को मिशन मोड में काम करने के दिए आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लम्पी स्किन बीमारी को लेकर खुद कमान संभाल ली है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और पशुपालन विभाग के आला अधिकारियों को साथ बैठक लेकर मिशन मोड में काम करने का आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी की तरह इस बीमारी की रोकथाम के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना है। उन्होंने मुख्य सचिव को आदेश दिए कि प्रदेश की जरुरत के मुताबिक इस बीमारी से जुड़ी जितनी वैक्शीन उपलब्ध है उसे तत्काल खरीदा जाए और प्रदेशभर के पशुओं का वैक्शीनेशन किया जाए। इस बैठक में हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री जयप्रकाश दलाल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लम्पी स्किन बीमारी को लेकर मुख्य सचिव संजीव कौशल को हर दिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव तत्काल सभी जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, पशुपालन विभाग के सभी अधिकारियों की बैठक लें। मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग को रणनीति के तहत काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की तरह हमें इस बीमारी से लड़ने के लिए मिशन मोड में काम करना है। बाजार में जितनी वैक्शीन उपलब्ध है, उसे तत्काल खरीदा जाए।

तेजी से हो वैक्शीनेशन: मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लम्पी स्किन बीमारी से जुड़ा वैक्शीनेशन तेजी से किया जाए। अभी तक जितनी डोज मुहैया हुई हैं, उन्हें तत्काल लगवाया जाए। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग सर्वप्रथम उन जिलों में तेजी से वैक्शीनेशन करें, जहां प्रभावित पशुओं की संख्या अधिक है। इसके बाद दूसरे जिलों में भी वैक्शीनेशन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा वैक्शीन के संबंध में वे खुद केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री से बात करेंगे और जल्द से जल्द वैक्शीन मुहैया करवाने की गुजारिश करेंगे। मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग को दिन-रात एक करके इस बीमारी के वैक्शीनेशन में जुटने के निर्देश दिए हैं।

बीमारी से जुड़े कारणों का ज्यादा से ज्यादा हो प्रचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बीमारी के फैलाव में मुख्य कारण साफ सफाई और संक्रमित पशु है। ऐसे में सभी पशुपालकों को साफ-सफाई का विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ-साथ संक्रमित पशुओं को दूसरे पशुओं से तत्काल अलग किया जाए। पशुओं की आवाजाही एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में बंद की जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जिन पशुओं की मौत लम्पी स्किन बीमारी से हो जाती है, जिला प्रशासन उन पशुओं को गहरा गड्ढा खोदकर सही तरीके से दफनाने का कार्य करे ताकि यह बीमारी अन्य स्वस्थ पशुओं में न फैले।

न्यूज ब्रीफ

शिरडी साईं धाम कबीरपुर में मनाई जन्माष्टमी

सोनीपत (अप्रस)। श्री शिव दुर्गा साईं बाबा मंदिर कबीरपुर में भव्य जन्माष्टमी के उपलक्ष में एक शाम कान्हा के नाम गुणगान सुप्रसिद्ध गायिका प्राची सखी पंकज यादव अमिताभ राठौर विक्की दीपक नितिन गौतम ने किया। कृष्ण राधा विष्णु लक्ष्मी गणेश शंकर पार्वती की झांकी देखने योग्य थी। रोशनी से जगमगाता फूलों का भव्य श्रृंगार शिरडी साईं धाम कबीरपुर भक्तों का अपार जनसमूह उमड़ा। इस मौके मुख्य ट्रस्टी अर्चना राठौर संचालक यश राठौर दीपक शर्मा रवि गांधी सनुज छाबड़ा अमित मुंजाल विनीता छाबड़ा हिमांशु घई अनिल चड्ढा नवीन कुचल सुरेंद्र मजोका संजीव अग्रवाल दीपक पाठक अंकुश वधवा दुर्गेश सेठ करण बत्रा पवन शर्मा सतीश मौजूद रहे।

नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का किया शुभारम्भ

सोनीपत (आदेश त्यागी)। शुक्रवार सुबह नगर निगम मेयर निखिल मदान ने विधायक सुरेन्द्र पंवार एवं निगम पार्षद एडवोकेट मोनिका के साथ मिलकर वार्ड 16 में नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का रिब्बन काटकर शुभारम्भ किया। मौके पर क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे जिन्होंने विकास कार्यों के लिए सभी जन प्रतिनिधियों का आभार जताया और फूल मालाओं से स्वागत किया।मेयर निखिल मदान ने बताया कि लहराडा के शीतला माता चौक से ओम की डेयरी तक का रास्ता पिछले कई वर्षों से कच्चा पड़ा था। स्थानीय पार्षद मोनिका एडवोकेट द्वारा मामला संज्ञान में लाने के बाद उन्होंने निगम अधिकारियों को जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने के आदेश दिए थे। इसी क्रम में आज इस रास्ते को नगर निगम द्वारा इंटर लाकिंग टाइलों से 73.78 लाख रुपये की धनराशि से पक्का कराने का कार्य शुरु कर दिया गया है। साथ ही वार्ड नं 16 की सभी कालोनियों में जल्द ही कच्ची पड़ी सभी गलियों एवं नालियों को पक्का किया जायेगा और पानी निकासी के बेहतर प्रबंध किए जाएंगे। मेयर निखिल मदान ने कहा कि सभी कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता में है। मौके पर विधायक सुरेन्द्र पंवार, निगम पार्षद एडवोकेट मोनिका, अनिल नागर, मनजीत, सुरेंद्र, नीरज हुड्डा,चांद, राजेश, दीपक, अमित अनिल नरेंद्र, राजवीर, रविंद्र, विमला, कमला, सुमित्रा, ममता, पूजा,शीला, राजबाला, पूनम एवं क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

महिला सशक्तिकरण की पक्षधर है बीजेपी: निर्मल चौधरी

गन्नौर (सुरेन्द्र कुमार)। भारतीय जनता पार्टी की पार्लियामेंट्री बोर्ड में पूर्व सांसद सुधा यादव की नियुक्ति पर खुशी जताते हुए गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि बीजेपी महिला सशक्तिकरण की पक्षधर वाली एकमात्र पार्टी है।

उन्होंने सुधा यादव से उनके गुरुग्राम निवास पर मिलकर मुबारकबाद देते हुए इस नियुक्ति के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, संगठन मंत्री बीएल संतोष, मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा प्रभारी विनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनकड़ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के हित मे सबसे ज्यादा काम किये हैं। इसलिये आज पूरी दुनिया में भारत की महिलाओं को सबसे ज्यादा भागीदारी हर क्षेत्र में देखने को मिल रही है। निर्मल चौधरी विधायक ने बताया कि एक आदिवासी महिला को बीजेपी ने भारत का राष्ट्रपति बनाकर ऐतिहासिक काम किया है। उसी प्रकार सुधा यादव को बीजेपी में बड़ी जिम्मेदारी देकर यह साबित किया है कि बीजेपी निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने यह भी कहा कि आम गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस चूल्हा कनेक्शन मुफ्त राशन देकर महिलाओं को जीने का हक दिया है। आज मोदी और मनोहर सरकार में गरीब व्यक्ति का मनोबल और आत्मविश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता को कांग्रेस पार्टी द्वारा फैलाई गई परिवारवाद और भरष्टाचार जैसी बुराइयों को जड़ से मिटाने के लिए बीजेपी साथ जुड़कर मोदी और मनोहर के साथ खड़ा होना चाहिये। इस मुबारकबाद की मुलाकात में सुधा यादव ने भी निर्मल चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप महिलाओं के हक लिये और गरीब व्यक्ति के सम्मान के आगे बढ़ते रहो। निर्मल चौधरी ने बताया कि बीजेपी संसदीय बोर्ड में नवनियुक्त सदस्य एवं भारत सरकार के मंत्री भूपेंद्र यादव और सुधा यादव का जल्दी ही गन्नौर में नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा।

देवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी का युवा सम्मान समारोह 21 को नई अनाज मंडी में

मन्नत ग्रुप के चेयरमैन व देवा वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक करेंगे युवाओं को सम्मानित

गन्नौर, 19 अगस्त (अप्रस)। देवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चौथा युवा सम्मान समारोह 21 अगस्त को गन्नौर की नई अनाज मंडी में मनाया जाएगा। संस्था के संस्थापक देवेन्द्र कादियान ने बताया कि उनकी सोसाइटी का एक ही मकशद है कि क्षेत्र के युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढनें के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था पिछले तीन साल से युवााओं का सम्मान करती आ रही है और 21 अगस्त को उनकी संस्था का चौथा सम्मान समारोह है। देवेन्द्र कादियान ने बताया कि इस युवा सम्मान समारोह में 30 युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें 15 छात्र हरियाणा शिक्षा बोर्ड के और 15 ही छात्र सीबीएसई के शामिल किए जाएगें। कादिया ने बताया कि ये वे छात्र होगें जो गन्नौर क्षेत्र के हो और उन्होंने 12वीं कक्षा में टाप किया हो। देवेन्द्र कादिया ने बताया कि इनमें से 10 युवाओं को एकटीवा स्कूटी, 10 को टेब व 10 छात्रों को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे। कादियान ने बताया कि उनकी संस्था का एक ही उदेश्य है कि गन्नौर क्षेत्र में युवा किस तरह आगे बड़े उसी के चलते उनको प्रोत्साहित करने के लिए ये कार्यक्रम किए जाते है ताकि उनको देखकर दूसरे छात्र भी उनकी तरह आगे बड़े और अपने माता पिता व क्षेत्र का नाम रौशन कर सकें। इस अवसर पर उनके साथ संस्था के कई सदस्य मौजूद रहें।

पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने गुरुग्राम में की जनसुनवाई

तीनों जिलों से लोग समूहों में पहुंचे, आयोग को समूहों से मिले 25 ज्ञापन

जनसुनवाई के दौरान आयोग ने आम जनता से प्राप्त किए सुझाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गुरुग्राम, 19 अगस्त। पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने गुरुग्राम में जनसुनवाई की। इसमें गुरुग्राम मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले तीनों जिलों नामतः गुरुग्राम, रेवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ जिलों से समूहों में काफी संख्या में लोग आयोग को अपने सुझाव देने पहुंचे। जन्माष्टमी का पर्व होने के बावजूद गुरुग्राम मंडल के तीनों जिलों से काफी संख्या में लोग जनसुनवाई में समूहों में आए और उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग को 25 ज्ञापन दिए। आयोग के अध्यक्ष पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दर्शन सिंह ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम आपके पास आपके सुझाव लेने आए हैं कि पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के लोगों को किस अनुपात में आरक्षण दिया जाए।

उन्होंने कहा कि आप अपने उपयोगी सुझाव दें और यदि कोई डाटा हो तो वह भी आयोग को उपलब्ध करवाएं जोकि सिफारिशें देने में आयोग के लिए बड़ा मददगार होगा। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के अलावा आयोग ने ई-मेल के माध्यम से भी इस विषय में आम जनता से सुझाव प्राप्त किए हैं।इससे पहले पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सचिव एवं कुरुक्षेत्र जिला के उपायुक्त मुकुल कुमार ने आयोग के चेयरमैन तथा सभी सदस्यों का परिचय करवाया और बताया कि आयोग द्वारा 3 दिनों में मंडल मुख्यालयों पर दो-दो पब्लिक हियरिंग करके आम जनता से सुझाव प्राप्त किए जा रहे हैं। इस पब्लिक हियरिंग अर्थात जनसुनवाई का उद्देश्य यही है कि पंचायती राज संस्थाओं में किस अनुपात में पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण दिया जाना चाहिए, इसके बारे में आम जनता से सुझाव प्राप्त किए जाएं। सुझाव मिलने के बाद यह आयोग राज्य सरकार को इस विषय पर अपनी रिकमेंडेशन अर्थात सिफारिशें भेजेगा। जनसुनवाई में आयोग के चेयरमैन के अलावा सदस्य श्याम सिंह जांगड़ा, डॉक्टर एस के गक्खड़, सदस्य सचिव मुकुल कुमार, महेंद्रगढ़ के डीसी डॉक्टर जे के आभीर, गुरुग्राम के डीसी निशांत कुमार यादव, रेवाड़ी के एडीसी स्वप्निल पाटिल, गुरुग्राम में नियुक्त चीफ प्रोटोकोल ऑफीसर वत्सल वशिष्ठ, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकंद, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान भी उपस्थित थे।आयोग द्वारा जन सुनवाई के लिए पब्लिक नोटिस जारी किया गया था जिसके अनुसार आज प्रातः फरीदाबाद मंडल में जन सुनवाई की गई और दोपहर बाद गुरुग्राम मंडल के जिलों के लिए गुरुग्राम में जन सुनवाई हुई। अब 20 अगस्त को प्रात काल के सत्र में प्रातः 10 बजे से रोहतक मंडल के जिलों की जनसुनवाई रोहतक में होगी जबकि शाम 3 बजे हिसार मंडल के जिलों की जनसुनवाई हिसार के लघु सचिवालय में आयोजित की जाएगी।

जाति का झगड़ा ही खत्म होना चाहिए : रेखा यादव

गुरुग्राम से ही आई रेखा यादव ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जाति का झगड़ा ही खत्म होना चाहिए तो रेवाड़ी से आए अनिल कुमार ने कहा कि क्वांटीफाई एबल डाटा अर्थात जाति की जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का अनुपात तय हो। गुरुग्राम से आए अजीत सिंह ने कहा कि अबकी बार राज्य सरकार पुराने पैटर्न पर ही पंचायत चुनाव कराए और उसके बाद जातियों का सर्वे करवाकर आरक्षण का अनुपात तय करके अगले चुनाव में उसे लागू करे क्योंकि अभी समय ज्यादा लग जायेगा जबकि चुनाव में पहले ही देर हो चुकी है जिससे ग्रामीण विकास प्रभावित हो रहा है।

दुष्यंत चौटाला ने शौर्य चक्र विजेता मेजर अमित दहिया को दी बधाई

टीडीआई सिटी में मेजर अमित दहिया के सम्मान में आयोजित किया गया समारोह

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई (सोनीपत), 19 अगस्त। हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शौर्य चक्र विजेता मेजर अमित दहिया को बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के जवान बोर्डर पर खड़े रहकर हमें सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। हमारी सेना की बदौलत हम खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। युवाओं के लिए वे प्रेरणा का काम कर रहे हैं।

जीटी रोड स्थित टीडीआई सिटी में शुक्रवार को मेजर अमित दहिया का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शामिल हुए। गौरतलब है कि हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा मेजर अमित दहिया को शौर्य चक्र से सुशोभित किया गया। इससे उनके परिजनों व मित्रों में भी खुशी की लहर दौड़ रही है।

इस दौरान सांसद रमेश कौशिक ने मेजर अमित दहिया को बधाई देते हुए कहा कि मेजर अमित ने अदम्य साहस का परिचय दिया है, जिसके लिए उन्हें यह पुरस्कार मिला है। वे युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत के रूप में सामने आये हैं। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा रखना चाहिए।

राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली ने मेजर अमित दहिया को शौर्य चक्र से विभूषित किये जाने पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हर युवा में देशभक्ति का जज्बा होना चाहिए। सेना के जवानों से उन्हें प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर नगर निगम के आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने भी मेजर अमित दहिया को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेजर अमित युवाओं के लिए आदर्श के रूप में सामने आये हैं।

इस मौके पर मेजर अमित दहिया के परिजनों व मित्रों सहित अजीत आंतिल तथा सुमित राणा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

राजस्थान में 7 साल के मासूम की हत्या लोकतंत्र की हत्या: जसवीर दोदवा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 19 अगस्त। देश के सामंतवादी मूल्यों की रक्षा में अग्रणी राजस्थान से एक दलित बच्चे की खौफनाक पिटाई के बाद मौत की दारुण खबर आ रही है। आजादी का अमृतकाल मनाते समाज में बच्चे का कसूर यह था कि वह इस तथ्य से अनजान था कि कथित तौर नीची जात में जन्म लेने के कारण ऊंची जात के शिक्षक की मटकी का पानी पीना उसका हक् में शामिल नहीं था। रोंगटे खड़े कर देने वाली यह घटना 20 जुलाई की है। करीब तीन सप्ताह से अधिक समय तक आधा दर्जन से अधिक अस्पतालों में इलाज कराने के बाद स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ से दो दिन पूर्व इस बच्चे की मौत हो गई। घटना राजस्थान के जालौर जनपद की सायला तहसील के सुराणा इलाके की है। जहां मेघवाल नाम की दलित जाति के देवाराम पुत्र पोलाराम का बेटा इन्द्र कुमार सुराणा के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में कक्षा तीसरी का छात्र है। हर रोज की तरह इन्द्र कुमार 22 जुलाई को स्कूल पढ़ने के लिए गया था। इस दौरान इन्द्र कुमार को जब पीने के पानी की प्यास लगी तो उसने स्कूल में रखी पानी पीने की मटकी से पानी निकालकर पानी पी लिया। इन्द्र कुमार नादान होने से उसे यह पता नहीं था कि वह मटकी स्वर्ण जाति के अध्यापक छैलसिंह के लिए अलग से रखी हुई थी। अध्यापक छैलसिंह को जब उसकी मटकी से इंद्र के पानी पीने की बात पता चली तो वह बच्चे पर आगबबूला हो गया। गुस्से में तमतमाए छैलसिंह ने आव देखा न ताव। मुंह से गंदी गंदी जातिवादी गालियां देते हुए वह वहशी दरिंदे की तरह सात वर्षीय बालक पर टूट पड़ा। बेरहमी से हुई बच्चे की इस पिटाई की वजह से बच्चे के दिमागी नस पर चोट लग गयी। मास्टर ने उसकी एक आंख भी फोड़ डाली। हाथ पैर सुन्न होने के साथ ही बच्चे को बहुत ज्यादा आंतरिक चोटे आई। लहूलहान हालत में घर पहुंचे बच्चे की हालत देखकर परिजनों के रोंगटे खड़े हो गए। बच्चे को डॉक्टर्स से दवाई दिलाई गई लेकिन जब उससे कुछ लाभ नहीं हुआ तो बच्चे को पहले एक अस्पताल और फिर दूसरे अस्पताल में दिखाते हुए परिजनों ने आधा दर्जन से अधिक अस्पतालों में अपने बच्चे का इलाज कराया। लेकिन अंततः बच्चे ने 13 अगस्त की सुबह दस बजे दम तोड़ दिया। जसवीर दोदवा ने इस निर्मम हत्या की निंदा करते हुवे कहा कि मासूम की अध्यापक के मटके से पानी लेने पर निर्मम हत्या की गई। वह बहुत ही दुख दायक है।इससे पूरे देश में बहुत रोष है ।हम राजस्थान सरकार से मांग करते हैं कि जल्दी से जल्दी मासूम के कातिलों को फांसी की सजा दी जाए। जिससे समाज में एक संदेश जाए व देश मे शांति का माहौल स्थापित हो, दोदवा ने कहा कि सरकार की तरफ से परिवार को आर्थिक सहायता भी दी जानी चाइए।

अवैध पिस्तौल के साथ भोगीपूर गांव का अजय गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर, 19 अगस्त। पुलिस ने अवैध हथियार की घटना में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफ्तार आरोपी अजय भोगीपुर राजलू का रहने वाला है। थाना गन्नौर में एएसआई विकास पुलिस टीम के साथ अपराधियों की खोज में वसंत विहार, गन्नौर की सीमा में मौजूद था कि एक युवक संदिग्ध अवस्था में घुमता हुआ दिखाई दिया। जिसको पकड़कर उसकी तलाशी ली तो तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी पिस्तौल मिला। गिरफतार आरोपी के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम के मामला दर्ज किया गया। गिरफतार आरोपी ने पूछताछ करने पर बताया कि उसने अवैध हथियार को अपने दोस्त अतेंदर उर्फ चुन्नू निवासी किलोहड़द से दो साल पहले यारी दोस्ती में लिया था। आरोपीत को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

राजीव जैन ने जन्माष्टमी पर दर्जनों से ज्यादा धार्मिक कार्यक्रम में लिया भाग

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 19 अगस्त। कर्म योग के आदर्श प्रतिष्ठापक भगवान श्री कृष्ण एक भक्त के लिए भगवान के साथ-साथ गुरु भी हैं जो अपनी लीलाओं से जीवन जीने की कला सिखाते हैं, विविध प्रकार के विशेषताओं के कारण ही उन्हें भारतीय संस्कृति का महानायक कहा जाता है।

उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने जन्माष्टमी के अवसर पर एक दर्जन से ज्यादा धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेते हुए व्यक्त किए। मुख्य कार्यक्रम पुराना शहर स्थित प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना के बाद ठाकुर जी को रथ में सवार करके शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण करवाया गया। कार्यक्रम में भगवान की लीलाओं से जुड़ी झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन तथा राजीव जैन ने माता चिंतपूर्णी मंदिर, भूरे बाबा मंदिर, श्री राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला, देव नगर, बाबा धाम, आठ मरला मंदिर, एटलस रोड मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर कोर्ट परिसर, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर जीवन विहार एक्सटेंशन में पहुंच कर श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण के जन्म की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण राजनीति में ज्ञाता थे, दर्शन के प्रकांड पंडित थे और धार्मिक जगत का नेतृत्व करते हुए ज्ञान, कर्म, भक्ति का धार्मिक साम्राज्य स्थापित किया इसलिए उन्हें युवा अवतार की संज्ञा दी जाती है। उन्होंने कहा कि महान क्रांतिकारी नायक के रूप में गीता का संदेश कर्म और सांख्य योग का वाहक हैं।

डीएसपी व एसएचओ से मिले हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल व नया बाजार के व्यापारी

चोरियों, आपराधिक घटनाओं व नशा सप्लायर पर अंकुश लगाने की उठाई मांग

अर्थ प्रकाश/सुरेश

टोहाना 19 अगस्त। हरियाण प्रदेश व्यापार मंडल एवं नया बाजार के दुकानदारों का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल प्रधान राजेन्द्र ठकराल के नेतृत्व में डीएसपी जाकिर हुसैन व थाना प्रभारी राजपाल सिंह से मिले। हरियाण प्रदेश व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों ने शहर में बढ़ रहीं चोरियों, अपराधिक घटनाओं व नशे के कारोबार के प्रति चिंता व्यक्त की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि नशे के कारोबार के कारण ही शहर में अपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। नशा पूर्ति के लिए असामाजिक तत्व चोरी, छीना

झपटी, लूटपाट जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जिससे व्यापारी व दुकानदार भय के माहौल में जी रहे। इतना ही नहीं बल्कि शहर के रिहायशी ऐरिया में भी लोग चोरी की घटनाओं से डरे हुए हैं। ऐसे अपराधी पुलिस से बेखौफ होकर दिन दहाड़े चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जो कि बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है। व्यापारियों ने पुलिस से मांग की है कि जल्द से जल्द अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। इससे पूर्व नशा सप्लायर पर अंकुश लगाने की सख्त जरूरत है।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल ने इसे ही अपनी मुख्य मांग बताया। इस पर पुलिस अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही नई कार्य प्रणाली के तहत अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने का कार्रवाई शुरू की जाएगी। पुलिस प्रशासन की ओर से शहर के संवेदनशील प्वाईट पर रात के समय दो पुलिस कर्मचारियों तैनाती की जाएगी। जिससे रात के समय पुलिस की चौकसी बनी रहे। इस मौके पर औंकार गर्ग, पोला सिंगला, राजेंद्र बब्बी, पवन वधवा, प्रवीण गोयल, दीपक नैन, राकेश बंसल, धीरज सिंगला, राजन असीजा, राज वर्मा, संदीप नैन, अनिल गिल मौजूद रहे।

न्यूज़ ब्रीफ

जो देवताओं की पूजा करता है देवलोक को जाता है: गोपाल दास

कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)। साक्षी गोपाल दास प्रभु जी (अध्यक्ष इस्कॉन मंदिर धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र)प्रभु जी ने बताया कि जो इस भौतिक संसार में जन्म लेता है वह 7 प्रकार के कष्टों से नहीं बच सकता। प्रभुपाद जी कहते हैं कि यह जो भौतिक शरीर है वह बध है प्रकृति के तीनों गुणों से बंधा हुआ है रजोगुण तमोगुण सतोगुण लेकिन जो भगवान श्रीकृष्ण जी है वे इन सब से मुक्त है। जो भक्ति योग स्वीकार करता है उस जीव को प्रगति के तीनों गुणा से मुक्ति मिल जाती है। जो देवताओं की पूजा करता है देवलोक को जाता है जो पितरों की पूजा करता है वह पितृ लोक को जाता है और जो भूतों की पूजा करता है वह भूत लोक को जाता है और भगवान श्री कृष्ण जी अर्जुन को कहते है कि जो मेरी पूजा करता है मैं सीधा मेरे धाम बैकुंठ को जाता हूं जहां से फिर दोबारा लौटा नहीं पड़ता है इस भौतिक संसार में। मेरे धाम को मेरी अनन्य भक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है जो मेरी भक्ति नहीं करता उनके सामने मैं मृत्यु बन कर आता हूं और उनसे सब कुछ हर लेता हूं। भगवान कहते है मृत्यु भी मैं ही हूं और जो मेरी भक्ति करते हैं मैं स्वयं उन्हें लेने आता हूं या अपने दूतों को भेजता हूं। प्रभुपाद जी कहते है कि जो यह मनुष्य जीवन है मिला है अपने आप को शुद्ध करने के लिए मिला है मनुष्य योनि में हम भगवान की भक्ति, भजन कर सकते हैं।

कुरुक्षेत्र में 736183 लोगों की रिपोर्ट आई नेगेटिव

कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद)। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अब तक कुरुक्षेत्र में 7 लाख 36 हजार 183 लोगों की कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। कुरुक्षेत्र में अब तक 27236 कोविड मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और कुरुक्षेत्र में अब कोविड पॉजिटिव 43 मरीज एक्टिव है। जिले में ओमिक्रोन वेरिएंट के 158 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए है, जिनमें से 105 मामले अभी तक सामने आए थे। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अभी तक लिए गए 763987 में से 736183 सैंपलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। इस प्रकार जिले में अलग-अलग स्थानों से कुल 232 कोविड के सैंपल लिए गए है जिसमें आरटी पीसीआर के 119, रैपिड एंटीजन के 113 सैंपल शामिल है। इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी रेट 98.39 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट 3.62 पर है। इस प्रकार अब जिले में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 43 है। वीरवार को 8 व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आई है और 18 मरीज को रिकवर होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इस प्रकार अब तक 27682 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है और अब तक 27236 मरीज ठीक होकर घर जा चुके है तथा अब तक कोरोना पॉजिटिव 403 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। कोविड पॉजिटिव 39 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है और 4 मरीजों को अस्पताल में रखा गया है।

संगठन की मजबूती के लिए 'आप' ने की बैठक

कलायत (अप्रस/सुनील जागलान)। कलायत स्थित डा.भीम राव अंबेडकर भवन परिसर में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी की बैठक हुई। इसमें प्रदेश संगठन सचिव अनुराग ढांडा, प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण प्रभाकर गौड, सह संगठन मंत्री सुखवीर वहल, जोन अध्यक्ष वित्त सर्वार, सचिव योगेश्वर शर्मा, हरियाणा यूथ विंग उपाध्यक्ष जस्सी राणा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुरड़, विधानसभा उपाध्यक्ष जोगेंद्र यादव, संगठन मंत्री डा.सुनील, सतपाल बेदी, अमित कुमार, चेतन, शमशेर सिंह और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के कोरों लेकर व्यापक विमर्श किया। उन्होंने कहा कि पार्टी संस्थापक दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम जन के सुझाव से ऐसी नीतियां तय की है जिससे सभी वर्गों को आगे बढ़ने के अवसर मिलने तय हैं। बुनियादी सुविधाओं के ढांचे को मजबूत करते हुए बेहतर सुविधाएं देने के पक्ष में आम आदमी पार्टी रही है। दिल्ली में जो विकास एवं कल्याकारी कार्य करवाए जा रहे हैं वह आप पार्टी की कुशल कार्यशैली का उदाहरण है।

एमडीएन स्कूल के विद्यार्थियों पर चढ़ा रहा कन्हैया का रंग

कलायत (अप्रस)। कलायत में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर एमडीएन स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं पर श्री कृष्ण का रंग चढ़ रहा। कोई श्री कृष्ण बना था तो कोई राधा और कोई गोपी। संस्थान निदेशक डा.विजय कांसल ने कहा कि पर्व हमेशा से मानव जीवन में रचे बसे है। इसलिए इनको उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान हमेशा इस प्रयास में रहा है कि विद्यार्थियों को संस्कारों और संस्कृति का बोध करवाते हुए शिक्षित बनाए जाए। क्योंकि जब तक संस्कार नहीं होंगे तब तक शिक्षा अधूरी है। इसलिए पर्वो और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आदर्श जीवन का संदेश देते हुए पढ़ाई-लिखाई के प्रति प्रेरित किया जाता है। उन्होंने प्रबंध समिति और शिक्षकों के साथ बालकारों का उत्साहवर्धन किया।

जन्माष्टमी महोत्सव मनाया

पिहोवा (अप्रस/पौल्स्त्य)। सरस्वती तट पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया ।मंदिरों में विशेष प्रकाश व्यवस्था साजसज्जा के साथ झूले सजाए गए ।अनेक स्थानों पर लोगों नेश्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। सरस्वती तट पर भगवान कृष्ण के जन्म से संबंधित सुंदर-सुंदर झांकियां दर्शाई गई । श्री कृष्ण युधिष्ठिर मंदिर सरस्वती मंदिर हनुमान मंदिर पृथ्वेश्वर महादेव मन्दिर में कृष्ण भक्तों की भीड़ लगी रही। ब्रह्मयोनि तीर्थ प्राची तीरथ सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित मंदिरों में भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया तथा भजन कीर्तन किए गए। रात्रि के समय लोगों ने मां सरस्वती के पावन पवित्र जल में स्नान करके भगवान श्री कृष्ण की आरती उतारी व चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया। भगवान श्री कृष्ण के झूले लोगों ने अपने घरों में भी डालें। नन्हे नन्हे बच्चों को राधा कृष्ण के भेष में सजा कर उनके परिजन मंदिरों में लेकर आए ।ब्रह्मी स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में सरस्वती मंदिर से कृष्ण कृपा मंदिर मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। रात्रि भर भजन कीर्तन प्रवचन किये गए

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

पिहोवा (अप्रस)। गुहला रोड पर स्थित गढ़ी लांगरी गांव में एक कार व डंपर की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वही एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गढ़ी लांगरी गांव के पास डंपर व अल्टो कार में टक्कर हो गई है। सूचना मिलते ही वह तुरंत मौके पर पहुंचे ।यहां पर उन्होंने गंभीर रूप से घायल कार सवारों को अस्पताल में भेजा ।यहां लतीफ अली भूसला निवासी की मौत हो गई जबकि भूसला निवासी इमरान ककराला निवासी मीनू चीका निवासी सोहन व हरप्रीत निवासी खाड़ागीर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया ।डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करके डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी।

व्यक्ति न कुछ साथ लेकर आया और न साथ लेकर जाएगा: डीपी वत्स

भिवानी (अप्रस)। हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में 21 दिवसीय कार्यक्रम के तहत जन्माष्टमी पर्व नंद उत्सव का आज दूसरा दिन रहा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉक्टर डीपी वत्स पहुंचे, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का पालना झूला कर 21 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशेष सानिध्य बाल योगी महंत चरण दास महाराज का रहा। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डीपी वत्स ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण धरा पर एक अवतार बनकर आए थे, हमें उनके जीवन से और उनकी लीलाओं से जीवन में आगे बढ़ने व देश को मजबूत करने की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के माध्यम से अनेक प्रकार के उपदेश दिए हैं और गीता के माध्यम से केवल देश को ही नहीं बल्कि दुनिया को शिक्षा देने का काम किया है।

यमुना के साथ अंबाला से दिल्ली तक बनेगा ग्रीन फील्ड हाईवे : डिप्टी सीएम

■ सोनीपत को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की सौगात, 16 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत/चंडीगढ़, 19 अगस्त। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यमुना के साथ दिल्ली से अंबाला तक ग्रीन फील्ड हाईवे बनाया जाएगा और इसके निर्माण से दिल्ली-अंबाला मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। वे शुक्रवार को सोनीपत में लोक निर्माण विभाग की करीब 87 करोड़ रुपए की लागत की 16 विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों की मजबूती की ओर विशेष ध्यान देना जरूरी है क्योंकि रोड इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि हरित व सफेद क्रांतियों की भांति अब हरियाणा में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने सड़कों की सभी मांगों को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में दिल्ली से यमुना के साथ अंबाला तक ग्रीन हाईवे का निर्माण किया जाएगा और जिससे प्रमुख हाईवे मार्ग पर ट्रैफिक कम होगा।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सड़कों का निर्माण इस प्रकार से करवाया जा रहा है कि जिससे गांवों को भी बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि निरंतर गांवों का दौरा करने पर अनुभव किया गया कि समयानुसार सड़कों के सुधार व विस्तार की आवश्यकता है जिसके चलते सभी विधानसभाओं की सड़कों के सुधारीकरण के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक विधानसभा की सड़कों के सुधार व मजबूती के लिए 25-25 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में 6000 तालाबों को साफ करवाकर जल संरक्षण की शुरुआत की गई है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अगस्त को खरखौदा में लगने वाले मारुति-सुजुकी प्लांट के निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि 800 एकड़ में मारुति व 100 एकड़ में सुजुकी अपने प्लांट में इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण करेगी और इससे देश के विकास के साथ एक्सपोर्ट मार्केट को भी बल मिलेगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गन्नौर के बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में रेल कोच फैक्टरी का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है और गन्नौर में अंतर्राष्ट्रीय बागबानी मंडी को भी गति देने की दिशा में कदम बढ़ाए गए है जो कि ग्लोबल मार्केट से जुड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह विकास परियोजनाएं बेंचमार्क का काम करेंगी।

प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से चुनाव आयोग को लिखित में दिया गया है कि आयोग 30 सितंबर से पहले पंचायत चुनाव करवाएं। उन्होंने कहा कि दो नगरपालिकाएं बास और सिसाय अब ग्राम पंचायत में परिवर्तित हुई है और हेलीमंडी के 12 गांव नगरपरिषद में शामिल होंगे इसलिए यहां वार्ड बंदी दोबारा हो रही है जो कि 30 अगस्त से पहले हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड बंदी का कार्य पूरा होते ही तुरंत आयोग चुनाव करवाएगा।

इससे पहले डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सोनीपत जिले को सौगात देते हुए करीब 87 करोड़ रुपए की लागत की 16 विभिन्न परियोजनाओं

भगवान श्री कृष्ण ने मानवता को गीता का संदेश दिया : दीलीप मिश्रा

■ रघुनाथ मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मना धूमधाम से

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 19 अगस्त। नंद के घर आनंद भयो डोली डंगा पालकी जय कन्हैया लाल की उद्घोष से रघुनाथ मंदिर का परिसर गूंज उठा। यहां पर आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लगभग एक सप्ताह से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। आज जनमाष्टमी पर्व का शुभारंभ सुबह ध्वजारोहण के साथ हुआ। शाम को मनौहारी झांकियों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनियन बैंक आफ इंडिया के डिप्टी जीएम तथा क्षेत्रीय प्रबंधक दीलीप मिश्रा, मेयर रेनू बाला गुप्ता , मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि संजय बठला तथा प्रोपर्टी डीलर राजकुमार थे। मुख्य यूनियन बैंक आफ इंडिया के डिप्टी जीएम तथा क्षेत्रीय प्रबंधक अतिथि दीलीप मिश्रा ने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म अत्याचारों से मानवता को बचाने के लिए हुआ था। भगवान कृष्ण के जीवन का हर पक्ष अनुकरणीय हैं। हमें कर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। इस अवसर पर मेयर रेनुबाला गुप्ता ने कहा कि भगवान कृष्ण ने हरियाणा को गीता के ज्ञान के लिए चुना था। गीता के रास्ते पर चल कर जीवन को सुगम बनाया जा सकता हैं। संजय बठला ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण हैं। भगवान कृष्णका जीवन राष्ट्र और मानवता के लिए समर्पित था। अतिथियों का स्वागत श्री रघुनाथ मंदिर सभा ट्रस्ट के चेयरमैन बलदेव खेत्रपाल, प्रबंधक विनोद खेत्रपाल महासचिव वनीत भाटिया कृष्ण लाल तनेजा ने स्वागत किया। इस अवसर पर भगवान को झूले में झुलाया। इससे पहले अज सुबह ध्वजरोहण राजन अरोड़ा तथा मदनमोहन चौधरी ने किया। इस अवसर पर पार्षद ईश गुलाटी के साथ अन्य अतिथि मौजूद थे। स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कथा विराम के बाद कथा वाचक राधे प्रिया जी को मंदिर कमेटी की तरफ से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रधान विनोद खेतरपाल , सचिव वनीत भाटिया , कृष्ण लाल तनेजा , अमित आहूजा बलदेव खेतरपाल, रमेश मिड्ढ़ा, हरमीत सिंह हैप्पी, नीरज उप्पल, रवि चानना, हितेश अग्रवाल, अरविन्द दत्त, वरुण दत्त आदि मौजूद रहे।

भगवान श्रीकृष्ण मानव इतिहास में मनुष्यता के सबसे बड़े मार्गदर्शक : गौरव पाडला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 19 अगस्त। हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार सदस्य एवं युवा भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण मानव इतिहास में मनुष्यता के सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं। उनका गीता-उपदेश जीवन प्रबंधन का अनुपम ग्रंथ है और उनका व्यक्तित्व-कृतित्व गीता की साकार और प्रेरक कसौटी। यदि हम प्रयास करें तो उनके जीवन से सीख लेकर अपने जीवन को सफल, सार्थक और उन्हीं की भांति यशस्वी बना सकते हैं। संसार की रणभूमि में अपने जीवन की महाभारत में जय के लिए कृष्ण के जीवन सूत्र ही लक्ष्य सिद्धि के कारगर मंत्र हैं। गौरव मित्तल जन्माष्टमी सेवा समिति कैथल द्वारा न्यू पटेल नगर में शिव मंदिर के पीछे गली में 7वें जन्माष्टमी महोत्सव में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित समूह को संबोधित कर रहे थे। गौरव पाडला का कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने फूलों की माला डालकर स्वागत किया। गौरव मित्तल ने लोगों के साथ केक काटकर व भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाते हुए सच्चाई व धर्म के मार्ग पर चलें और हमेशा अधर्म का नाश करें।

स्क्रैप के गोदाम में देर रात लगी भीषण आग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

समालखा, 19 अगस्त। पानीपत के कस्बे समालखा के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक स्क्रैप के गोदाम में वीरवार देर रात भीषण आग लग गई। आग की लपेटे फैक्ट्री के अंदर रखे गत्ते व खाली प्लास्टिक के कट्टों तक पहुंच गई है, जिस वजह से आग और अधिक भड़क गई। आग पर काबू पाने के लिए पानीपत से दमकल की करीब 15 गाड़ियां बुलानी पड़ी। फिलहाल आग को बुझाने का प्रयास जारी है।

फायर ब्रिगेड की लेट लतीफी से आग और अधिक बढ़ गई: गोदाम मालिक सिद्धार्थ के अनुसार वे करनाल के रहने वाले है और समालखा में गोदाम किराए पर लेकर स्क्रेब का काम करते है। रात को गोदाम में सो रहे कर्मचारी ने 2:07 पर फायर ब्रिगेड स्टेशन पर फोन कर और आग लगने की सूचना दी थी। बार-बार फोन करने पर भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर नहीं पहुंची और आग ने रूद्र रूप धारण कर लिया। जिस वजह से गोदाम में पड़ा सारा सामान जलकर राख हो गया।

फायर ब्रिगेड में 2:07 पर कॉल करने के बाद भी 3:15 पर पहली गाड़ी पहुंची। फायर ब्रिगेड की लेट लतीफी के कारण ही इतना बड़ा हादसा हो गया। अगर समय रहते फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच जाती तो आग पर जल्दी काबू पाया जा सकता था। गोदाम मालिक सिद्धार्थ ने बताया कि उनका लगभग 35 लाख का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि फैक्ट्री की आग फैल कर आसपास की फैक्ट्रियों तक नहीं पहुंची वरना हादसा और ज्यादा भयंकर हो सकता था और जान माल का नुकसान अधिक हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार रात को वह सो रहा था अचानक तेज आवाज से वह उठा और देखा की गोदाम में आग लगी हुई थी। आनन फानन में उसने गोदाम मालिक को फोन कर घटना से अवगत करवाया और फायर ब्रिगेड के लिए फोन किया। बार-बार फोन करने के बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर नहीं पहुंची। अगर समय रहते गाड़ी आ जाती तो आग पर काबू पाया जा सकता था। और ज्यादा नुकसान होने से बचाया जा सकता था।

फायर इंस्पेक्टर रमेश्वर सिंह ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। लगभग 7 गाड़ियां आग बुझाने में लगी थी। 6 गाड़ियां पानीपत से आई थी और एक गाड़ी समालखा से आई थी। शुरुआत में पानी की दिक्कत आई थी पर समय रहते पास से ही एक फैक्ट्री से पानी मिल गया था। जिससे जल्दी ही आग पर काबू पा लिया गया था।

करनाल के परमबीर को मिली कनाडा में दो करोड़ की स्कॉलरशिप

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 19 अगस्त। सेंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल करनाल के विद्यार्थी परमबीर सिंह को कनाडा की नम्बर 1 रैंकिंग ओर विश्व में 17वी रैंकिंग प्राप्त यूनिवर्सिटी आफ टोरोंटो से 2 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप मिली है। आज स्कूल प्रिन्सिपल सिस्टर प्रिया थेरेस ने परमबीर सिंह को उसके दादा साधा सिंह, पिता प्रीतपाल सिंह पन्नू व माता मनजीत कौर की उपस्थिति में स्कूल में बुलाकर सम्मानित किया व मिठाई खिलाई। प्रिन्सिपल प्रिया थेरेस ने बताया कि लेस्टर बी पियरसन स्कालरशिप कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री बी पियरसन के नाम पर दी जाती है व हर वर्ष पूरी दुनिया से 37 विद्यार्थियों को इस स्कालरशिप के लिए चयनित किया जाता है। यह स्कालरशिप ऐकेडेमिक मार्क्स, खेल, समाज सेवा आदि में विद्यार्थी की उपलब्धियों के साथ साथ सैट परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर सम्पूर्ण व्यक्तित्व का आँकलन कर दी जाती है। उल्लेखनीय है कि निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू के पुत्र परमबीर सिंह ने सैट परीक्षा में 1600 में से 1530 अंक प्राप्त कर विश्व के टॉप 1 प्रतिशत प्रतिभागियों में अपना स्थान बनाया था। 12वीं परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले परमबीर सिंह का समाज सेवा में भी विशेष योगदान रहा है। करोना काल में भी सेवा कार्य करने वाले परमबीर सिंह ने बाल शोषण व नशाखोरी के खिलाफ़ 22 घंटे लम्बे वेबिनार का भी आयोजन किया था जिसे वर्ल्ड बुक आफ रिकोर्ड लंदन में शामिल किया गया था। परमबीर स्कूल की ओर से फुटबॉल का खिलाड़ी भी रहा है। इन्ही सब उपलब्धियों का संज्ञान लेते हुए ओर पढ़ाई में लगातार अच्छे प्रदर्शनको देखते हुए परमबीर का विश्व की इस बेहद प्रतिष्ठित स्कालरशिप के लिए चयन किया गया है। अपनी उपलब्धि पर बेहद खुश नज़र आ रहे परमबीर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्कूल, प्रिन्सिपल ओर टीचर्ज़ के साथ साथ अपने माता पिता को दिया ओर कहा कि ये सब परमात्मा की कृपा से ही सम्भव हो पाया है। उसने अन्य विद्यार्थियों को सलाह दी कि अगर वो भी विदेश में पढ़ना चाहते हैं ओर स्कालरशिप हासिल करना चाहते हैं तो ऐकडेमिक में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ साथ समाज सेवा, खेल आदि में भी हिस्सा लें ओर अपने पूरे व्यक्तित्व का निखार करें। परमबीर के दादा साधा सिंह ने गुरबानी की पंक्तियों के आधार पर कहा कि जो भी विद्यार्थी जीवन में आगे बडना चाहता है वो अपने अध्यापकों व माता पिता का सम्मान करे व उनके दिखाए राह पर चले। निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू व उनकी पत्नी मनजीत कौर ने कहा कि वो अपने बेटे की इस उपलब्धि पर बेहद खुश हैं व उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। कॉन्वेंट स्कूल के अध्यापक जसवंत रेढ़ु ने कहा कि यह न केवल स्कूल बल्कि पूरे शहर व प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि परमबीर लेस्टर बी पियरसन स्कालरशिप हासिल करने वाला हरियाणा प्रदेश का पहला विद्यार्थी बना है।

चेयरमैन रणधीर सिंह गोलन ने किए 94 लाख रु से निर्मित विकास कार्यों के उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कैथल, 19 अगस्त। हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को पूरा करके क्षेत्र की तस्वीर बदली जा रही है। ग्रामीण आंचल के सर्वांगिण विकास हेतु अनेकों योजनाओं एवं परियोजनाओं को अमली जामा पहनाया जा रहा है। ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर ही प्रशासनिक सेवाएं देने के दृष्टिगत गांव ज्ञान केंद्र खोले जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को सरकारी कार्य हेतु मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ें। इसके साथ-साथ आम जन से जुड़े जो भी विकास कार्य हैं, उन्हें पूरा किया जा रहा है ताकि संबंधित क्षेत्र के लोगों को उसका सीधा लाभ पहुंच सके। हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं पूंडरी के विधायक रणधीर सिंह गोलन गांव टीक में करीब 27 लाख रुपये से बने गांव ज्ञान केंद्र के उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे। चेयरमैन ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गांव फरल में लगभग 18 लाख रुपये से, म्योली लगभग साढे 9 लाख रुपये, कौल तथा पबनावा में लगभग 20-20 लाख रुपये से बने रास्तों का भी उद्घाटन किया। चेयरमैन रणधीर सिंह गोलन ने गांव म्योली में 17 लाख रुपये की राशि गुगा मैड़ी के लिए तथा 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नाला के लिए मंजूर किए। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं रहने दी जाएगी। गांव का विकास शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है। सभी गलियां, नालियां व अन्य विकास कार्य पूरे करके एक नई ईबारत लिखने का काम किया जा रहा है।

100 से 1000 किलोवाट के उपभोक्ताओं के लिए किया एनर्जी ऑडिट अनिवार्य : मुकुल

अर्थ प्रकाश/अरविंद

कुरुक्षेत्र, 19 अगस्त। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 100 किलोवाट से 1000 किलो वाट के उपभोक्ताओं के लिए एनर्जी ऑडिट करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे सरकारी भवन जिनका बिजली का कनेक्टेड लोड 100 किलोवाट से ज्यादा है और उनका एनर्जी ऑडिट करवाते है तो उन्हें विभाग की ओर से शत प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा अर्थात सरकारी भवनों का एनर्जी ऑडिट बिल्कुल निशुल्क होगा।

उन्होंने कहा कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं द्वारा एनर्जी ऑडिट करवाने के लिए अभियान चलाया गया है। बिल्डिंग का एनर्जी ऑडिट करवाने से हमे यह जानकारी प्राप्त हो जाती है कि हमें ऐसे क्या उपाय करने चाहिए जिससे कि हम बिजली की ज्यादा से ज्यादा बचत कर सकें। एनर्जी ऑडिट करवाने से यह भी जानकारी मिलती है कि हमारी बिजली कहां पर आवश्यकता से ज्यादा खर्च हो रही है।

उन्होंने कहा कि सरकारी बिल्डिंगों के अलावा अन्य कोई उपभोक्ता जिनका बिजली का कनेक्टेड लोड 100 किलोवाट से ज्यादा है और वे अपनी बिल्डिंग का एनर्जी ऑडिट करवाना चाहते हैं तो उन्हें सरकार की ओर से 50 प्रतिशत और अधिकतम 50000 रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। उन सभी बिल्डिंग उपभोक्ताओं जिनका कनेक्टेड लोड 100 किलो वाट से 1000 किलोवाट है उनसे अनुरोध है कि वे अपने-अपने भवनों का एनर्जी ऑडिट करवाने के लिए, जिला स्तर पर लघु सचिवालय स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी अक्षय ऊर्जा विभाग से सम्पर्क स्थापित करें ताकि उनकी बिल्डिंगों का एनर्जी ऑडिट करवाया जा सके।

जानकारी

घबराहट नहीं चौकसी की ज़रूरत, पशुपालन मंत्री से किया विमर्श

प्रभावित जिलों में लंपी के बचाव को टीकाकरण शुरू: डॉ. चौहान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

करनाल, 19 अगस्त। राज्य के पशुपालन विभाग ने गोवंश में हो रहे लंपी संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए कमर कस ली है। प्रभावित ज़िलों में बचाव व रोकथाम के लिए इस्तेमाल होने वाली वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई है। हरियाणा ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने राज्य गऊ के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जे.पी. दलाल से इस संबंध में विमर्श के उपरांत एक कार्यक्रम में यहाँ इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने करनाल के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. तरसेम राणा के साथ पशुपालकों से ज़मीनी स्थिति की जानकारी भी हासिल की। डॉ. चौहान ने कहा कि एक खास किस्म के वायरस से गोवंश में फैल रही लंपी स्किन डिजीज एक संक्रामक रोग है। थोड़ी सी सावधानी और घरेलू उपचार से इस बीमारी से पशुओं को बचाया जा सकता है। इस बीमारी में मृत्यु दर अत्यंत कम है, इसलिए घबराने की नहीं, सिर्फ सावधानी बरतने की ज़रूरत है। राज्य सरकार ने इस बीमारी की रोकथाम के लिए वैक्सीन खरीद कर प्रभावित जिलों में भिजवानी शुरू कर दी है। डॉ. वीरेंद्र सिंह 'चौहान रेडियो कार्यक्रम 'ग्रामोदय लाइव' में पशु चिकित्सक डॉ. तरसेम राणा से इस बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा कर रहे थे।

डॉ. चौहान ने कहा कि लंपी स्किन डिजीज पर केंद्र और राज्य सरकारें गंभीर हैं। इस संबंध में केंद्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने हरियाणा के पशुपालन मंत्री जे.पी. दलाल के साथ विस्तृत बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बीमारी से निपटने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई है। राज्य सरकार ने वैक्सीन की खरीद कर ली है। कई स्थानों पर वैक्सीन पहुंच भी गई है, लेकिन ध्यान देने लायक बात यह है कि इस बीमारी की खास वैक्सीन अब तक तैयार नहीं हो पाई है। फिलहाल अन्य बीमारियों में कारगर वैक्सीन का ही इस वायरल संक्रमण में भी ट्रायल किया जा रहा है। संक्रमण के हर मामले में वैक्सीन की जरूरत है भी नहीं। घरेलू उपचार से भी इस बीमारी से निपटा जा सकता है।

वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. तरसेम राणा ने बताया कि हरियाणा में यह संक्रमण पहली बार फैला है और अब करनाल जिले के लगभग सभी क्षेत्रों में इस बीमारी के मामले सामने आ चुके है। दक्षिण से फैलने वाली यह बीमारी राजस्थान से होते हुए हरियाणा तक पहुंची है। उन्होंने बताया कि लंपी वायरस छुआछूत और मक्खी-मच्छर से भी फैलता है। इस बीमारी में पशुओं को 104-105 डिग्री तक बुखार आ जाता है, त्वचा ढीली हो जाती है और उस पर चकत्ते बन जाते है। उसमें घाव भी हो जाते है। डॉ. तरसेम ने बताया कि किसी भी गोवंश को यदि तेज बुखार हो जाए, और संक्रमण के अन्य लक्षण दिखें, तो सर्वप्रथम उसे अन्य पशुओं से तत्काल अलग कर दें। इसके बाद 10 लीटर पानी में 100 ग्राम फिटकरी के पाउडर और नीम के पत्तों को डालकर उबाल लें। इस उबले पानी का संक्रमित पशुओं पर दिन में तीन से चार बार रोज स्प्रे करना चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

क्षेत्र में रहीं जन्माष्टमी की धूम

रादौर (अप्रस)। क्षेत्र में जन्माष्टमी पर्व की धूम रही। श्रद्धालु रात्रि के समय मंदिरों में पहुंचे और वहां आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। श्री दंडी स्वामी आश्रम नागेश्वर धाम पक्का घाट मंदिर में जन्माष्टमी पर्व व शंकराचार्य स्वामी महेशाश्रम महाराज के अवतरण दिवस की धूम रही। इस दौरान सुंदर झांकिया भी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने कृष्ण जन्म पर जमकर नृत्य किया और महेशाश्रम महाराज के अवतरण दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम के संचालक धनंजय स्वरुप ब्रह्मचारी ने की। उन्होंने बताया कि रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण का विधिवत पंचोपचार पूजन किया गया। वहीं शिव मंदिर अंबेरिया बाग रादौर में भी कृष्ण जन्म धुमधाम से मनाया गया। महंत यमुनागिरी शास्त्री व आचार्य ढुंढ पराशर की अध्यक्षता में कृष्ण जन्म कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कृष्ण जन्म पर श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को बधाई दी। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। उधर युवा ब्राह्मण सभा की ओर से ब्राह्मण धर्मशाला रादौर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया। मौके पर पहुंचे सभा के सदस्यों व अन्य श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण का भक्तिपूर्वक पूजन किया। इस दौरान अनिल शर्मा पम्मी की ओर से प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान सुमित पंडित,गौरव शर्मा, नीरज वशिष्ठ,बिंदु शर्मा, उमेश शर्मा, पवन शर्मा, मुकेश शर्मा, सानवी शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

पशु अस्पताल से सामान चोरी

रादौर (अप्रस)। गांव नाचरौन के पशु अस्पताल से चोरों ने हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया। सुबह जब कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद मामले की सूचना जठलाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने डाक्टर सुनील यादव की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डाक्टर सुनील यादव ने बताया कि वह मेरठ के गांव गाजीपुर का रहने वाला है और पशु अस्पताल नाचरौन में कार्यरत है। पशु अस्पताल में रखवाली के लिए चौकीदार नहीं है। सहायक के तौर पर उसके पास रादौर की शिव कालोनी निवासी प्रदीप सिंह तैनात है। 17 अगस्त की दोपहर करीब 2 बजे वह अस्पताल को बंद कर चले गए थे। 18 अगस्त की सुबह जब वह अस्पताल पहुंचे, तो देखा कि दोनों कमरों के ताले टूटे हुए है। कमरों के रखे सामान की जांच की तो 20 लीटर के 2 एलएनटू सिलेंडर, 3 लीटर का एक 1 एलएनटू सिलेंडर मौके से गायब थे। वहां से एक सीमेन स्ट्रा भी गायब था। जिनकी कीमत करीब 19 हजार 890 रूपए है।

जन्माष्टमी के पावन पर्व पर निकाली शोभायात्रा

मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)। जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष में दोसड़का में अद्वैत स्वरूप संयास आश्रम में शोभायात्रा में मोनिका कालरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर यात्रा को रवाना करने का ठाकुर जी की असीम अनुकंपा से यह सौभाग्य प्राप्त हुआ ग्रामीणों ने बहुत बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ में हिस्सा लिया मंदिर कमेटी के सदस्य श्री एस पी एन मिश्रा जी नीरू दीदी अनिल शर्मा जी अशोक जी व अन्य ग्रामीण जन उत्साह पूर्वक शोभायात्रा में शामिल हुए। राधा कृष्ण के स्वरूप में बच्चे झांकियां प्रस्तुत करने के लिए शोभायात्रा में शामिल हुए यह पावन पर्व हर वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

खरखड़ी में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का शिलान्यास कल

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र खरखड़ी का शिलान्यास
- पशुविज्ञान केंद्र बहल का भी शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल 21 अगस्त को भिवानी के खरखड़ी में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का शिलान्यास करेंगे तथा बागवानी फसलों पर आयोजित होने वाली संगोष्ठी में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के हरियाणा पशुविज्ञान केंद्र बहल का भी शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल, सांसद श्री धर्मबीर सिंह तथा महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद रहेंगे।

क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र खरखड़ी में बागवानी उत्पादन से संबंधित सभी विषयों पर अनुसंधान कार्य होगा जिसमें देश व विदेश की सभी जगहों पर उपलब्ध फलों, सब्जियों, औषधीय और सुगंधित पौधों, मसालों आदि की किस्मों का संग्रह भी शामिल होगा। फलों, सब्जियों, औषधीय व सुगंधित पौधों, मसालों आदि की उन्नत व संकर किस्मों का विकास जो कीटों और रोगों के प्रतिरोधी हों, पर कार्य होगा। यह क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र दक्षिण हरियाणा की बागवानी की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा तथा किसान यहां से तकनीकी ज्ञान ले कर अपनी आय को दोगुनी कर सकेंगे। यहां पर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधे व बीज उपलब्ध होंगे तथा औषधीय पौधों पर विशेष कार्य किया जायेगा।

पशुविज्ञान केंद्र बहल पशुओं में शल्य चिकित्सा, प्रसूतिशास्त्र के मामलों को संभालने में सक्षम होगा। इस केंद्र पर पशुओं के एक्सरे की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस केंद्र में पशुओं की डायग्नोस्टिक लैब भी होगी जो बिमारियों से ग्रसित पशुओं के विभिन्न प्रकार के सैम्पलों का निरक्षण करेगी। यह पशु विज्ञान केंद्र लाभदायक पशुधन खेती के लिए नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी के प्रशिक्षण और प्रदर्शन केंद्र के रूप में भी काम करेगा।

परिवहन मंत्री ने हरियाणा रोडवेज की बस का किया औचक निरीक्षण

- परिवहन मंत्री ने दिए निर्देश-चालक और परिचालक यात्रियों की सुविधाओं का रखे पूरा ख्याल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को कुंडली- गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर हरियाणा रोडवेज की बस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों की बस टिकट चैक की और उनसे रोडवेज से जुड़ी दिक्कत-परेशानी को भी जाना। इसके पश्चात परिवहन मंत्री ने चालक और परिचालक को यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल रखने के निर्देश दिए।

श्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को केजीपी एक्सप्रैस-वे से हरियाणा रोडवेज के रोहतक डिपो की बस उत्तर प्रदेश के रामनगर जा रही थी। बस को उन्होंने रोककर यात्रियों की टिकट चैक की। यात्रियों से हरियाणा रोडवेज की सुविधाओं के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि हरियाणा रोडवेज गरीब आदमी का जहाज है। आज देशभर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में हरियाणा रोडवेज की धाक है। हरियाणा रोडवेज में आए दिन बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं।

परिवहन मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों को हरियाणा रोडवेज के इस रूतबे को बनाकर रखना चाहिए। उन्हें प्रतिदिन सफर करने वाले यात्रियों की सुविधाओं का विशेष रूप से ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा रोडवेज के बेड़े को बढ़ाने जा रही है। इसमें आम बसों के साथ-साथ जल्द ही 550 इलेक्ट्रिक बसों को भी शामिल किया जाएगा।

प्राइवेट बस और वैन की टक्कर में फौजी की मौत, महिला गंभीर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कैथल, 19 अगस्त। यहां जींद रोड बाईपास के नजदीक एक प्राइवेट बस और वैन की टक्कर में एक फौजी की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार वैन नंबर एचआर 11एल-2251 तितरम मोड़ से कैथल की तरफ आ रही थी और एक प्राइवेट बस नंबर एचआर64-7781 कैथल से तितरम मोड़ की तरफ जा रही थी। जब ये दोनों वाहन एसआर पैट्रोल पंप के पास पहुंचे तो दोनों में आमने सामने की टक्कर हो गई। इस टक्कर में वैन में सवार 27 वर्षीय फौजी गुरमीत सिंह निवासी गांव मखंड जिला जींद की मौत हो गई। गुरमीत सिंह इन दिनों गुवाहाटी में तैनात था और छुट्टी से लेकर घर आया हुआ था। वह आज कैथल में पुलिस में तैनात अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए आया था व कल उसे वापस ड्यूटी पर गुवाहाटी जाना था। इस दुर्घटना में वैन में सवार गुरमीत सिंह की चाची नीलम देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन के परखचे उड़ गए। सारी घटना वहां लगे एक सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आई और कार्रवाई शुरू की। घटना की सूचना फौजी के परिवार को दे दी गई है। गुरमीत अपने पीछे परिवार में पत्नी और एक बेटी छोड़ गया है। फौजी के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम के लिए कैथल के सरकारी अस्पताल में लाया गया है।

अंबाला से लखीमपुरी धरने के लिए सैकड़ों किसान हुए रवाना

अंबाला छावनी (अप्रस)। विभिन्न मांगो को लेकर अंबाला से सैकडों किसान यूपी के लखीमपुर में रवाना हुए किसान नेता विजेन्द्र सिंह कंबोज,गुरमी सिंह माजरी जिला प्रधान, भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह, जय सिंह जलबेडा, परविन्द्र सिंह ने बताया कि किसान लंबे समय से अपने अधिकारों की लडाई के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा यूपी सहित देश के कई राज्यों में 75 घंटे का धरना प्रदर्शन करेगा। संयुक्त मोर्चे की ओर से स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लखीमपुर खीरी में 18 अगस्त से 20 अगस्त तक संयुक्त रूप से धरना दे रहा है। इस दौरान केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग भी की जाएगी। संयुक्त मोर्चा की ओर से मोर्चा की तरफ से यूपी सूबे के सभी जिलों और पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित अन्य राज्यों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चे की मांग है कि लखीमपुर खीरी हिंसा के मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त किया जाए। लखीमपुर खीरी में वर्ष 2021 में यानी पिछले साल 3 अक्टूबर को हिंसा के दौरान 4 किसानों सहित 8 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' के पुत्र आशीष मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र 'टेनी' के बेटे आशीष मिश्र उर्फ मोनू की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। किसान नेताओं ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा ने इससे पूर्व लखीमपुर खीरी हिंसा के मामले में सरकार के खिलाफ 18 से 20 अगस्त तक विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया था।

रेलगाडी से महिला के 2 लाख के जेवर व 53 हजार कैश गायब

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अंबाला छावनी, 19 अगस्त। जम्मू रेलगाडी से एक महिला का बैग चुराकर फरार हो गए। महिला अपने पति, सास व बेटी के साथ मां वैष्णो देवी से वापस लौट रही थी। पुरानी दिल्ली स्टेशन पर ट्रेन से उतरते वक्त देखा तो बैग और 50 हजार रुपए गायब थे। जीआरपी अंबाला कैंट ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

वसुंधरा, गाजियाबाद निवासी शालिनी तिवारी ने बताया कि 10 अगस्त को वह अपने परिवार के साथ जम्मू तवी स्टेशन से पुरानी दिल्ली स्टेशन के लिए चली थी। अंबाला स्टेशन पर करीब रात 12.30 बजे चोर उसके उनके हैंड बैग चोरी करके ले गए। बैग में 50 हजार की नकदी, एक मोबाइल, 2 आधार कार्ड, 2 पैन कार्ड, 2 एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस थे। इसके साथ ही उसकी सास के पर्स भी चोरी करके ले गए, जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड व आयुष्मान कार्ड था।

वहीं शताब्दी एक्सप्रेस से भी एक महिला यात्री के 2 लाख के जेवर व 3 हजार रुपए की नकदी चोरी हो गई है। गुरुग्राम निवासी हरप्रीत कौर ने बताया कि वह परिजनों के गत दिवस नई दिल्ली-चंडीगढ़ शताब्दी एक्सप्रेस से चंडीगढ़ जा रही थी, लेकिन चंडीगढ़ पहुंचने से पहले उसका हैंड बैग चोरी हो गया, जिसमें करीब 2 लाख रुपए के जेवर व 3 हजार रुपए नकदी थी। जीआरपी अंबाला पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर की गो वंशजों की सेवा

बेजुबानों की सेवा से मिलती है शांति, जीवन का होता है कल्याण: पुनीत गोल्डी

अर्थ प्रकाश/आरके जैन

यमुनानगर, 19 अगस्त। जैन चैरिटेबल ग्रुप के सौजन्य से निरंतर चलाए जा रहे गऊ वंशज सेवा कार्य में 117 वां कार्यक्रम का आयोजन भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दानी परिवारों के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान अजय ने की तथा संचालन पुनीत गोल्डी जैन व मुकेश जैन ने किया। अजय जैन ने बताया कि कोरोना काल के वक्त हर कोई अपने बारे में सोच रहा था और बहुत से पशु व मूक प्राणी भूख से मरने की कागार पर पहुँच गये थे उस समय इस पुण्य कार्य का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्य को आरम्भ करने का एक ही उद्देश्य यह भी रहा कि युवा पीढ़ी को सेवा कार्यो से जोड़ा जा सके। मूक प्राणियों की सेवा को सबसे बड़ी सेवा कहा जाता है, और यह भी माना जाता है कि इन बेजुबानों की सेवा करने से सभी प्रकार के कष्ट व पीड़ा दूर होती है, क्योंकि मनुष्य अपने दुख-दर्द व जरूरतें कह कर व बता कर पूरी करा लेता है किन्तु बेजुबान पशु अपनी तकलीफ किसी को नहीं बता पाते है। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम अधिक से अधिक सेवा कार्य कर इन प्राणियों की पीड़ा को कम करने का प्रयास करें। पुनीत गोल्डी जैन ने कहा कि चैरिटेबल ग्रुप के द्वारा गऊ वंशजों की सेवा कार्य निरंतर जारी है, इसी श्रृंखला में 117 वां मूकप्राणी सेवा कार्यक्रम का आयोजन चरणदास बंसल व पारस जैन परिवार के सहयोग से गऊशाला प्रांगण में किया गया, जिसमें ग्रुप के सेवा दारों ने गऊ वंशजों की सेवा की और पुण्य कमाया। कार्यक्रम में दानी परिवार द्वारा पशुओं के लिये 2 हजार किलो चोर, 20 दर्जन केले, नमक व गुड़ की सेवा की गई। मुकेश जैन ने बताया कि पशु-पक्षी प्रकृति का साकार रूप है, इसका अस्तित्व निश्चित रूप से मानवमात्र के लिये शाश्वत, प्रेरत व मंगलमय है, क्योंकि धर्म के अनुसार मानव मात्र के अतिरिक्त अन्य जीवों पर दया करना भी श्रेष्ठ व आवश्यक कार्य है।

ठेकेदार से फिरोती मांगने के मामले में मोनू को प्रोडक्शन वारंट लेगी पुलिस

अंबाला (अप्रस)। गत दिवस पुलिस ने फिरोती मांगने के मामले में मुकदमा दर्ज करने के मामले की जांच शुरू कर दी है। पार्किंग ठेकेदार से मंथली मांगने के मामले में पुलिस गैंगस्टर मोनू राणा को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आएगी। जान से मारने की धमकी मिलने के बाद से पार्किंग ठेकेदार दहशत में है, इसलिए पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से पीएसओ तैनात की है। मुलाना यूनिवर्सिटी के पार्किंग ठेकेदार रवि कश्यप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 13 अगस्त को टफ रूप के मुखिया मोनू राणा ने उसके पास कॉल करके 20 हजार रुपए मंथली मांगी थी। मोनू राणा ने रकम न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मोनू राणा की कॉल के बाद उसका भतीजा युवराज सिंह मंथली लेने आया था। न देने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। गैंगस्टर मोनू राणा फिलहाल कुरुक्षेत्र जेल में बंद है, जबकि मामला दर्ज होने के बाद से उसका भतीजा युवराज सिंह फरार है।

2024 चुनाव में बीजेपी को शिकस्त देगी आम आदमी पार्टी : अनुराग ढांडा

जिला परिषद चुनावों में आम आदमी पार्टी ही बीजेपी को देगी पटखनी

- बोले- मित्रवाद और परिवारवाद पर भारी पड़ेगा भारतवाद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 19 अगस्त। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार एवं वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा, नॉर्थ जोन अध्यक्ष चित्रा सरवारा और संगठन मंत्री प्रवीण प्रभाकर गौड़ शुक्रवार को पूंडरी और कैथल के कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करने पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी जिला परिषद चुनावों को लेकर निर्देश दिए और संगठन निर्माण की बारीकियों पर चर्चा भी की।

इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय सलाहकार अनुराग ढांडा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि आम आदमी पार्टी ही 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी को टक्कर देगी। बीजेपी बौखलाहट में आम आदमी पार्टी उप मुख्यमंत्री पर सीबीआई और ईडी की रेड करवा रही है। ये काम पहले भी करवाया गया।

उन्होंने कहा आप पार्टी कट्टर ईमानदार पार्टी है, दिल्ली मॉडल को पूरे देश की जनता अपनाना चाहती हैं। पूरे देश में आम आदमी पार्टी को जनता विकल्प के तौर पर देख रही हैं। उन्होंने कहा कि देश को नंबर एक बनाने के अभियान में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। अब आने वाली लोकसभा चुनाव ईमानदार आम आदमी पार्टी और भ्रष्ट बीजेपी के बीच होगा। बीजेपी के मित्रवाद और परिवारवाद पर आम आदमी पार्टी का भारतवाद भारी पड़ेगा। प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण प्रभाकर गौड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार प्रदेश में लगातार बढ़ रहा है। बीजेपी के भ्रष्टाचार से ग्रस्त होकर बहुत लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी लोगों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था, बेहतर स्कूल, अच्छे अस्पताल देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं नॉर्थ जोन संयोजक चित्रा सरवारा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जिला परिषद चुनावों को लेकर कमर कस ली है। कार्यकर्ताओं में जोश है, कांग्रेस ने पहले ही चुनावों से बाहर हो गई है। सीधा मुकाबला बीजेपी और आम आदमी का होगा। इस मौके पर आम आदमी पार्टी नॉर्थ जोन सचिव योगेश्वर शर्मा, सुखबीर चहल, रामप्रताप गुप्ता एवं संगठन के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

खेल

अंबाला अनाज मंडी में दूसरा वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अंबाला, 19 अगस्त। अंबाला शहर की अनाज मंडी में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने किया। जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट शुरू होते ही दर्शकों की भारी भीड उमड पडी इस टूर्नामेंट को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आए हुए थे। दर्शकों के लिए भी पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी। टूर्नामेंट का आयोजन प्रितपाल सिंह द्वारा किया जा रहा है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान मेयर शक्ति रानी ने बताया कि न्यू जनरेशन क्रिकेट एसोसिएशन ने यह टूर्नामेंट आयोजित किया है। यह इनका दूसरा वार्षिक टूर्नामेंट है और जिसने यह टूर्नामेंट आयोजित किया है वह एक नौजवान है और उसने अकेले ही इस टूर्नामेंट का आयोजन किया। यह टूर्नामेंट बहुत ही अच्छे लेवल पर हो रहा है इसमें 32 टीमों की भागीदारी रही है। इसके साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों के लिए, सरकार से विनती भी की कि उन उन खिलाड़ियों के आगे बढ़ने के लिए उन्हें एक प्लेटफार्म दिया जाए ताकि वह बच्चे अधिक खेले और निखर कर बाहर आए। खिलाड़ियों को प्लेटफार्म इसलिए दिया जाए, क्योंकि इन में बहुत हुनर है कई खिलाड़ी ऐसे भी हैं जो रंजीत और स्टेट लेवल भी खेल चुके हैं इसलिए उनको एक प्लेटफार्म की जरूरत है ताकि अधिक संख्या में बच्चे यहां खेलने आए। जो नए छोटे बच्चे हैं उनके लिए भी एक ऐसा सिस्टम किया जाए जिससे वह खेल सके वैसे भी हरियाणा खिलाड़ियों का प्रदेश है एक कॉमन टूर्नामेंट में 32 टीमों ने यहां पार्टिसिपेट किया तो आप सोच सकते हैं कि कितने बच्चे यहां पर होंगे। खेल में खिलाड़ियों की रुचि को देखते हुए मेयर शक्ति रानी ने उनके खानपान और पोषण के बारे में कहा कि उन्हें अच्छी तरह पोषण मिलना चाहिए अगर खानपान अच्छा होगा तभी वह अच्छे से खेल पाएंगे उन्होंने कहा कि मैं सरकार से यही विनती करती हूं कि इन बच्चों को अच्छे गाइड्स और कोच मिले ताकि खिलाड़ी अपना नाम रोशन कर सकें।

अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन, जीते सात पदक

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

सोफिया/बुल्गारिया, 19 अगस्त। भारतीय फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम ने विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक रजत और छह कांस्य सहित सात पदक हासिल किये।

भारत 112 अंकों के साथ फ्रीस्टाइल टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर रहा, जबकि ईरान (159) और अमेरिका (132) ने पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह जूनियर चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 2021 में भारत 101 पॉइंट के साथ पांचवें स्थान पर रहा था।

भारत का एकलौता रजत पदक महेंद्र गायकवाड ने जीता। महेंद्र शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंचे, जहां ईरान के अमिरेका जरदीन मासूमी ने उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 13-2 से मात दी।

जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट गायकवाड ने क्वार्टरफाइनल में तुर्की के आदिल मिसिरसी को 6-4 से मात दी थी, जबकि सेमीफाइनल में उन्होंने उज्बेकिस्तान के नामोज अब्दुराशिदोव को 6-0 से हराया था।

इसके अलावा मोहित कुमार (61 किग्रा) और सागर जगलान (74 किग्रा) ने भी बुधवार को कांस्य पदक जीते।

मुश्किल वक्त में भारतीय फुटबॉल महासंघ के साथ : पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

इस्लामाबाद, 19 अगस्त। पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (पीएफएफ) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ सहानुभूति जतायी है।

गौरतलब है कि विश्व फुटबॉल की संचालक संस्था फीफा ने मंगलवार को 'तीसरे पक्ष के अनावश्यक हस्तक्षेप' का हवाला देते हुए एआईएफएफ को निलंबित कर दिया था, जिसके बाद भारत से अक्टूबर में होने वाली अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी भी छिन गयी।

फीफा ने पिछले वर्ष पीएफएफ को भी इसी कारण से निलंबित कर था, लेकिन जून 2022 में उसने निलंबन को वापस ले लिया था।

पीएफएफ ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, "भारतीय फुटबॉल महासंघ और सभी भारतीय प्रशंसकों के साथ सहानुभूति, अपनी टीम को खेलते हुए न देख पाना दुख देता है। भारतीय फुटबॉल हमेशा निडर और मजबूत रहा है। आशा है कि भारतीय फुटबॉल इस निलंबन से जल्द बाहर आये और आने वाले वर्षों में हमें रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे।"

पीएफएफ ने बयान में कहा, "प्यार और दोस्ती के साथ आपके मुश्किल वक्त में हम आपके साथ खड़े हैं।"

उच्चतम न्यायालय ने कल भारत सरकार को आदेश दिया कि वह निलंबन को समाप्त करने और महिला विश्व कप की मेज़बानी सुनिश्चित करने के लिये फीफा के साथ सक्रिय भूमिका निभाये।

फीफा ने कहा है कि प्रशासनिक समिति की नियुक्त के फैसले को निरस्त करने और एआईएफएफ के रोजमर्रा के कार्य महासंघ की कार्यकारी समिति के हाथों में आने के बाद ही निलंबन को हटाया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के तीन मामले दर्ज

चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)। यूटी पुलिस द्वारा शहर में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों पर पूरी तरह से शिकंजा कस रखा है। पुलिस आए दिन लगातार सर्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों की धरपकड़ कर रही है। वहीं थाना इंडस्ट्रीएल एरिया पुलिस में अलग-अलग तीन मामलों में सर्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना इंडस्ट्रीएल एरिया पुलिस वीरवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस इंडस्ट्रीएल एरिया स्थित पब्लिक टॉयलेट के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक शख्स सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है पुलिस ने तुरंत मामले में पंजाब पुलिस एक्ट 2007 और 510 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान इंडस्ट्रियल एरिया फेज एक के रहने वाले रामफल के रूप में हुई है। दूसरे मामले में थाना इंडस्ट्रीएल एरिया पुलिस वीरवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस इंडस्ट्रियल एरिया फेज एक हॉर्स पार्किंग के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक शख्स सर्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान राम दरबार के रहने वाले 24 वर्षीय मेहताब के रूप में हुई है। जबकि तीसरे मामला थाना-इंडस्ट्रीएल एरिया का है, थाना पुलिस वीरवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस इंडस्टरियस फेज एक आर्यन मार्केट के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक शख्स सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करें उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान फेज 2 इंडस्ट्रियल एरिया के रहने वाले 24 वर्षीय गौरव के रूप में हुई है।

होटल के मैनेजर पर चाकू से हमला जख्मी

चंडीगढ (रंजीत शम्मी)। सेक्टर 61 पुलिस चौकी ने होटल के मैनेजर पर चाकू से हमला कर जख्मी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित शिकायतकर्ता 24 वर्षीय शिवपूजन ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर 52 गांव कजहेड़ी के एक होटल में रहता है। और इसी होटल में मैनेजर के तौर पर काम करता है। दो-तीन दिन पहले होटल के बाहर से एक साइकिल चोरी हो गई थी। जोकि होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक आरोपी युवक साइकिल चोरी करता हुआ नजर आया था। इसी दौरान उनके होटल में काम करने वाले एक युवक ने साइकिल चोरी करने वाला उसी तरह का एक युवक को शक के आधार पर बुधवार की रात को देखा। और उसे शक के आधार पर रोका तो वह लड़का उनके ऊपर भड़क गया। गाली गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने उसका विरोध किया तो हाथापाई करने लगा। इसी दौरान उस युवक ने अपनी कैपरी की जेब से चाकू निकाला और पीड़ित पर वार कर दिया। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जख्मी हुए पीड़ित को इलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वही पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आयरन रॉड चोरी मामले में दो गिरफ्तार

चंडीगढ़ (अप्रस)। थाना- आईटी पार्क पुलिस ने आयरन रॉड चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता बलदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि वह गांव किशनगढ़ में रहता है। वीरवार को उसने देखा कि दो आरोपी आयरन रॉड चोरी कर उनके घर के सामने जंगलों की तरफ जा रहे हैं। जिसके चलते शिकायतकर्ता ने जोर से शोर मचाया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिन्हें लोगों ने आयरन रॉड चोरी करने के मामले में पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए किशनगढ़ के रहने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

बिजली निगम उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध

कालका (जग्गी)। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जानकारी देते हुए निगम के एक प्रवक्ता ने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे जिनमें मुख्यत: बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं। मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुर्माना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी।   उन्होंने बताया कि सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

कृष्णमय हुआ शहर, मुरलीवाले के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

■ बच्चों द्वारा पेश की गई श्री कृष्ण जन्मलीला, माखन चोरी लीला, पूतना का वध, रासलीला, गौचरन लीला ने सभी को किया मंत्रमुगध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। शहर में शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए दिन भर मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा रहा। जिसके चलते चंडीगढ़ कृष्णमय नजर आया। सेक्टर-36 स्थित इस्कॉन मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण जी के दर्शन किए व लड्डू गोपाल जी के झूले को झुलाया। इस अवसर पर मंदिर में बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं के लिए आयोजित अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस संबंधी जानकारी देते हुए मंदिर प्रवक्ता अकिंचन प्रियदास ने बताया कि मंदिर में श्री लड्डू गोपाल और श्री राधामाधव का दिव्य झूला लोगों के लिए विशेष आकृष्ण का केंद्र बनना। इस शुभ अवसर पर, श्री श्री राधा माधव को एक शानदार नई वस्त्र (पारंपरिक पोशाक) से सजाया गया था और भक्तों ने भगवन की झलक पाकर आनंदित महसूस किया। इस मौके शहर की कई प्रमुख शख्सियतों ने मंदिर पहुंचकर भगवान कृष्ण जी के दर्शन किए।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा मंदिर को फूलों एवं फैंसी लाइटों से सजाया गया है। वहीं मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए पूरा दिन मंत्रमुगध करने वाला कीर्तन, श्री लड्डू गोपाल का 108 कलश अभिषेक, श्री राधामाधव की 108 प्रदीप आरती, श्री राधामाधव को 108 भोग अर्पण किए गए। इसके अलावा दूध, घी व विभिन्न प्रकार के फूलों के रस से श्री राधा माधव का शानदार महा अभिषेक हुआ। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी समारोह श्री-श्री राधा माधव की मंगला आरती के साथ शुरू हुआ, जो सुबह 4.30 बजे हुई, जिसके पश्चात तुलसी आरती, सेक्टर 36 में नगर कीर्तन, एवं इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस के संस्थापक आचार्य कृष्ण कृपा मूर्ति ए.सी. भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद की गुरु-पूजा हुई।

बच्चों ने की श्रीकृष्ण जन्म की विभिन्न लीलाएं

मंदिर प्रवक्ता अकिंचन प्रियदास ने बताया कि तकनीकी प्रगति से प्रभावित दुनिया में अपने बच्चों को वैदिक ज्ञान में परिपूर्ण अपने सांस्कृतिक से जुड़ने के लिए कई कल्चर प्रोग्राम आयोजित हुए। इस दौरान 120 स्कूली बच्चों द्वारा 12 लघूनाटक, नृत्य आदि सहित श्री कृष्ण जन्म की विभिन्न लीलाएं, नृत्य, गायन, छंदों और नाटकों के माध्यम से लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के रंग में मंत्रमुगध किया गया। बच्चों द्वारा पेश की श्री कृष्ण की उपस्थिति (जन्म) लीला, माखन चोरी लीला, पूतना का वध, रासलीला, गौचरनलीला (अपने दोस्तों के साथ गायों को चराना) तथा भगवद गीता से संस्कृत छंदों का पाठ की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर प्रवक्ता अकिंचन प्रियदास ने बताया कि आज भारत और दुनिया भर में लाखों लोग भगवान श्री कृष्ण की महिमा के लिए प्रार्थना, पूजा और भक्ति गीत समर्पित करने के लिए इकट्ठा होते हैं। घटते चंद्रमा (रोहिणी नक्षत्र के तहत अष्टमी तिथि) के आठवें दिन की अर्ध रात्रि को, भगवान के सर्वोच्च व्यक्तित्व, श्री कृष्ण के इस दुनिया में अवतरण को चिह्नित करने के लिए, श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है, जो कि उनका आविर्भाव दिवस कहलाता है। समारोह का समापन आधी रात को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के एक भव्य उत्सव में विस्तृत महाआरती के साथ हुआ, जिसे भक्तों द्वारा श्री गुर्वष्टकम गाते हुए किया गया।

हाईलैंड पार्क ग्रीन सोसाइटी ने मनाई जन्माष्टमी

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली

जीरकपुर, 19 अगस्त। जीरकपुर में विभिन्न स्थानों पर जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। आज जन्माष्टमी का त्योहार मौके मंदिरो को बडी अच्छी तरह फूलों से सजाया गया था। जीरकपुर के हाई ग्राउंड रोड पर स्थित हाईलैंड पार्क ग्रीन सोसाइटी में भी रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जन्माष्टमी का त्योहार बडी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके बच्चों ने अलग अलग कार्यक्रम पेश कर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले बच्चों को गिफ़्ट दिए गए और उनका मनोबल बढाया। इसके बाद कलाकार विक्की गर्ग ने अपने भजनों से भगतों को निहाल किया, जिससे सोसाइटी का माहौल धार्मिक हो गया। गायक के भजनों पर भगतों ने खूब डांस किया। इस मौके वार्ड नंबर 26 के पार्षद नवजोत सिंह ने भी अपनी हाजरी लगवाई। सोसाइटी निवासियों ने इस त्योहार में बढ़चढ कर हिस्सा लिया। रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बहुत मेहनत की। इस मौके रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि वह आने वाले समय में भी सोसाइटी में धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम करवाते रहेंगे।

इस अवसर पर रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के मनीष जिंदल, जिनेन्द्र जैन, अरुण बख्शी, गुलशन वधवा, मनीष बंसल व रनजीत सिंह सहित बडी संख्या में सोसाइटी निवासी उपस्थित रहे।

शिव शक्ति भोला मंदिर में मनाई गई जन्माष्टमी

चंडीगढ़। शुक्रवार को शिव शक्ति भोला मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मंदिर के संचालक स्वामी रामलाल भोला ने बताया कि सुबह मंदिर के पंडित कपिल देव ने पूजा अर्चना की। इसके बाद दोपहर में मंदिर की मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया।

मंडली की प्रधान दर्शना रानी, नदिंर कौर, किरण, आशा, अमन, सरोज और नीलम ने भजनों से समां बांध दिया।

एक छोटे बच्चें को टोकरी में रखकर पूरी संगत में घुमाया गया। छोटे बच्चों ने अपनी टोलियों के साथ झांकियां निकाली। अंत में भगवान के जन्म के समय फिर पूजा पाठ किया गया।

शहर में सभी स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का त्यौहार

■ विधायक रंधावा ने विभिन्न कार्यक्रमों में लगवाई हाज़री

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली

जीरकपुर, 19 अगस्त। शहर में आज विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के तौर पर हल्का डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा अपने साथियों सहित नतमस्तक हुए। विधायक रंधावा ने सनातन धर्म मंदिर शाम नगर वार्ड नंबर 31, हरमिलाप नगर व वार्ड नंबर 5 शिव एन्क्लेव में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में समूह संगतो को श्री कृष्ण अवतार दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है और इस दिन पुरे विधि विधान से बाल रूप भगवान् कृष्ण की पूजा अर्चना की जाती है, झांकिया सजाई जाती है और मंदिरों में सजावट की जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम और श्री कृष्ण दोनों ही भगवान विष्णु के अवतार माने जाते है लेकिन भगवान राम ने कभी इस बात को नहीं जताया कि उनमें ईश्वरीय शक्ति है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने समय-समय पर अद्भुत लीला दिखाकर लोगों को विश्वास दियाला कि वह मानव नहीं महामानव श्री विष्णु के अवतार है। रंधावा ने लोगों से स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने और राज्य को फिर से %%रंगला%% (जीवंत) बनाने के लिए बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष छेड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों के सक्रिय समर्थन के बिना यह 'मिशन' पूरा नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगवाई वाली पंजाब सरकार न केवल लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि उसने स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने का भी संकल्प लिया है। इस दौरान विधायक ने कन्हैया के स्वरूप में तैयार हुए छोटे बच्चों को गोद में उठाकर खुशी सांझी की। इस मौके विभिन्न आयोजनों के सभी सदस्यों ने विधायक रंधावा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

पंच कमल का लोकार्पण आज करेंगे केंद्रीय रक्षा मंत्री

कालका, 19 अगस्त (जग्गी)। केंद्रीय रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह शनिवार दिनांक 20 अगस्त को सकेतड़ी में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश कार्यालय पंच कमल का लोकार्पण करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओम् प्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े जी और सांसद, विधायक व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। लोकार्पण का समय दोपहर बाद 3 बजे रखा गया है।

चंडीगढ़ के शिक्षकों को टीचर्स डे से पहले मिलेगा प्रमोशन का तोहफा

■ करीब 100 टीजीटी बनेंगे लेक्चरर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। चंडीगढ़ के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक दिवस से पहले प्रमोशन का तोहफा मिलने वाला है। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस है, लेकिन इससे पहले ही चंडीगढ़ शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) शिक्षकों को प्रमोशन का तोहफा मिलेगा। यह पदोन्नति लंबे समय से प्रमोशन का इंतजार कर रहे शिक्षकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। वहीं 11वीं और 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स को पढ़ाने के लिए कुछ हद तक शिक्षकों की कमी पूरी होगी।

गौरतलब है कि शहर के 43 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा के 33 हजार विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग के पास कुल 238 शिक्षक (लेक्चरर्स) हैं। जबकि विभाग के पास कुल 559 लेक्चरर्स के पद हैं। जिनमें से 58 फीसद यानी 321 पद खाली हैं। शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए विभाग ने 757 से ज्यादा टीजीटी शिक्षकों की वरिष्ठता सूची बनाकर वेबसाइट पर अपलोड की है, जिस पर शिक्षको से 20 अगस्त तक आब्जेक्शन मांगे गए हैं। आब्जेक्शन आने और उन्हें क्लियर करने के बाद विभाग करीब 100 टीजीटी शिक्षकों को प्रमोट किया जाएगा।

चंडीगढ़ शिक्षा विभाग को लेक्चरर्स के 559 पदों की स्वीकृति साल 1993 में मिली थी। 1993 में विभाग के पास कुल शिक्षकों की संख्या सात हजार के करीब थी। इस समय विभाग के पास 11वीं व 12वीं कक्षा में 33 हजार से ज्यादा विद्यार्थी हैं, जिन्हें पढ़ाने के लिए एक हजार से ज्यादा शिक्षकों की जरूरत है। शिक्षा विभाग ने 186 लेक्चरर के नए पद क्रिएट करने का आवेदन मिनिस्ट्री आफ होम अफेयर एमचए को भेजा है। नए पदों की मंजूरी मिलने के बाद दिसंबर 2022 तक भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी ताकि शिक्षकों की कमी पूरी हो सके।

शिक्षा विभाग में पोस्टग्रुजेएट ट्रेंड टीचर (पीजीटी) लेक्चरर की अंतिम भर्ती वर्ष 1993 में हुई थी। वहीं शिक्षा विभाग में वर्ष 2014 के बाद किसी शिक्षक की प्रमोशन नहीं हुई है और न ही कोई नई भर्ती हुई है। शिक्षकों की प्रमोशन के बाद अन्य पदों पर डेपुटेशन पर शिक्षकों को शहर बुलाया जाएगा।

सांसद मनीष तिवारी नदी के पास रैंप बनाने के लिए देंगे 5 लाख

■ भारी बरसात में पटियाला की राउ नदी में हुए जल भराव को पार करके पहुंचे गांव टंडा करोरां

अर्थ प्रकाश/मलिक संजीव

नयागांव, 19 अगस्त। श्री आनंदपुर साहिब से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे नयागांव के गांव टांडा करोरा में स्व पंच सज्जन सिंह और उनकी पंच पत्नी स्व. सुनीता के परिजनो से मिलने पहुंचे। जिनको भारी बरसात में पटियाला की राउ नदी में हुऐ जल भराव का सामना करना पड़ा तो वह अपने जूते उतार कर नंगे पांव नदी के किनारे-किनारे उनके घर परिजनों से मिलने पहुंचे। वहां पर गांव वालों ने उनसे कहा कि हमें नदी के पास एक रैम्प बनाना है जिसके लिये हमें पांच लाख की आवश्कता है।

सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने नयागांव के गांव टांडा करोरा को पिछले समय से बरसात में पटियाला का राउ में हो रहे हादसों से बचाने के लिये गांव में पटियाला की राउ नदी पर रैम्प बनाने हेतु पांच लाख रुपये की ग्रांट देने की घोषणा की। इसका चैक जल्द ही गांव के सरपंच को दे दिया जायेगा।

इस अवसर पर गांव के समाज सेवक सतनाम सिंह टांडा ने कहा कि सांसद मनीष तिवारी द्वारा पांच लाख रूपये देने की घोषण करने पर हमारे गांव के पास बह रही पटियाला की राउ नदी के किनारे हम ऐक रैम्प बनायेंगे।

इस मौके पर गांव के लोग सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी के साहस को देख कर दंग रह गये जो ऐसी हालत में भी उन तक पहुंचे। उनके साथ पवन दिवान, कमलजीत चावला, वसीम, इमरान, कृष्ण बिल्ला, जगीर राम, सुधीर सूद गोला, कुलदीप सिंह सिध्दू, सुशील शर्मा कांसल,करतार सिंह नाडा सहित बहुत से समर्थक थे। जिन्होंने मनीष तिवारी के द्वारा ऐसे मौसम में पहुंचने का साहस किया।

जघन्य अपराध में भी रिहाई?

एक महिला से गैंगरेप और उसके परिवार के 7 लोगों की हत्या के दोषियों को क्या सुधारात्मक कदमों के तहत आजीवन कारावास की उनकी सजा को माफ कर दिया जाना चाहिए? सर्वोच्च न्यायालय से एक दोषी ने गुहार लगाई कि उनकी सजा को माफ कर दिया जाए। सर्वोच्च अदालत ने गुजरात सरकार को निर्देशित किया तो उसने एक कमेटी का गठन कर दिया। कमेटी ने रिपोर्ट दे दी कि सभी को रिहा किया जा सकता है। इसके बाद सभी दोषी बाहर आ गए और उनके परिवार जश्न में डूब गए। अदालतों का काम दोषियों को सजा देना है, लेकिन जेलों का काम उन दोषियों को सुधारना है। क्या किसी से रेप और हत्या के दोषी को सुधरने का मौका मिलना चाहिए? अगर मिलना चाहिए तो उस पीड़िता को क्या मिलेगा, जिसका सबकुछ चला गया। सम्मान और परिवार के लोगों की जान भी। देशभर में इसको लेकर आक्रोश है और विपक्ष सवाल पूछ रहा है तो केंद्र एवं गुजरात की राज्य सरकार को इस संबंध में बताना चाहिए।

साल 2002 में हुए गुजरात दंगों के दौरान अहमदाबाद के पास रनधिकपुर गांव में एक भीड़ ने पांच महीने की गर्भवती महिला के साथ सामूहिक रेप किया था, इस दौरान उनकी तीन साल की बेटी की भी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। गुजरात के दंगे भारतीय समाज में सांप्रदायिकता की आग के सबसे बड़े उदाहरण बने थे। कौन सही था, कौन गलत। यह पता लगाना सरकारों का काम था, अब जब इस मामले के दोषी बाहर आ चुके हैं, तो उनका कहना है कि उन्हें फंसाया गया। क्या सच में? यह कितना दुर्दांत और घिनौना अपराध रहा होगा, जब एक गर्भवती महिला की अस्मत से अपराधियों ने किसी खूनी मानसिकता में खेल खेला और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई। क्या कानून का यही तकाजा है कि पहले आरोपियों पर आरोप साबित करते रहो और फिर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे बंद रखने का जत्न करते रहो। अब वे पीड़ित महिला अगर यह कह रही हैं कि वह और उनका परिवार डर के साये में है तो देश उनकी चिंता को क्यों नहीं समझ रहा है। अदालतों ने अपना धर्म निभा दिया, सरकार ने अपनी कर दी। अपराधी अब अपनी करेंगे, क्या कोई पुलिस, प्रशासन का अधिकारी, पंचायत, परिषद, जनता उस महिला और उसके परिवार के लिए खड़ा होगा?

वपक्ष का काम अनुचित को पुरजोर तरीके से उठाना ही धर्म है। इस मामले में पक्षपात नहीं होना चाहिए। सवाल यह है कि क्या वास्तव में गुजरात की भाजपा सरकार ने दोषियों को बचाने के लिए जत्न किया? क्या सरकार की कमेटी यह नहीं कह सकती थी कि दोषियों को न छोड़ा जाए? उस कमेटी ने अपनी भूमिका ऐसी क्यों बनने दी कि यह आरोप लगे कि दोषियों को किसी राजनीतिक तरफदारी के चलते छोड़ दिया गया? अब अगर इन आरोपों के उलट सोचा जाए कि यह सब न्याय प्रणाली की उदारता से संभव हुआ है तो फिर किसे दोषी ठहराया जाए

पीड़ित महिला के इस कथन में पहाड़ जैसा दर्द है, जब वे कहती हैं, मेरे पास शब्द नहीं बचे हैं। मैं अभी भी सुन्न हूं। आज, मैं सिर्फ यह कह सकती हूं कि किसी महिला को मिले न्याय का अंत ऐसे कैसे हो सकता है? उनके इस कथन में बेबसी है, जब वे कहती हैं कि मैंने अपने देश की उच्चतम अदालतों पर भरोसा किया था। मैंने व्यवस्था पर भरोसा किया था और मैं धीरे-धीरे अपने दुख के साथ जीना सीख रही थी। इन दोषियों की रिहाई ने मेरा सुकून छीन लिया है और न्याय से मेरा भरोसा भी डिगा दिया है। मेरा ये दुख और डिगता विश्वास केवल अपने लिए नहीं बल्कि हर उस महिला के लिए है जो अदालतों में न्याय के लिए संघर्ष कर रही हैं।

सवाल यह है कि आखिर देश की न्यायिक प्रणाली इतनी अंसवेदनशील कैसे हो सकती है कि वह एक गैंगरेप और सात लोगों की हत्या के दोषियों को रिहा कर देती है। क्या एक पल के लिए भी उनके जघन्य अपराध की गंभीरता को नहीं समझा गया। मामूली या फिर अनजाने में हुए अपराध के दोषियों की सजा माफ करने पर विचार हो सकता है, लेकिन इस मामले में दोषियों को मालूम था कि वे क्या कर रहे हैं। उन्होंने पूरे मन से और सोच-समझ कर इस गुनाह को अंजाम दिया था। इसके बाद अदालतों ने भी उनके गुनाह को सही पाया और उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। अब चर्चा का विषय दोषियों को रिहाई मिलने का है लेकिन उससे कहीं ज्यादा यह है कि इतने जघन्य मामले में सज़ायाफ़्ता कैदियों को छोड़ दिया गया। और यह तब है जब देशभर की अदालतों में अनेक लोग अपनी सजा काटने के बाद भी रिहाई का इंतज़ार कर रहे हैं। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यही नहीं, कई लोग कम गंभीर अपराधों के लिए भी सालों से जेल में हैं।

विपक्ष का इस मामले में सरकार पर वार प्रासंगिक है। विपक्ष का काम अनुचित को पुरजोर तरीके से उठाना ही धर्म है। इस मामले में पक्षपात नहीं होना चाहिए। सवाल यह है कि क्या वास्तव में गुजरात की भाजपा सरकार ने दोषियों को बचाने के लिए जत्न किया? क्या सरकार की कमेटी यह नहीं कह सकती थी कि दोषियों को न छोड़ा जाए? उस कमेटी ने अपनी भूमिका ऐसी क्यों बनने दी कि यह आरोप लगे कि दोषियों को किसी राजनीतिक तरफदारी के चलते छोड़ दिया गया? अब अगर इन आरोपों के उलट सोचा जाए कि यह सब न्याय प्रणाली की उदारता से संभव हुआ है तो फिर किसे दोषी ठहराया जाए। भारतीय न्याय प्रणाली सुधारात्मक सिद्धांत पर टिकी है, जिसके तहत जेल में बंद लोगों को अपनी जिंदगी एक बार फिर नए ढंग से शुरू करने का मौका मिलना चाहिए। हालांकि इस पर गहन मंथन की जरूरत है कि किसी जघन्य अपराध के बाद भी अपराधी को सुधार का मौका मिलना चाहिए? अगर मिलना चाहिए तो फिर उस पीड़ित के मानवाधिकार कहां जाएंगे, उनकी परवाह कौन करेगा। इसकी गारंटी कौन लेगा कि अपराधी सुधारात्मक जीवन जीने के बजाय फिर से वैसा ही अपराध अंजाम दें। यह कोई नई बात भी नहीं होगी, अक्सर ऐसा होता ही रहता है। जेल से छूटने के बाद अपराधी फिर किसी जघन्य अपराध को अंजाम देते हैं और पीड़ित को फिर उसी पुलिस और अदालत की शरण में जाना पड़ता है, जिसने उन अपराधियों को कानून के लचर होने की वजह से छोड़ा है।

मोदी के भाषण पर विवाद

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

विपक्ष में बुद्धि और हिम्मत होती तो भाजपा के इस कदम की वह कड़ी भर्त्सना करता कि उसने 14 अगस्त (पाकिस्तान के स्वाधीनता दिवस) को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के तौर पर मनाया।

दैनिक अर्थ प्रकाश

लाल किले से हर पंद्रह अगस्त को प्रधानमंत्री लोग जो भाषण देते हैं, उनसे देश में कोई विवाद पैदा नहीं होता। वे प्रायः विगत वर्ष में अपनी सरकार द्वारा किए गए लोक-कल्याणकारी कामों का विवरण पेश करते हैं और अपनी भावी योजनाओं का नक्शा पेश करते हैं लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के लगभग एक घंटे के हिस्से पर किसी विरोधी ने कोई अच्छी या बुरी टिप्पणी नहीं की लेकिन सिर्फ दो बातें को लेकर विपक्ष ने उन पर गोले बरसाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेसी नेताओं को बड़ा एतराज इस बात पर हुआ कि मोदी ने महात्मा गांधी, नेहरु और पटेल के साथ-साथ इस मौके पर वीर सावरकर और श्यामाप्रसाद मुखर्जी का नाम क्यों ले लिया? चंद्रशेखर, भगतसिंह, बिस्मिल आदि के नाम भी मोदी ने लिये और स्वातंर्त्य-संग्राम में उनके योगदान को प्रणाम किया। क्या इससे नेहरुजी की अवमानना हुई है? कतई नहीं। फिर भी सोनिया गांधी ने एक गोल-मोल बयान जारी करके मोदी की निंदा की है। कुछ अन्य कांग्रेसी नेताओं ने सावरकर को पाकिस्तान का जनक बताया है। उन्हें द्विराष्ट्रवाद का पिता कहा है। इन पढ़े-लिखे हुए नेताओं से मेरा विनम्र अनुरोध है कि वे सावरकर के लिखे ग्रंथों को एक बार फिर ध्यान से पढ़ें। पहली बात तो यह है कि सावरकर और उनके भाई ने जो कुर्बानियां की हैं और अंग्रेजी राज के विरुद्ध जो साहस दिखाया है, वह कितना अनुपम है। इसके अलावा अब से लगभग 40 साल पहले राष्ट्रीय अभिलेखागार से अंग्रेजों के गोपनीय दस्तावेजों को खंगालकर सावरकर पर लेखमाला लिखते समय मुझे पता चला कि अब के कांग्रेसियों ने उन पर अंग्रेजों से समझौते करने के निराधार आरोप लगा रखे हैं। यदि सावरकर इतने ही अछूत हैं तो प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मुंबई में बने उनके स्मारक के लिए अपनी निजी राशि से दान क्यों दिया था? हमारे स्वातंर्त्य-संग्राम में हमें क्रांतिकारियों, गांधीवादियों, मुसलमान नेताओं यहां तक कि मोहम्मद अली जिन्ना के योगदान का भी स्मरण क्यों नहीं करना चाहिए? विभाजन के समय उनसे मतभेद हो गए, यह अलग बात है। कर्नाटक के भाजपाइयों ने नेहरु को भारत-विभाजन का जिम्मेदार बताया, यह बिल्कुल गलत है। मोदी की दूसरी बात परिवारवाद को लेकर थी। उस पर कांग्रेसी नेता फिजूल भन्नाए हुए हैं। वे अब कुछ भाजपाई मंत्रियों और सांसदों के बेटों के नाम उछालकर मोदी के परिवारवाद के आरोप का जवाब दे रहे हैं। वे बड़ी बुराई का जवाब छोटी बुराई से दे रहे हैं। बेहतर तो यह हो कि भारतीय राजनीति से 'बापकमाई' की प्रवृत्ति को निर्मूल करने का प्रयत्न किया जाए। विपक्ष को मोदी की आलोचना का पूरा अधिकार है लेकिन वह सिर्फ आलोचना करे और मोदी द्वारा कही गई रचनात्मक बातों की उपेक्षा करे तो जनता में उसकी छवि कैसी बनेगी? ऐसी बनेगी कि जैसे खिसियानी बिल्ली खंभा नोचती है। विपक्ष में बुद्धि और हिम्मत होती तो भाजपा के इस कदम की वह कड़ी भर्त्सना करता कि उसने 14 अगस्त (पाकिस्तान के स्वाधीनता दिवस) को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के तौर पर मनाया। अब तो जरुरी यह है कि भारत और पाक ही नहीं, दक्षिण और मध्य एशिया के 16-17 देश मिलकर 'आर्यावर्त्त' के महान गौरव को फिर लौटाएं।

बोल ब्यूटीफुल

अखिलेश शर्मा : 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के बाद टेलीकाम कंपनियों को चिट्ठियां दे दी गईं। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये कंपनियां अब 5जी सेवाएं शुरू करें। इस बीच एयरटेल के सुनील भारती मित्तल ने कहा कि बिना भागादौड़ी या चिल्लपों के कुछ ही घंटों में आवंटन पत्र मिल गया। यह एक बड़ा बदलाव है।

डीपी सतीश : बीएस येदियुरप्पा कर्नाटक में भाजपा के सबसे लोकप्रिय नेता बने हुए हैं। भाजपा के संसदीय बोर्ड में उनकी प्रोन्नति से इसकी पुष्टि होती है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई को लेकर अटकलों पर विराम लग गया। साथ ही यह भी साफ हुआ कि अगले साल होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में येदियुरप्पा ही पार्टी के प्रमुख प्रचारक होंगे।

मधुर स्मरण 'वंदन' अभिनंदन

महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू मूलचन्द जैन को उनकी 108वीं जन्मजयंती पर सादर वंदन

परम् श्रद्धेय बाबू मूलचन्द जैन (हमारे ताऊ जी), प्यार से जिन्हें बाबू जी पुकारते हैं, का जन्म 20 अगस्त 1915 को हरियाणा प्रदेश के रोहतक (अब सोनीपत) जिले के छोटे से गांव सिकंदरपुर माजरा में एक साधारण परिवार हुआ।

बाबू मूल चन्द जैन लाहौर से कानून की पढ़ाई, लॉ ग्रेजुएट (गोल्ड मेडलिस्ट) करने के बाद स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। वे स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर कई बार जेल गए। सच्चे गांधीवादी और सिद्धान्तवादी व्यक्तित्व होने पर लोग उन्हें हरियाणवी गांधी के रूप में याद करते हैं।

बाबूजी आजादी के बाद भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र के सच्चे सिपाही की तरह भारतीय लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल के दौरान 19 महीने जेल में रहे लेकिन अपने सिद्धांतों और आदर्शों से कभी समझौता नहीं किया।

मूल्य आधारित राजनीति के कट्टर समर्थक, बाबू जी ने शिक्षा में भी जीवन मूल्यों के पाठ्यक्रम शामिल करने के लिए प्रयास किए। हरियाणा में लाइब्रेरी आंदोलन के पुरोधा थे। लाइब्रेरी आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अपने गांव सिकंदर पुर माजरा में अपने पैतृक मकान को लाइब्रेरी बनाकर जनता को समर्पित किया है ।

अलग हरियाणा राज्य बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हरियाणा के निर्माताओं में से एक बाबू मूलचन्द जैन ने संयुक्त पंजाब तथा हरियाणा सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री, योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष, हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता, लोकसभा सांसद सहित जनसेवा की अनेक जिम्मेदारियों को पूरी श्रद्धा से निभाया। उन्होंने सत्ता सुख पाने के लिए कभी राजनीति नहीं की, बल्कि जन सेवा के लिए राजनीति में आये।

वह दिव्यात्मा आज हमारे बीच में शारीरिक रूप से भले ही विद्यमान नहीं है, परंतु उनके वटवृक्ष की छाया का आभास आज भी हमें बराबर होता है। राजनीति में रहकर भी एक संत की भांति निभाई गई उनकी भूमिका, संघर्ष और निस्वार्थ सेवा का वर्णन करने लगे तो हजारों पन्ने भी कम पड़ जाएंगे।

आज हम उनकी जन्म जयंती पर सादर नमन करते हैं। उनकी जन्म जयंती पर हम उनके जीवन से प्रेरणा ले और उनके द्वारा अपनाये गए आदर्शों पर चलने की कोशिश करने का प्रण लेकर ही उनको अपनी सच्ची पुष्पांजलि अर्पित कर सकते हैं। ऐसी महान विभूति को सादर नमन।

हरीश चंद्र जैन, HCS (rtd.)
महावीर जैन
कैलाश चन्द जैन
वीरेंद्र कुमार जैन
एवं समस्त अर्थ प्रकाश परिवार

राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक लगाए गए 208.95 करोड़ से अधिक टीके

भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 208.95 करोड़ (2,08,95,79,722) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,77,65,601 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है।

12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.98 करोड़ (3,98,46,763) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी।

वीरवार सुबह 7 बजे तक की अस्थायी रिपोर्ट के अनुसार कुल टीकाकरण का विवरण इस प्रकार से है :

भारत में सक्रिय मामले आज 1,01,343 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.23 प्रतिशत हैं।

नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.58 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 16,251 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 4,36,70,315 हो गई है।

बीते 24 घंटे में कोरोना के 12,608 नए मामले सामने आएं।

पिछले 24 घंटों में कुल 3,62,020 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 88.14 करोड़ से अधिक (88,14,18,561) जांच की गई हैं। देश में साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 4.20 प्रतिशत है और दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 3.48 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य कर्मी	पहली खुराक	10413328
	दूसरी खुराक	10100084
	प्रीकॉशन खुराक	6593725
अग्रिम पंक्ति के कर्मी	पहली खुराक	18433275
	दूसरी खुराक	17687456
	प्रीकॉशन खुराक	12816972
12-14 वर्ष आयु वर्ग	पहली खुराक	39846763
	दूसरी खुराक	29346650
15-18 वर्ष आयु वर्ग	पहली खुराक	61508462
	दूसरी खुराक	51854238
18-44 वर्ष आयु वर्ग	पहली खुराक	560135522
	दूसरी खुराक	511351618
	प्रीकॉशन खुराक	45309532
45-59 वर्ष आयु वर्ग	पहली खुराक	203814172
	दूसरी खुराक	195895343
	प्रीकॉशन खुराक	27157678
60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग	पहली खुराक	127525220
	दूसरी खुराक	122435520
	प्रीकॉशन खुराक	37354164
	प्रीकॉशन खुराक	12,92,32,071
	कुल	**2,08,95,79,722**

अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

बाबू मूलचंद जैन की हिरक जयंती

चंडीगढ़। कल करनाल में बाबू मूलचंद जैन की हीरक जयंती बड़ी धूम-धाम से मनाई गई। लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने भाग लिया और सब ने बाबू मूलचंद जैन को हरियाणा के गांधी की बजाय पूरे उत्तर भारत का गांधी बल्कि स्वामी अग्निवेश ने तो कहा कि हम बाबू जी को पूरे हिंदुस्तान के गांधी के रूप में देखना चाहते हैं। इस मौके पर बाबू जी को जनता की तरफ सेएक कार और कई हजार रुपये उपहार स्वरूप भेंट किये गये।

हेगड़े केंद्रीय मंत्रिमंडल में लिये जायेंगे?

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के निकट सूत्रों का कहना है कि हाल ही में योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद से त्यागपत्र देकर घर बैठे रामकृष्ण हेगड़े को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। बदलते हुए राजनीतिक समीकरणों के कारण भी हेगड़े की वापसी जरूरी हो गई है।

इसकी तह तक पहुंचने की चेष्टा की है कि हेगड़े कितने दोषी हैं? फोन टेपकांड से सम्बद्ध फाईल को तो प्रधानमंत्री ने स्वयं मंगाकर देखा बताते। कहा जा रहा है कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री वीरेंद्र पाटिल से भी दो बार इस संबंध में बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने खुद सारे मामले को देखा है और वह आश्वस्त हैं कि हेगड़े का राजनीतिक जीवन समाप्त करने के षड़यंत्र के तहत ही सब कुछ किया गया है। फिर भी कानूनी नुक्तों की छानबीन चल रही है।

सियासी हलकों में चर्चा है कि यदि कुलदीप सिंह आयोग और फोन टेपकांड की शल्यक्रिया से हेगड़े की छवि निखर आती है तो प्रधानमंत्री के लिए उन्हें एडजस्ट करना आसान हो जाएगा। अलबत्ता जनता दल में हेगड़े लांबी को तो यहां तक विश्वास है कि उनके नेता को उपप्रधानमंत्री भी बनाया जा सकता है।

विविध

अजब दुनिया-गजब खबरें

भारत में आएगी बड़ी मुसीबत! बाबा वेंगा की साल 2022 के लिए की गई भविष्यवाणी

दुनिया के मशहूर भविष्यवक्ताओं में शामिल बुल्गारिया के भविष्यवक्ता बाबा वेंगा शामिल हैं। इनमें सबसे पहले बाबा वेंगा का नाम आता है। बाबा वेंगा ने साल 2022 के लिए डराने वाली भविष्यवाणियां की थीं। भविष्यवाणियों के लिए मशहूर बाबा वेंगा की कई भविष्यवाणियां सच साबित हो चुकी हैं। बाबा वेंगा को बाल्कन क्षेत्र का नास्त्रेदमस कहा जाता है।

बाबा वेंगा ने सन् 5079 तक की भविष्यवाणी की थीं। बाबा वेंगा की साल 2022 के लिए की गई दो भविष्यवाणियां सच साबित हो चुकी हैं। बाबा वेंगा ने सोवियत संघ के विघटन, अमेरिका में आतंकी संगठन अलकायदा के 9/11 हमले समेत कई भविष्यवाणियां की थीं जो सच साबित हुई हैं। बुल्गारिया की दृष्टिहीन बाबा वेंगा दुनिया की उन भविष्यवक्ताओं में से एक हैं जिन पर पूरी दुनिया यकीन करती है। अब बाबा वेंगा की भारत को लेकर की गई भविष्यवाणी लोगों को डरा रही है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बाबा वेंगा ने भविष्यवाणी की थी कि साल 2022 में दुनिया में तापमान गिरेगा। इसकी वजह से टिड्डियों के प्रकोप में वृद्धि होगी। भोजन की तलाश में टिड्डियां भारत पर हमला करेंगी। इस हमले में फसलों को भारी नुकसान पहुंचेगा। भारत में अकाल की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और देश में भूखमरी पैदा होने की संभावना है। अब देखना है कि बाबा वेंगा की भविष्यवाणी सच साबित होती है या नहीं। हालांकि इससे पहले बाबा वेंगा की कई भविष्यवाणियां सच हुई हैं जिसकी वजह से लोगों के मन में डर समा गया है।

भविष्यवक्ता बाबा वेंगा ने अपनी भविष्यवाणी में कहा था कि साइबेरिया में एक घातक वायरस निकलेगा। उनका कहना था कि अभी तक वायरस जमा हुआ है। भविष्यवाणी के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन की वजह से बर्फ पिघलेंगे और यह वायरस फैल जाएगा। उन्होंने बताया था कि इस वायरस के फैलने के बाद दुनिया में हालात बेकाबू हो जाएंगे।

बाबा वेंगा ने भविष्यवाणी की थी कि साल 2022 में दुनिया में भयानक प्राकृतिक आपदाएं आएंगी। भूकंप और सुनामी आने की संभावना है, तो वहीं ऑस्ट्रेलिया और कई एशियाई देशों को भीषण बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। सुनामी से सैकड़ों लोगों की जान जा सकती है।

बाबा वेंगा ने साल 2022 के लिए कई डराने वाली भविष्यवाणियां की थीं। इनमें कुछ देशों में पानी की कमी से परेशानी होने की बात शामिल थी। पुर्तगाल और इटली जैसे देशों ने कम पानी इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। 1950 के दशक के बाद से देश में सबसे कम बारिश हो रही है। इटली भी 1950 के दशक के बाद से सबसे ज्यादा सूखे का सामना कर रहा है।

इतिहास के झरोखे में आज का दिन

1949 - यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को अंगीकार किया गया।
1955 - मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गए।
1972 - तत्कालीन सोवियत रुस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979 -तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिनों के अंदर ही इस्तीफा दिया।
प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
1988 -पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का हवाई दुर्घटना में निधन एवं सीनेट के सभापति ग़ुलाम इशहाक ख़ान राष्ट्रपति बने। भारत और नेपाल में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई।
1994 - सं.रा. अमेरिका द्वारा क्यूबा के शरणार्थियों को आश्रय देने की 28 वर्ष की पुरानी नीति को समाप्त करने की घोषणा।
1998 - लिएंडर पेस ने पीट सम्प्रास को हराकर पायलेट पेन अंतर्राष्टीय टेनिस प्रतियोगिता जीता।
1991 - उत्तरी यूरोपीय देश इस्तोनिया ने तत्कालीन सोवियत रुस संघ से अलग होने की घोषणा की।
2001 - स्पेन में भारतीय चैम्पियन विश्वनाथन आनन्द ने स्पेन के अलेक्सेई शिरोव को शिकस्त देकर विलारोडेज शतरंज चैम्पियनशिप का ख़िताब जीता।
2002 - फ़िलिस्तीन छापामार नेता अबू निदाल मरा पाया गया।
2004 - फ़ोर्ब्स पत्रिका ने विश्व की सर्वाधिक शक्ति शाली महिलाओं की सूची जारी की। अमेरिका की कोंडोलीजा राइस, चीन की वू यी तथा भारत की सोनिया गांधी मशः प्रथम तीन स्थानों पर।
2008 - भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध कलाकार अरुणा साई राम को अमेरिका में विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।
रसायन व उर्वरक मंत्री राम विलास पासवान ने खाद उद्योग को चालू वित्त वर्ष में 22,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी देने की घोषणा की।
2013 - उत्तरी काकेशस में रूसी पुलिस की कार्रवाई में नौ आतंकवादी मारे गए।
2012 - वेनेजुएला की राजधानी काराकस में दंगे में 20 लोग मरे।

'ऐसा क्यों?'

हम उंगलियों में रत्न क्यों धारण करते हैं?

आचार्य 108 डा. श्री प्रणामसागर जी

पहले रत्नों को उंगली की शोभा बढ़ाने के लिए रजा-महाराजा पहना करते थे। लेकिन वर्तमान समय में ज्योतिष प्रभाव के कारण रत्नों को ग्रह बाधा निवारण के लिए पहनाया जाता है। सूर्य को प्रबल बनाने हेतु अनामिका में माणिक पहना जाता है, चन्द्र के लिए कनिष्ठा में मोती धारण कराया जाता है, मंगल के लिए अनामिका में मूंगा, बुध प्रभाव के लिए कनिष्ठा में पन्ना, गुरु के लिए पुखराज तर्जनी में, शुक्र के लिए हीरा अनामिका में, शनि के लिए मध्यमा में नीलम रत्न, राहु के लिए गोमेद मध्यमा में और केतु ग्रह प्रभाव के लिए मध्यमा में ही लहसुनिया पहनाया जाता है।

पुरुष दाएं हाथ में एवं स्त्रियां बाए हाथ में रत्न धारण करती है।

सोचने वाली बात है- जब रत्नों को उंगली में धारण करके उसका प्रभाव देखा जाता है। यदि रत्नत्रयधारी संतों को हृदय में धारण कर लिया जाए और संपूर्ण हाथों से प्रातः काल भगवान का अभिषेक के साथ प्रतिमा का स्पर्श कर लिया जाए तो सारा जीवन कष्टों से मुक्त हो सकता है।

प्राचीन समय से ये मान्यताएं प्रचलित रही है- राजा-महाराजा सोने-चांदी के बर्तनों में भोजन करते थे और रत्नों का उपयोग अपनी उंगलियों में ही नहीं वस्त्रों में भी करते थे। लेकिन समय परिवर्तन होता गया और आधुनिकता का प्रभाव बढ़ता गया। अब रत्न केवल उंगलियों में धारण किए जाते हैं, क्योंकि रत्नों का शरीर से स्पर्श हमको अनेक ग्रहों की बाधाओं से बचाता है।

वर्तमान में रत्न शोभा बढ़ाने के लिए पहने जा रहे है। इस कारण हमारे शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ा करता है क्योंकि दवाओं पर लिखा रहता है। डॉक्टर की सलाह के दवा ग्रहण न करें। इसी प्रकार रत्न भी दशा-महादशा के अनुसार शारीरिक और मानसिक जांच करने के काम आता है, क्योंकि उंगलियों का संबंध मन से होता है, मानसिक विचारों को ग्रहानुसार ऊर्जा प्रदान करने के लिए उंगलियों में रत्न धारण कराए जाते हैं।

ध्यान रखना- कोई भी रत्न जीवनभर धारण नहीं करना चाहिए। क्योंकि दशा-महादशा का प्रभाव सदैव एक-सा नहीं रहता। एक सौ बीस साल में बुध का प्रभाव 17 साल, केतु-7 साल, शुक्र-20 साल, सूर्य-6 साल, चन्द्र-10 साल, मंगल-7साल, राहु-18 साल, गुरु-16 साल और शनि-19 साल तक विंशोतरी दशानुसार रहता है। यदि किसी ग्रह का समय निकल चुका है तो रत्न उतार देना चाहिए क्योंकि अस्वस्थ व्यक्ति होने के बाद दवा ग्रहण नहीं करता। इसलिए यह भी रत्न चिकित्सा है। इसे विद्वानों की सलाह अनुसार धारण करें।

कान्हा से द्वारिकाधीश बनने तक बांके बिहारी की हर लीला है अद्भुत

हर साल भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कन्हैया का जन्मोत्सव दुनियाभर में मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने द्वापरयुग में धरती पर जन्म लिया। भगवान श्रीकृष्ण को श्रीहरि का आठवां अवतार कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण नारायण के पूर्ण अवतार हैं। पृथ्वी पर जन्म लेने के बाद कृष्ण अवतार में भगवान ने बहुत सी लीलाएं की। कान्हा से लेकर द्वारिकाधीश बनने तक उन्होंने कठिन सफर तय किया।

भगवान श्रीकृष्ण 64 कलाओं में निपुण हैं। उन्होंने ये 64 कलाएं गुरु संदीपनि से 64 दिनों में सीख लीं थीं। भगवान श्रीकृष्ण के कुल 108 नाम हैं। भगवान श्रीकृष्ण की दूसरी माता का नाम रोहिणी था। रोहिणी के पुत्र का नाम बलराम था जो कि शेषनाग के अवतार थे। भगवान श्रीकृष्ण के धनुष का नाम सारंग और अस्त्र का नाम सुदर्शन चक्र था। भगवान श्रीकृष्ण की गदा को कौमोदकी और शंख को पांचजन्य कहते थे। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र का इस्तेमाल शिशुपाल को मारने के लिए और सूर्यास्त का भ्रम पैदा करने के लिए भी किया। भगवान श्रीकृष्ण के रथ का नाम जैत्र था। उनके सारथी का नाम दारुक बाहुक था। उनके घो?ों का नाम शैव्य, सुग्रीव, मेघपुष्प और बलाहक था। कलारीपट्टु का प्रथम आचार्य श्रीकृष्ण को माना जाता है। इसी कारण नारायणी सेना सबसे प्रहारक सेना थी। भगवान श्रीकृष्ण देखने में अति सुंदर हैं और नयनाभिराम कहलाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का रंग मेघश्यामल था और उनके शरीर से मादक गंध निकलती थी। भगवान श्रीकृष्ण अंतिम वर्षो को छोड़कर कभी भी द्वारिका में छह माह से अधिक नहीं रहे। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न, कामदेव के अवतार थे। कर्ण वह पहले व्यक्ति थे जो श्रीकृष्ण के जन्म का रहस्य जानते थे। रासलीला में श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ नृत्य किया और गोपियों ने सोचा कि वह अकेले भगवान के साथ नृत्य कर रही हैं। कहा जाता है कि दही हांडी मनाने में गोविंदा माखन चुराने वाले बाल कृष्ण के प्रतीक हैं और उन्हें रोकने के प्रयास में पानी फेंकने वाले ब्रज की गोपियों का प्रतीक हैं।

जन्माष्टमी के दिन जरूर पढ़ें श्रीकृष्ण के जन्म की कथा, होंगे हर कष्ट दूर

भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था। आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण का

जन्म हुआ था। इसी कारण हर साल इस दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा विधिवत तरीके से की जाती है। इसके साथ ही माना जाता है कि पूजा के साथ बाल गोपाल के जन्म के समय की यह कथा अवश्य सुननी चाहिए। इससे सुख-समृद्धि, धन वैभव की प्राप्ति होती है।

भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा:
भागवत पुराण के अनुसार, द्वापर युग में मथुरा नगरी पर कंस नाम का एक अत्याचारी राजा शासन करता था। अपने पिता राजा उग्रसेन को गद्दी से हटाकर वो स्वयं राजा बन गया था। मथुरा की प्रजा उसके शासन में बहुत दुखी थी। लेकिन वो अपनी बहन देवकी को बहुत प्यार करता था। उसने देवकी का विवाह अपने मित्र वासुदेव से कराया। जब वो देवकी और वासुदेव को उनके राज्य लेकर जा रहा था तभी एक आकाशवाणी हुई - 'हे कंस! जिस बहन को तू उसके ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसके गर्भ से पैदा होने वाली आठवीं संतान तेरी मौत का कारण बनेगी।' आकाशवाणी सुनकर कंस क्रोधित हो उठा और वसुदेव को मारने बढ़ा। तब देवकी ने अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए कहा कि उनकी जो भी संतान जन्म लेगी, उसे वो कंस को सौंप देगी। कंस ने बहन की बात मान कर दोनों को कारागार में डाल दिया। कारागार में देवकी ने एक-एक करके सात बच्चों को जन्म दिया, लेकिन कंस ने उन सभी का वध कर दिया। हालांकि सातवीं संतान के रूप में जन्में शेष अवतार बलराम को योगमाया ने संकर्षित कर माता रोहिणी के गर्भ में पहुंचा दिया था। इसलिए ही बलराम को संकर्षण भी कहा जाता है।

आकाशवाणी के अनुसार, माता देवकी की आठवीं संतान रूप में स्वयं भगवान विष्णु कृष्ण अवतार के रूप में पृथ्वी पर जन्मे थे। उसी समय माता यशोदा ने एक पुत्री को जन्म दिया। इस बीच कारागार में अचानक प्रकाश हुआ और भगवान श्री हरि विष्णु प्रकट हुए। उन्होंने वसुदेव से कहा कि आप इस बालक को अपने मित्र नंद जी के यहां ले जाओ और वहां से उनकी कन्या को यहां लाओ।

भगवान विष्णु के आदेश से वसुदेव जी भगवान कृष्ण को सूप में अपने सिर पर रखकर नंद जी के घर की ओर चल दिए। भगवान विष्णु की माया से सभी पहरेदार सो गए, कारागार के दरवाजे खुल गए, यमुना ने भी शांत होकर वसुदेव जी के जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। वसुदेव भगवान कृष्ण को लेकर नंद जी के यहां सकुशल पहुंच गए और वहां से उनकी नवजात कन्या को लेकर वापस आ गए। जब कंस को देवकी की आठवीं संतान के जन्म की सूचना मिली। वह तत्काल कारागार में आया और उस कन्या को छीनकर पृथ्वी पर पटकना चाहा। लेकिन वह कन्या उसके हाथ से निकल कर आसमान में चली गई। फिर कन्या ने कहा- 'हे मूर्ख कंस! तूझे मारने वाला जन्म ले चुका है और वह वृंदावन पहुंच गया है। अब तुझे जल्द ही तेरे पापों का दंड मिलेगा।' वह कन्या कोई और नहीं, स्वयं योग माया थीं।

मुनि सभा मंदिर सैक्टर 23 में नंदोत्सव पर्व मनाया: स्वामी रसिक महाराज

जन्माष्टमी के दूसरे दिन मुनि सभा मंदिर सैक्टर 23 में नंदोत्सव पर्व मनाया गया। पूरे परिसर को वृंदावन की तरह तैयार किया गया था। बच्चों को श्रीकृष्ण के वेश में तैयार कर नंदोत्सव मनाया। इस अवसर पर नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी हमें उम्मीद दिलाती है कि, हालात चाहे कितने भी विपरीत हों, यदि ईश्वर की कृपा है तो, कारागार के दरवाजे भी खुल जाएंगे, घनघोर अंधकार में भी मार्ग प्रशस्त हो जाएगा, उफनती नदी भी रास्ता दे देगी और अंततः दुःख परमानन्द में परिवर्तित हो जाएगा। आज बहुत ही आनंद का दिन है कि कल भगवान

का मध्य रात्रि में प्राकट्योत्सव हुआ। आज हम लोग मुनि सभा परिसर में नंदोत्सव मना रहे हैं। भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी मनाने का उद्देश्य है भगवान कृष्ण का अवतार विशेष युगों में भी होता है और आयोगों में भी होता है। संपूर्ण विश्व के लिए संपूर्ण राष्ट्रों के लिए और आयु का अवतार होता है। विशेष भक्तों के लिए व्यक्तिगत होता जिसको बोलते हैं कैसे-कैसे भक्तों के लिए होता है। जैसे मीराबाई के लिए गिरधर गोपाल हुए नरसी मेहता के लिए सांवरा सेठ हुए तुलसीदास जी के लिए भगवान श्रीराम हुए। इसको बोलते हैं जन्माष्टमी मनाने का उद्देश्य होता है। जैसे भगवान ने युगों में अवतार लिया। ऐसे व्यक्ति के लिए व्यक्तिगत हमारे जीवन में भगवान का अवतार हो जाए, भगवान का अवतरण हो जाए भगवान का अभिप्राय है भगवान हमको सर्वत्र अनुभव होने लग जाएं, अपने हृदय में भी और सबके हृदय में भी हमारा जीवन भी सद्भाव पूर्ण हो जाए हो जाए और दूसरों को भी हम कृष्ण दृष्टि से प्रेम की दृष्टि से देखने लग जाए हमारा जीवन का आचरण सब के प्रति सौभाग्य पूर्ण हो जाएगा। जन्माष्टमी हमारी तभी सफल होगी जब हमारे व्यक्तिगत जीवन में भगवान कृष्ण का प्रेम प्रकट हो जाए और केवल प्रेम ही नहीं भगवान कृष्ण प्रकट हो जाएं। यही जन्माष्टमी मनाने का उद्देश्य होता है और उसी के उपलक्ष में हम लोग नंदोत्सव मना रहे हैं। भगवान कृष्ण आनंद स्वरूप है आनंद तत्व प्रधान है कृष्ण शब्द का अर्थ होता है अति आकर्षक। जीवन किसी भी प्रकार से प्रत्येक जीव को अपनी ओर आकर्षित कर ले उनको बोलते हैं कि भगवान कृष्ण।

भक्त हमेशा दातार की कृपा को ही मानते हैं

सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज | निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी

निरलेप जीवन में अहंकार बड़ी बाधा पैदा करता है। क्योंकि अक्सर इन्सान को भ्रम हो जाता है कि शायद मैं खुद ही अपना तथा अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा हूं। अक्सर कह भी दिया जाता है कि 'दाने दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम', लेकिन दास तो ऐसा मानता है कि 'दाने दाने पर लिखा है देने वाले का नाम।' दाना देने वाला जो प्रभु-दातार है, अगर इसकी कृपा न हो तो इन्सान के सामने भले ही अनेक पदार्थ पड़ रहें, उनमें से एक छोटासा कौर भी उठाकर मुँह में नहीं डाल सकता। भक्त हमेशा दातार की कृपा को ही मानते हैं। अगर कोई व्यापार करता है, तो भी ऐसा ही मानता है कि दातार अगर दिन में बीस-पच्चीस ग्राहक भी आ गये हैं, तो वे मेरे किसी यत्न के कारण नहीं, बल्कि तू मुझे रोजी-रोटी देना चाहता है, इसलिए कोई न कोई रुप धारण र तू ही मुझे रोजी-रोटी देने चला आता है। भक्तों की दृष्टि हमेशा से ऐसी ही रही है। लेकिन संसार का इन्सान अज्ञानतावश खुद कर्ता बन बैठता है। वह सोचता है कि मैं ही करने वाला हूँ, सब कुछ मेरे तन की ताकत के कारण हो रहा है, मेरी क्ल, स्यानप के कारण हो रहा है, या फिर मेरे धन के कारण हो रहा है। ये सभी भ्रम की बातें होती हैं। जैसे अगर एक गाड़ी चल रही है, तो कोई इंजन या कोई घोड़ा या बैल उसको खींच रहा होता है। अगर उस गाड़ी क पहिए पर कोई मक्खी बैठी हो और थोड़ा-थोड़ा जोर भी लगा रही हो, और वह सोचने लगे कि पहिया मेरे जोर लगाने से चल रहा है, तो यह उसकी भूल ही है। इसी तरह कुदरत सभी काम निरंकार की शक्ति से कर रही है। इन्सान खुद को कर्ता मानकर अपने आप को बेकार ही अहंकार में फंसा लेता है। अहंकार को हटाने पर माया का प्रभाव, माया का असर, माया का लेप खत्म हो जाता है।

जब तक इन्सान अपनी 'मैं' को कायम रखता है, तब तक उसे उसका असर भी ग्रहण करना पड़ता है तथा जब इस 'मैं' को हटा देता है तो उस पर कोई सर नहीं होता, वह यश-अपयश से ऊपर हो जाता है। सुख-दुख में एकरस रहता है तथा इस निराकार का आसरा लेकर अपने आपको निराकार में ही समा देता है।

अपने आपको निराकार के अर्पण कर देने से ही सहज अवस्था बन पाती है, मन के विकार स्वयं ही दूर होने लगते हैं, भेदभाव मिट जाते हं, जाति-पाति की दीवारें टूट जाती हैं, भाषा की दीवारें टूट जाती हैं। फिर कोई पराया नहीं रह जाता। ऐसी अवस्था बनजाने के बाद किसी से वैर करने का कोई आधार नहीं रह जाता। क्योंकि घृणा तो उतनी देर ही होती है, जितनी देर किसी को पराया माना जाए। जब कोई पराया ही नहीं, तो घृणा किससे की जाए? हम अक्सर देखते हैं कि हमारे कमरे में बहुत कीमती सामान पड़ाहोता है, बहुत अच्छा कागज दीवार पर लगा होता है। हमारा अपना बच्चा पेन्सिल लेकर उस पर कुछ लकीरें लगा रहा होता है तो हमें थोड़ा गुस्सा आता है, हम उसे डांटते हैं तथा समझाते हैं कि ऐसा नहीं करते। लेकिन किसी पड़ोसी का बच्चा हमारे कमरे में आकर कुछ लकीरें लगाता है, तो हमें उस पर केवल गुस्सा ही नहीं आता, बल्कि हम उससे घृणा भी करने लगते हैं कि कितना नालायक है, इसके माता-पिता ने क्या इसे यही सिखाया है? कहने का भाव, जितनी देर परायेपन की भावना है, बेगानेपन की भावना है, उतनी देर घृणा का जन्म होना स्वाभाविक ही है, लेकिन जब परायेपन की भावना समाप्त हो जाती है तो वहां पर कोई वैर या घृणा की भावना नहीं रहती। सबको प्रभु का मानेंगे तो घृणा किससे कर सकते हैं?

पंचांग

शनिवार, 20 अगस्त, 2022, सूर्योदयः 05:52 ए एम, सूर्यास्तः 07:00 पी एम, चन्द्रोदयः 12:17 ए एम, अगस्त 21, चन्द्रास्तः 02:03 पी एम, शक सम्वतः 1944 शुभकृत, विक्रम सम्वतः 2079 राक्षस, गुजराती सम्वतः 2078 प्रमादी, अमान्त महीनाः श्रावण, पूर्णिमान्त महीनाः भाद्रपद, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः नवमी - 01:08 ए एम, अगस्त 21 तक, नक्षत्रः रोहिणी - 04:40 ए एम, अगस्त 21 तक, योगः व्याघात - 09:42 पी एम तक, करणः तैतिल - 12:00 पी एम तक, द्वितीय करणः गर - 01:08 ए एम, अगस्त 21 तक, सूर्य राशिः सिंह, चन्द्र राशिः वृषभ, राहुकालः 09:09 ए एम से 10:48 ए एम, गुलिक कालः 05:52 ए एम से 07:30 ए एम, यमगण्डः 02:05 पी एम से 03:43 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:00 पी एम से 12:52 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:52 ए एम से 06:45 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:45 ए एम से 07:37 ए एम, अमृत कालः 01:05 ए एम, अगस्त 21 से 02:53 ए एम, अगस्त 21

भविष्य फल

मेषः आप अपने काम में आज पूरा मन लगाकर मेहनत करेंगे। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में ट्रांसफर होने की सूचना मिल सकती है।

वृषः आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। व्यापारी किसी नये काम की शुरुआत कर सकते हैं।

मिथुनः आज जीवन साथी से संबंध और भी मधुर होंगे। आपका ध्यान अपने लक्ष्य पर बना रहेगा। नए परिचित अथवा नवीन सौदे चिंता का कारण बन सकते हैं।

कर्कः नए काम और नई बिजनेस डील सामने आ सकती है,परेशानियों से निपटने के लिए दिन अच्छा रहेगा, कोई नया ऑफर भी मिल सकता है, सोचे हुए काम शुरू कर दें, आपके काम जल्दी ही पूरे हो जाएंगे।

सिंहः आज मानसिक तनाव हावी रहेगा और थोड़ी शारीरिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं, जिसकी वजह से दिनमान सामान्य रहेगा। जोड़ों में दर्द या एसिडिटी की सकता है।

कन्याः आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सारे काम आसानी से पूरे होते दिखेंगे। अपने भविष्य के लिए कोई योजना बना सकते हैं।

तुलाः विद्यार्थियों के लिए यह समय काफी अनुकूल रहेगा। कोई ऐसा आचरण न करें जिससे आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो।

वृश्चिकः नौकरी और बिजनेस में अचानक फैसले लेने पड़ेंगे, नुकसान भी हो सकता है, कन्फ्यूजन बढ़ सकता है, किसी अनचाहे नुकसान के लिए तैयार रहें, फालतू खर्चा भी होने के योग हैं।

धनुः आज का दिन मान आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप जिस मानसिक दबाव को स्वयं पर महसूस कर रहे थे। आज उससे आपको मुक्ति मिल सकती है।

मकरः आज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी से भी व्यर्थ की बात करने से आपको बचना चाहिए।

कुंभः कामकाज में रुकावटें आने से आज आपका मूड खराब हो सकता है। शरीर एवं मन से आज आप तरोताजा महसूस करेंगे।

मीनः बिजनेस में कुछ नया करने के चक्कर में आपकी परेशानी बढ़ सकती है, मन में जो उठापटक चल रही है उस वजह से आज काम में कहीं मन नहीं लगेगा।

पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला

अपराध कथा

आखिर हैवानियत करने वालों को शर्म क्यों नहीं आती?

बच्ची से दुष्कर्म, फिर हत्या

हरियाणा पुलिस ने अपहरण के बाद मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और फिर हत्या करने के मामले को चंद घंटों में ही सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला पानीपत जिले का है, जहां 15 अगस्त को एक 6 साल की मासूम बच्ची का अपहरण किया गया। फिर दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने अपराध स्थल का दौरा किया और वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की पुष्टि हुई थी।

पुलिस टीमों ने आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक आरोपी लड़की को ले जाते हुए दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान की और उसे पानीपत के सेक्टर-25 स्थित जिमखाना क्लब के पास से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी की पहचान उत्तराखंड के पीरी चमोली के ईश्वर के रूप में हुई है, जो वर्तमान में कृष्णा गार्डन में किराएदार के रूप में रह रहा था।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया. उसने बताया कि जब पीड़िता अपने छोटे भाई के साथ एक पार्क में खेल रही है, वह बहला-फुसलाकर उसे उठा ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर मौके से फरार हो गया। आरोपी ईश्वर पिछले पांच महीने से एक ढाबे पर काम कर रहा था।

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया ही। इस मामले को अब फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर पुलिस आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाने की कोशिश करेगी।

अपहरण के बाद दुष्कर्म

पंजाब के फाजिल्का क्षेत्र में अरनीवाला पुलिस ने 9 वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म कर धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर वीरा रानी ने बताया कि उन्हें पीड़ित बच्ची की मां ने बयान दर्ज करवाए थे कि बीती 12 अगस्त को उसकी लड़की गांव के गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने गई थी। वह जब वापस लौटी तो उसके कपड़ों पर खून लगा हुआ था और बेहद सहमी हुई थी।

पहले तो बच्ची ने पूछने पर कुछ भी बताने से इनकार कर दिया, लेकिन जब जोर देकर पूछा गया तो बच्ची ने बताया कि गुरुद्वारे से माथा टेककर वापस लौटते समय पड़ोसी संदीप सिंह उसका मुंह बंद कर जबरन उठाकर खेतों में ले गया था और उसके साथ गलत काम किया।

दुष्कर्म के आरोपी ने बच्ची को धमकी भी दी कि अगर इस बारे में किसी को कुछ बताया तो वह उसे जान से मार देगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का दावा है कि जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

हरियाणा में नाबालिग अशक्त बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना जमा नहीं कराने पर एक साल के कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

सोनीपत जिले में खरखौदा क्षेत्र की एक महिला ने पिछले साल 23 जून को शिकायत दी थी कि उसकी 13 साल की बेटी शारीरिक रूप से अशक्त है। देवेंद्र (30) नाम के पड़ोसी ने जान से मारने की धमकी दे कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित दुष्कर्म और अन्य ढायाओं के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी को बाद में बहादुरगढ़ से गिरफ्तार किया था।

मामले की सुनवाई के बाद अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा की अदालत ने आरोपी देवेंद्र को दोषी करार दिया था। दोषी को पॉस्को एक्ट के तहत उम्रकैद और एक लाख रुपए जुर्माना की सजा दी गई है। इसके अलावा धारा 506 में पांच साल कैद और दस हजार रुपए जुर्माने की भी सजा सुनाई गई है।

छत से गिराया छात्रा को

पंजाब के मोगा शहर में स्टेडियम में खेलने गई छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश और मारपीट का मामला सामने आया है। तीन युवकों ने छात्रा का मोबाइल छीनने की कोशिश की। छात्रा ने विरोध किया तो उन्होंने उससे मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने छात्रा से जबरदस्ती भी की, लेकिन उसने युवकों का मुकाबला किया।

आरोपियों ने छात्रा से मारपीट करते हुए उसे छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गई। छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, अभी छात्रा बोल नहीं सकती. उसके दोनों पांव और जबड़ा टूट गया है।

छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी 12वीं कक्षा की छात्रा है। वह ट्यूशन पढ़ कर वापस घर आई थी। इसके बाद वह घर के पास बने स्टेडियम में खेलने चली गई। वहां उसकी पहचान का एक युवक था, जो उसे बातों में लगाकर स्टेडियम की छत पर ले गया। छत पर पहले से ही दो युवक बैठे हुए थे।

तीनों बदमाशों ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। विरोध किया तो आरोपियों ने बेटी से मारपीट करनी शुरू कर दीञ तीनों युवकों के संग वह अकेली लड़ती रही। इतने में एक युवक ने मौका देखकर उसे स्टेडियम की छत से धक्का दे दिया। अन्य खिलाड़ियों ने उसे देखकर परिजनों और एंबुलेंस को फोन किया।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मोगा में सिटी थाने के प्रभारी दलजीत सिंह ने बताया कि जैसे ही घटना का पता चला, पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को लुधियाना के अस्पताल में पहुंचाया गया. छात्रा अभी बयान देने की हालत में नहीं है। जैसे ही बच्ची की हालत थोड़ी सही होती है, बयान दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सुमित्रा की रिपोर्ट

न्यूज ब्रीफ

गढ़वाल सभा का रक्तदान शिविर कल

पंचकूला (अप्रस)। गढ़वाल सभा पंचकुला रविवार, 21 अगस्त 2022 को कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 19, पंचकुला में जनरल हॉस्पिटल सेक्टर 6 पंचकुला के ब्लड बैंक की साहयता से रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। गढ़वाल सभा पंचकुला ने कोविड महामारी क़े समय भी रक्तदान का आयोजन किया था। सभा क़े पदाधिकारियों ने बताया कि बिगत वर्ष की भांति भी इस समय पंचकुला क़े लोगों की भागीदारी रहेगी। यह जानकारी गढ़वाल सभा पंचकूला के महासचिव बीरेंद्र प्रसाद बहुगुणा ने दी।

दीपिंदर ढिल्लों ने अंतरिक्ष जैन को किया सम्मानित

जीरकपुर (मनिंदर मनौली)। जीरकपुर के बलटाना स्थित गोविंद विहार सोसायटी के 23 वर्षीय अंतरिक्ष जैन ने यूपीएसई की परीक्षा पास की थी, उसको आज कांग्रेस के हल्का इंचार्ज दीपिंदर सिंह ढिल्लों ने सम्मानित किया। इस मौके पर दीपिंदर सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष जैन ने यह परीक्षा पास कर इलाके का नाम रौशन किया है। उन्होंने अंतरिक्ष के पिता संत जैन को बधाई दी और कहा कि यह परिवार द्वारा दिए गए अच्छे संस्कारों का परिणाम है कि अंतरिक्ष ने 130वा रैंक हासिल करके सभी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब से चुने गए 22 युवाओं में अंतरिक्ष ने प्रथम प्रयास में परीक्षा पास की है, जो डेराबस्सी हल्के के लिए बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर दीपइंदर ढिल्लों ने अंतरिक्ष जैन को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि वह देश और पंजाब का नाम रोशन करेंगे और लोगों के कल्याण के लिए जीवन भर प्रतिबद्ध रहेंगे।

श्री बद्री सेवा समिति का दूसरा जागरण 3 सितम्बर को

नयागांव (मलिक संजीव)। श्री बद्रीनाथ सेवा समिति द्वारा 3 सितम्बर को दुसरा जागरण एंव भण्डारा नगर खेडा नयागांव में करवाने जा रहे है जिसके बारें में चेयरमैन दिनेश चन्द, उप चेयरमैन श्याम लाल,प्रधान कुलतार सिंह राणा ,उप प्रधान देस राज बंसल,उप प्रधान कुलवंत सैणी, महासचिव प्रीतपाल मोर्या तथा खजांची तिलक राज आदी सदस्यो ने बताया कि दिन शनीवार को सुबह 9.15 बजे भूमी पूजन, सायं 7.15 बजे ज्योति प्रचण्ड तथा 8 बजे भण्डारा आरम्भ किया जायेगा। इस जागरण में विजय रत्न शर्मा,मस्टर आयुष तथा टी वी कलाकार मस्टर नूर मेहरा माता की भेंटो का गुणगाण करेंगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण में चंडीगढ़ को देश में नंबर वन बनाने के लिए एमसीसी पूरी तरह से समर्पित

'स्वच्छता की पाठशाला' को शहर भर के स्कूलों से मिली शानदार प्रतिक्रिया

- एमसीसी ने सिर्फ एक महीने के भीतर 40 स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला आयोजित की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। कचरा प्रबंधन के बारे में युवा मन को शिक्षित करने के महत्व को समझते हुए, एमसीसी ने एक जागरूकता अभियान ÷स्वच्छता की पाठशाला÷ शुरू किया था, जिसमें नगर निगम के विभिन्न अधिकारी स्कूल में छात्रों को संबोधित करते हैं और महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करते हैं। कचरे के पृथक्करण, प्लास्टिक पर प्रतिबंध, घर में खाद बनाने और नागरिक की जिम्मेदारी। सिर्फ एक महीने के भीतर एमसीसी ने 40 सरकारी और निजी स्कूलों को कवर किया है। 200 से अधिक स्कूलों के लक्ष्य के साथ एमसीसी ने अगले तीन महीनों में प्रत्येक स्कूल को कवर करने का लक्ष्य रखा है।

इन सत्रों के दौरान, सुश्री अनिंदिता मित्रा, आईएएस, आयुक्त और एमसीसी के अन्य अधिकारियों ने कक्षा 6 से 12 वीं के बीच के छात्रों को संबोधित किया और कचरे की मात्रा को देखते हुए कचरे के पृथक्करण के आयात पर जोर दिया और पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभाव को अलग नहीं किया।

छात्रों को रसायन विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान के आसान उदाहरणों का उपयोग करके अवधारणाओं को समझने के लिए बनाया गया था। छात्रों को उनके घरों के मॉनिटर के रूप में नामित किया गया और सिखाया गया कि अपने घरों से निकलने वाले कचरे का निरीक्षण कैसे करें। उन्हें होम कम्पोस्टिंग के प्रोजेक्ट दिए गए और बताया गया कि कैसे कोई जानबूझकर प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को कम कर सकता है। धीरे-धीरे और लगातार, नागरिकों और एमसीसी की सामूहिक जिम्मेदारी की अवधारणा बढ़ने लगी।

स्कूल के अधिकारियों से घर में खाद बनाने का अभ्यास करने वाले छात्रों के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने का अनुरोध किया गया था। संस्थान में ही अप्रयुक्त सामग्री को पुनर्चक्रित करके स्रोत पर खाद बनाने के नए विचारों वाले स्कूलों की सराहना की गई।

इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चंडीगढ़ के हर घर में एक युवा पैदल सैनिक हो जो स्रोत पर कचरे को अलग करने और प्लास्टिक पर प्रतिबंध के महत्व को पूरी तरह से समझता हो। एमसी के 100 फीसदी अपशिष्ट प्रसंस्करण के प्रयासों के साथ यह अभियान यह सुनिश्चित करेगा कि चंडीगढ़ देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में उभरे।

तेज रफ्तार कार की टक्कर में दो मोटरसाईकिल सवार गंभीर घायल

- चालक कार समेत मौके से फरार

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली

बनूड, 19 अगस्त। बनूड से लांडरा जा रहे बाबा बंदा सिंह बहादुर मार्ग पर गांव तंगोरी के पास एक कार ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिस कारण मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल जसविंदर सिंह पुत्र मोरू राम निवासी वार्ड नंबर 12 बाजवा कॉलोनी बनूड व जीत सिंह पुत्र बल्लू राम निवासी वार्ड नंबर 4 आईटीआई बनूड का मोहाली सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल युवकों ने बताया कि वह चितकारा विश्वविद्यालय की बस चलाते है। उनकी बस मोहाली में रुकती है। वह हमेशा की तरह सुबह 6.30 बजे अपनी मोटरसाइकिल पर बनूड से मोहाली जा रहे थे। जब वह तंगोरी गांव के पास पहुंचे, तो उनके पीछे आ रही तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल युवकों के बयान दर्ज कर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

भाजपा की कठपुतली बन गई हैं जांच एजेंसियां: राठी

पंचकूला, 19 अगस्त (सुनील)। आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान सुरेंद्र राठी ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर सीबीआई जांच पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सुरेंद्र राठी ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा की कठपुतली बन गई है। केवल विपक्ष के नेताओं को ही इन एजेंसियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, जबकि भाजपा नेताओं के खिलाफ सैंकड़ों ही मामले विचाराधीन है। सुरेंद्र राठी ने कहा कि सबसे हैरानी की बात है कि जब तक कोई नेता विपक्ष में होता है, तो उस पर जांच बिठा दी जाती है और जैसे ही वह भाजपा में चला जाता है, तो किसी एजेंसी को वह नेता दिखाई नहीं देता। सुरेंद्र राठी ने कहा कि भाजपा सरकार दबाव की राजनीति की रही है। सुरेंद्र राठी ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स में दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफ हुई जो कि केंद्र सरकार को हजम ना हो पाई और उन्होंने मामले में जानबूझकर केंद्रीय जांच ब्यूरो का दुरुपयोग करते हुए टीम को उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर भेज दिया, ताकि उन्हें झूठे मामले में फंसाया जा सके। मोदी सरकार ने जांच एजेंसियों का शरारती दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक विरोधियों और आलोचकों के खिलाफ प्रतिशोध का एक अभियान चला रखा है। कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं को जानबूझकर निशाना बनाया गया है।

मनीमाजरा मोटर मार्केट में जगह-जगह कूड़े के ढेर

- गंदगी के कारण क्षेत्र में महामारी फैलने का डर

अर्थ प्रकाश/मनीष

मनीमाजरा, 19 अगस्त। एक ओर जहां पंचकूला में स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर इलाके में साफ सफाई पर पूरा जोर दिया जा रहा है। वहीं सिटी ब्यूटीफुल के सबसे पुराने इलाके मनीमाजरा की मोटर मार्केट में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है। जिससे चारों ओर बदबू फैल रही है। जिससे यहां पर कोई भयंकर बीमारी फैलने का डर बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि मोटर मार्केट पंचकूला के बिलकुल बार्डर पर स्थित है। पंचकूला से आने वाले या जाने वाले लोग गंदगी के ढेर को देख कर सिटी ब्यूटीफुल के नाम पर हंसते हैं। हालांकि रोजाना इस मार्केट में सफाई कर्मी आते तो हैं लेकिन खानापूर्ति कर चले जाते है।

इस बारे में स्थानीय निवासी गौरव का कहना है कि इस जगह पर गंदगी के ढेर के कारण आसपास बदबू फैली रहती है। इस गंदगी के कारण इलाके में बीमारी फैलाने का भय बना रहता है। बार-बार अधिकारियों को इस बारे में बताने के बावजूद भी इस जगह की साफ नहीं करवाई जाता। वहीं इस बारे में मैकेनिक विजय का कहना है कि मोटर मार्केट तो रिहायशी इलाका नहीं है। फिर भी न जाने कहां से रोज यहां पर कूड़े का ढेर लगा जाता है। जब किसी उच्च अधिकारी ने दौरे पर आना होता है तो मोटर मार्केट को पूरी तरह साफ कर दिया जाता है। अन्यथा यहां पर सफाई भगवान भरोसे ही है।

निगम के एमओएच विंग ने पशुओं का गोबर ओपन एरिया में गिराने वालों के काटे चालान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। नगर निगम चंडीगढ़ के एम ओ एच विंग के द्वारा के अधिकारियों ने संपूर्ण एरिया में अभियान चलाकर उन लोगों के चालान काटे जो अपने पशुओं का गोबर ओपन एरिया में गिराते थे। 2 दिन पहले ही चंडीगढ़ के सलाहकार धर्मपाल सिंह व नगर निगम की उपायुक्त श्रीमती आनंदिता मित्रा का दौरा हुआ था यह दौरा नगर निगम चंडीगढ़ की महापौर श्रीमती सर्वजीत कौर ने करवाया था जिसमें मनीमाजरा के सीमावर्ती क्षेत्रों को सौंदर्य करण का मुद्दा उठाया गया था और गंदगी फैलाने वालों पर कारवाई करने के आदेश जारी किए गए थे नगर निगम के इंस्पेक्टर देवेंद्र रोहिल्ला ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मनीमाजरा जॉन के सभी इंस्पेक्टरों को साथ लेकर सफाई में कोताही बरतने वालों और बाहर गोबर गिराने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चालान किए गए एवं सभी लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। सभी लोगों से अपील की गई कि वे लोग मनीमाजरा चंडीगढ़ को सुंदर बनाने के लिए अपना सहयोग दें जो भी शहर को गंदा करने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम की निगरानी में खेल मेले को लेकर प्रैक्टिस मैच आयोजित

- एसडीएम व प्रेस क्लब डेराबस्सी की टीम के बीच हुआ रस्साकशी का मैच

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी, 19 अगस्त। एसडीएम डेराबस्सी हिमांशु गुप्ता के नेतृत्व में पंजाब खेल मेला 2022 शुरू करने के लिए डेराबस्सी गवर्नमेंट कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद, राजस्व विभाग, बीडीपीओ कार्यालय, प्रेस क्लब के सदस्यों ने हिस्सा लिया। जहां रस्साकसी, वॉलीबॉल और फुटबॉल मैच हुए।

कॉलेज के मैदान में डेराबस्सी प्रशासन और प्रेस क्लब सबडिवीजन टीमों के बीच रस्साकशी और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, प्रशासन की टीम ने रस्साकशी में जीत हासिल की और प्रेस क्लब डेराबस्सी की टीम वॉलीबॉल में जीती। इन प्रतियोगिताओं में स्वयं एसडीएम डेराबस्सी हिमांशु गुप्ता ने भी भाग लिया। जिसकी प्रेस क्लब डेराबस्सी प्रधान रणबीर सिंह व हलका प्रैस क्लब के अध्यक्ष मनोज राजपूत समेत सभी सदस्यों ने प्रशंसा की।

एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि खेल मेले के तहत प्रदेश के हर जिले में 28 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। देश की आजादी के बाद 75 साल में पहली बार ऐसा मेला लगने जा रहा है और पंजाब की खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने का यह प्रयास किया जा रहा है। इस खेल मेले के तहत ब्लाक, जिला व राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी। ब्लाक स्तरीय मेला 29 अगस्त 2022 से 04 सितंबर 2022 तक, जिला स्तर पर 09 सितंबर से 20 सितंबर और राज्य स्तर पर 11 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2022 तक आयोजित किया जाएगा।

इस मेले के लिए खिलाड़ी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से पंजीकरण करवा सकते हैं। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए जिला खेल कार्यालय में संपर्क कर पंजीकरण करवा सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 25 अगस्त तक खुला है।

इस मेले के तहत विभिन्न श्रेणियों के खेलों का आयोजन किया जाएगा।

एसवाईएल नहर के किनारे से अज्ञात युवती का शव बरामद

- पुलिस ने शनाख्त के लिए शव राजपुरा सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली

बनूड, 19 अगस्त। स्थानीय पुलिस ने गांव खेडा गज्जू के पास से गुजर रही सतलुज यमुना लिंक नहर के किनारे से एक अज्ञात लड़की का शव बरामद किया है। डीएसपी राजपुरा सुरिंदर मोहन सिंह व थानाध्यक्ष जगजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह गांव खेड़ा गज्जू के सरपंच रोहित कुमार रिक्की ने बनूड पुलिस को सूचना दी कि सतलुज यमुना लिंक नहर के किनारे एक अज्ञात युवती का शव पडा है। उन्होंने बताया कि इस सूचना के बाद उन्होंने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया और उसकी शिनाख्त करनी चाही, लेकिन आसपास रहने वाले लोगों से कुछ पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि मृतक बच्ची की उम्र करीब 24-25 साल है, लड़की ने काले रंग की टी-शर्ट और नीचे काले रंग की लोअर पहनी हुई है। ऐसा लगता है कि लड़की की गला घोंटकर हत्या की गई है। डीएसपी सुरिंदर मोहन सिंह ने कहा कि लड़की की शिनाख्त के बाद ही लड़की की हत्या के कारणों का पता चलेगा। फिलहाल पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए 72 घंटे के लिए राजपुरा के एपी जैन अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

मुख्यमंत्री ने किया बाल कलाकार के गीत का विमोचन

शिमला (अप्रस)। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने शुक्रवार को यहां ओक ओवर में रामपुर बुशहर के बहुचर्चित बाल कलाकार मास्टर भाविक राजा के गीत 'माये नी मेरिए' का विमोचन किया। विमोचन अवसर पर शिमला की साईं झूमन वेल्फेयर एण्ड एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सुभाष शर्मा भी उपस्थित रहे। इस मौके पर सोसायटी ने मुख्यमंत्री के माध्यम से मास्टर भाविक राजा को एक लाख रुपये की राशि भी भेंट की। छठी कक्षा में अध्यनरत यह दस वर्षीय बाल कलाकार पिछले कई दिनों से अपने मधुर गीतों के कारण सोशल मीडिया में काफी चर्चित रहा है। मुख्यमंत्री ने मास्टर भाविक राजा का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में इस प्रतिभाशाली बाल कलाकार की हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

एचपीएसआईडीसी के डायरेक्टर का किया स्वागत

बरोटीवाला (अप्रस)। हिमाचल प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के डायरेक्टर बलबीर ठाकुर का शुक्रवार को एक समारोह में ईएसआईसी के पूर्व उप निदेशक देवदत्त यादव व अन्य लोगो ने जोरदार स्वागत किया बलबीर ठाकुर ने उनका आभार जताते हुए कहा कि भारत के 75 साल आज़ादी के रूप में अमृत महोत्सव मनाया गया है। उससे पूरे देश मे अपने राष्ट्र के प्रति राष्ट्रीयता की भावना को बल मिला।और छोटे से बड़े सभी लोगो ने इसे बड़े हर्षोल्लास से मनाया। झाड़माजरी में आयोजित बस स्टैंड में सैकड़ों की तादाद में लोग तिरंगा बाइक रैली जो कि दिल्ली से चायल व बीबीएन में पहुंची थी उसका जबरदस्त स्वागत हुआ। जिसमें आईईसी यूनिवर्सिटी ने अहम भूमिका निभाई। इस रैली से बहुत अच्छा संदेश समाज में गया। बलबीर ठाकुर ने कहा कि हमे अपने राष्ट्र के प्रति सजग रहना होगा। सभी मतभेद भुला कर सर्वप्रथम अपना राष्ट्र है। उसके बाद ही सब कुछ है। उन्होंने आई ई सी यूनिवर्सिटी के साथ साथ द बद्दी प्रेस क्लब का भी आभार जताया। जिन्होंने इस कार्य मे भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन में प्रधान संजीव बस्सी, योग राज भाटिया,जसविंदर ठाकुर, गिरधारी लाल कश्यप, आदित्य चड्ढा, विक्रम ठाकुर, के एस रनोट, अदन चौहान, गुरदयाल ठाकुर,प्रितपाल सिंह, पंकज कौशल, सुरिंदर सोनी,अजय शर्मा, जोगिंदर चंदेल,शिव बैंसल, संजीव राजपूत, पीआर प्रजापति, पंकज गोलडी, परवीन शर्मा, सुखविंदर चंदेल, शिवम चंदेल, हरीश बेदी उपस्थित रहे।

बद्दी-बरोटीवाला रोड पर विकास की गंगा

बद्दी (अप्रस)। बद्दी-बरोटीवाला मेन रोड पर पुलिस स्टेशन के आगे गलेक्सो कंपनी और प्रीत आरा के पास सड़क -सड़क न होकर तालाब बन गई है। यहां पर कुछ कंपनियों ने बरसाती पानी को बंद कर दिया है जिसके कारण यह जलभराव हुआ है। यहां पर फोर व्हीलर तो निकल जाते हैं लेकिन दो पहिया वाहनों के लिए सिरदर्द बन चुका है। ड्यूटी पर आने जाने वाले के अलावा पैदल राहगीरों के लिए बीबीएनडीए और लोक निर्माण विभाग तथा प्रशासन का एक बहुत बड़ा तोहफा है। यह पहली बार हुआ है कि यहां पर पानी का भराव हुआ है और किसी भी तरफ से पानी निकलने की जगह नहीं बची है। एक साईड स्कूल, उसके बाद गलैक्सो उद्योग तो तीसरी ओर मोतिया प्लाजा शापिंग माल है। इस विषय में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ मुनीष ठाकुर ने कहा कि यहां पर हमारे विभाग ने राजस्व विभाग को निशानदेही को लेकर लिखा है और निशानदेही के बाद ही पता चलेगा कि प्राकृतिक नाला बंद क्यों हुआ है या किसी ने जानबूझकर बंद किया है। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद इस समस्या का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा।

किसानों के आंदोलन को लेकर बोले सीएम जयराम ठाकुर

बागवानों का आंदोलन राजनीतिक

■ बागवानों का पलटवार- 27 संगठन लड़ रहे 5000 करोड़ के सेब उद्योग को बचाने की लड़ाई

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय

शिमला, 19 अगस्त। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सेब बागवानों के आंदोलन को राजनीतिक करार दिया है। शिमला में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन में अब राजनीतिक हित सामने आ गए हैं। बागवानों की जो जायज़ मांगे थी, उन पर सरकार ने विचार किया है। कुछ का समाधान कर लिया गया है। शेष मांगों के समाधान के लिए, कदम उठाए जा रहे हैं। इस पर बागवानों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

गौरतलब है कि हिमाचल के बागवान डेढ़ माह से महंगे कार्टन, एपीएमसी कानून लागू करने, जम्मू कश्मीर की तर्ज पर एमआईएस के तहत सेब की खरीद, शोघी बैरियर पर बागवानों से अवैध वसूली की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसे लेकर सेब बहुल क्षेत्रों में जगह जगह धरने के अलावा राज्य सचिवालय का घेराव और शिमला के मॉल रोड पर गिरफ्तारियां तक बागवान दे चुके हैं। अब 25 अगस्त को अडानी के कोल्ड स्टोर के घेराव की बागवान चेतावनी दे चुके हैं।

प्लम ग्रोवर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक सिंघा ने बताया कि संयुक्त किसान मंच के बैनर तले 27 किसान-बागवानों संगठन यह लड़ाई लड़ रहे है। इसमें राजनीति कहां से आ गई है। उन्होंने बताया कि प्रोग्रेसिव ग्रोवर एसोसिएशन, प्लम ग्रोवर एसोसिएशन, छोहारा ग्रोवर सोसायटी जैसे संगठन सेब उद्योग को बचाने की लड़ाई रह रहे है। इसे राजनीतिक आंदोलन करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा के तीनों मुख्यमंत्रियों ने की सेब की अनदेखीः हरि चंद रोच

कोटगढ़ हॉर्टिकल्चर एवं एनवायरमेंट डेवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष हरि चंद रोच ने बताया कि सरकार बागवानों को भी अब राजनीति का टैग लगा रही है। उन्होंने कहा कि छ्छ्क्से जब शांता कुमार मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने बागवानों पर लाठी-गोली चलाई, जिसमें तीन बागवानों की मौत हो गई थी। प्रेम कुमार धूमल जब मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने गुम्मा में कार्टन फैक्टरी बंद की, जिसकी वजह से आज कार्टन ओपन मार्केट में कई गुणा महंगा बिक रहा है। अब जयराम सरकार ने पहले दवाइयों पर मिलने वाली सब्सिडी बंद की और मंडियों में लूट की खुली छूट दी जा रही है। उन्होंने भाजपा सरकार के तीनों छ्स्रूपर सेब बहुल क्षेत्रों की अनदेखी का आरोप लगाया है।

सीएम का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : बिष्ट

प्रोग्रेसिव ग्रोवर एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकेंद्र बिष्ट ने बताया कि सरकार ने जो भी मांगे मानी है, उनमें से एक भी पूरी नहीं हुई। न तो एमआईएस की पेमेंट बागवानों को दी जा रही है। खासकर हिमफेड से पेमेंट लेने के बागवान दर दर भटक रहे हैं। इसी तरह निजी घरानों के सेब के रेट भी कमेटी द्वारा तय नहीं किए गए। मंडियों में पहले की तरह लूट घसूट जारी है। शोघी बैरियर पर भी वसूली नहीं रोकी गई है। इसलिए मुख्यमंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। सेब आंदोलन राजनीतिक दल नहीं बल्कि किसानों बागवानों के संगठन लड़ रहे हैं।

जय राम को करना चाहिए आत्मसात : सिंघा

मुख्यमंत्री के बयान पर ठियोग के विधायक राकेश सिंघा ने पलटवार करते हुए सीएम को आत्मसात करने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मंच के बैनर तले लड़ी जा रहे आंदोलन में राजनीति कहां से आ गई। यही भूल 1987 और 1990 में तब के सीएम शांता कुमार ने भी की थी। उन्होंने कहा कि बागवान 5000 करोड़ रुपए के सेब उद्योग को बचाने के लिए लड़ रहे है और मुख्यमंत्री का इस तरह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है।

तेंदुए से भिड़ गई गाय, फिर भी नहीं बची जान

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

गोपालपुर, 19 अगस्त। पालमपुर के साथ लगते क्षेत्र गोपालपुर और चमोट् के बीच कुमारतां नामक क्षेत्र में एक कार चालक ने दिन दिहाड़े तेंदुए को गाय को अपना शिकार बनाते देखा। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि कार चालक ने गाय को तेंदुए के चुंगल से छुड़ाने का बहुत प्रयास किया।

उन्होंने गाड़ी के हॉर्न को लगातार बजाकर गाय को छुड़ाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन तेंदुए, ने गाय को नहीं छोड़ा तथा गाय को गले से घसीटता हुआ जंगल के अंदर खाई में ले गया। दिन दहाड़े मेन रोड पर तेंदुए को देखकर लोगों में दहशत का माहौल है।

2 युवक कर रहे थे परेशान, युवती ने जहर खाकर दी जान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सुंदरनगर, 19 अगस्त। हिमाचल में जिला मंडी के उपमंडल धुनाग के पुलिस थाना जंजैहली के अंतर्गत युवती का 2 युवकों द्वारा मानसिक तौर पर उत्पीड़न कर उसे आत्महत्या करने के लिए, मजबूर करने का मामला सामने आया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपमंडल थुनाग के रहने वाले शिकायतकर्ता पिता ने पुलिस थाना जंजैहली में शिकायत दर्ज करवाई है 2 युवकों द्वारा उसकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। जिस कारण उनके मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर बीते 9 अगस्त को उनकी बेटी ने जहर पी लिया और 16 अगस्त को जहर के कारण उपचार के दौरान आईजीएमसी शिमला में उसकी मृत्यु हो गई। शिकायतकर्ता अनुसार उसकी बेटी ने आरोपी युवकों द्वारा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण जहर पीकर मजबूर होकर अपनी जान दी है।

शपथ ग्रहण स्थगित करने के रहस्य से पर्दा उठाये सरकार : राजेंद्र राणा

हमीरपुर 19 अगस्त (अप्रस)। सुजानपुर के विधायक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राणा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और मेंबरों की नियुक्ति के बारे में अधिसूचना जारी करने के बाद आनन-फानन में शपथ ग्रहण समारोह का तड़के ही टाइम निश्चित कर दिया जाना और फिर अचानक से यह कार्यक्रम स्थगित हो जाना बहुत हैरानी जनक मामला है और ऐसा क्यों हुआ, इस रहस्य से सरकार को तुरंत पर्दा उठाना चाहिए।

शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने राज्य लोक सेवा आयोग जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए इस तरह का कारनामा किया है जो सोशल मीडिया सहित पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। सरकार को इस प्रकरण में चुप्पी मामले को रहस्यमय बना रही है जिस पर पर्दा उठना चाहिए।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार कभी पुलिस भर्तियां स्थगित कर देती है तो कभी शपथ ग्रहण समारोह स्थगित कर देती है। सरकार के भीतर क्या चल रहा है, यह जानने का प्रदेश की जनता को पूरा हक है। सरकार इस मामले पर लीपापोती करके अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकती। सच्चाई बनावटी उसूलों से छिपने वाली नहीं है। सरकार को रहस्य का पर्दा ऊपर उठाकर सच को सामने लाना चाहिए। उन्होंने कहा यह एक संवेदनशील मुद्दा है और कांग्रेस पार्टी इस मसले पर चुप बैठने वाली नहीं है।

शिमला में देह व्यापार में संलिप्त तीन युवतियां व चार युवक गिरफ्तार

■ ग्राहक बनकर गई पुलिस ने किया भंडाफोड़

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय

शिमला, 19 अगस्त। राजधानी शिमला में निजी होटल में पुलिस ने चार लड़कों और तीन लड़कियों को देह व्यापार में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया है। शिमला पुलिस पिछले तीन दिनों से उन तक पहुंचने के लिए प्रयास कर रही थी।

वीरवार की रात को पुलिस को इन्हें पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। इनमें से कुछ राजस्थान के बताए जा रहे हैं। पुलिस में इनके खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है। शिमला के डीएसपी हेडक्वार्टर कमल वर्मा ने इस मामले की पुष्टि की है।

सूत्रों की मानें तो शिमला पुलिस

इस देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ करने के लिए पूरा जाल बिछाया था। पुलिस के कर्मचारी व अधिकारी खुद ग्राहक बनकर पहुंचे थे। तब इस पूरे मामले को सामने लाया जा सका। होटल के मालिक व प्रबंधक से भी पूछताछ की जा रही है। शिमला के कैथू में किराये के कमरे में रहने वाला युवक ही इस रैकेट को चला रहा था। पुलिस के कर्मचारी जो ग्राहक बनकर गए थे, उनसे 12 हजार रुपये में सौदा हुआ था।

जानकारी के अनुसार आरोपितों के कब्जे से मोबाइल फोन, नकद राशि एवं अनैतिक देह व्यापार में उपयोग की गई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। इस मामले में आने वाले दिनों में और भी बड़े नाम सामने आ सकते हैं। पुलिस ने सदर थाने में आइपीसी की धारा 370 और अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम की धारा चार के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

पुलिस की साइबर सेल को कुछ दिनों से यहां रैकेट चलने की खबर मिल रही थी। पकड़ी गई युवतियों की आयु 23 से 25 वर्ष है और इनमें से अधिकतर राजस्थान से हैं। गिरफ्तार किए गए युवक उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान के निवासी हैं। इनमें राम बालक, मनीष कुमार, राजबीर और बिक्रम शामिल हैं।

नालागढ़-भरतगढ़ मार्ग पर सड़क हादसे में कार सवार की मौत

बद्दी, 19 अगस्त (अप्रस)। नालागढ़ भरतगढ़ सड़क मार्ग कार सवार की मौत हो गई है। मृतक की पहचान जसवीर सिंह जस्सी के में हुई है जो कि वर्तमान में देवभूमि क्षत्रिय संगठन दभोटा इकाई के उपाध्यक्ष व रियायर्ड पुलिस कर्मी है। हादसा देर रात हुई जब जसवीर सिंह जस्सी अपनी गाड़ी में नालागढ़ से दभोटा में अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान जब चौकीवाला से आगे पहुँचे तो अज्ञात वाहन टक्कर मार फ़रार हो गया और उनकी हादसे में मौत हो गई। थाना नालागढ़ पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नालागढ़ अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। डीएसपी बद्दी नवदीप सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है जिसकी जाँच की जा रही है।

विधायक पम्मी ने किया अंडर-19 खेलों का शुभारंभ

■ 26 स्कूलों के 415 खिलाड़ी ले रहे भाग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बरोटीवाला 19 अगस्त। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मन्धाला के बद्दी ज़ोन की अंडर 19 छात्र खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक परमजीत सिंह ने किया। उन्होंने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विधायक पममी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार शिक्षा के उत्थान के लिए वचनबद्ध है। दून हल्के में शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अनेको स्कूल अपग्रेड किये गए है ताकि घर द्वार पर शिक्षा मिल सके।उन्होंने सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। और

कहा कि खेलो को खेल की भावना से ही खेले।

उन्होंने 5100 रुपये भी खेलकूद प्रतियोगिता के लिए दिये। स्कूल की प्रधानाचार्या किरण ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए बताया कि इस खेल कूद प्रतियोगिता में 26 स्कूलों के 415 खिलाड़ी भाग ले रहे है। जिनका रहने खाने आदि का अच्छा प्रबंध करने का प्रयास किया गया है। इन खेलों में कब्बडी,खोखो,बालीबाल,बैडमिंटन, कुश्ती आदि खेलो का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने पाठशाला में रिक्त पड़े पदों को भरने का अनुरोध किया। स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरोटीवाला स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ अक्षत ठाकुर ने 1100 रुपए मौके पर दिए।

इस अवसर पर एडीपीओ सुरेंद्र कुमार, ममता ठाकुर,पूर्व प्रधान माघो राम मेहता, भाजपा नेता गुरविंदर मेहता, प्रिंस मेहता, एसएमसी की प्रधान प्रेम लता, उपप्रधान हरविंदर डेनी, गुरदेव मेहता, रामजी दास, नीना वर्मा, लेखराज, अलका जोशी, तरिता वर्मा, परवीन कुमारी, सरोज बाला, मनीषा कुमारी,अनिता चंदेल, पूनम कुमारी, विजय शास्त्री, मिथलेश, राजेश, प्रेमचंद वर्मा संजीव गिरी सोनू शर्मा, संजीव मेहता, रवि मेहता, कमलचंद मेहता, मास्टर प्रेमचंद, रामदयाल मेहता, कृष्ण गोपाल शर्मा, रामजी मेहता,राजेश मेहता, दीपक मेहता, गोगी मेहता, संकी मेहता,पवन मेहता सोनी मेहता, बिका मेहता सोहन लाल मेहता व अन्य मौजूद रहे।

बस के ट्रैक्टर से टकराने से आठ लोग घायल

किशनपुरा गांव के समीप देर सायं हुआ हादसा

अर्थ प्रकाश/रजिन्दर चौधरी

बद्दी, 19 अगस्त। बद्दी नालागढ़ राष्ट्रीय मार्ग पर किशनपुरा के समीप एक बस के ट्रैक्टर के टकराने से बस में सवार आठ यात्री घायल हो गए है। घायलों को नालागढ़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन एक यात्री की हालत नाजुक होने पर उसे पीजीआई रैफर कर दिया गया है। यह हादसा वीरवार देर सायं किशनपुरा गांव के समीप हुआ। बद्दी की ओर से एक निजी बस नालागढ़ की ओर जा रही थी। जैसे ही किशनपुरा पहुंची तो बस चालक जोगिंद्र पाल बस को ट्रैक्टर से ओवर टेक करते हुए ट्राली से टकरा दिया। जिससे बस को जबरदस्त टक्कर लगी। टक्कर लगने से बस में चालक जोगिंद्र पाल समेत आठ लोग घायल हो गए।

घायलों में पपू राय, कविता दूबे, राकेश कुमार, भारत भूषण, नसीब अहमद, अवतार सिंह और विनोद कुमार शामिल है। सभी घायलों को नालागढ़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन पपू राय की टांग में फैक्चर होने से उसे पीजीआई रैफर कर दिया गया है। डीएसपी नवदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने बस चालक जोगिंद्र पाल के खिलाफ लापरवाही से बस चलाने के जुर्म में धारा 279, 337 और 184 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

मलकूमाजरा स्थित हरे कृष्णा गौशाला में भजन संध्या का आयोजन

■ शुक्रवार को हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन

अर्थ प्रकाश/राजेंद्र चौधरी

बद्दी, 19 अगस्त। मलकू माजरा स्थित हरे कृष्णा गौशाला में कृष्ण जन्माष्टमी पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें पंजाबी गायक गोपी रूरकी और ठेड्पुरा निवासी पंडित जगमोहन शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन प्रस्तुत करके उपस्थित दर्शकों को झूमने पर विवश किया। गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत सांय छह बजे से 9 बजे तक पंजाबी कलाकार गोपी रूरकी ने पंजाबी में भजन सुनाए। उसके बाद पंडित जगमोहन शास्त्री ने बसां ते आई तेरी याद फोटो रह गया मंदिरा मा, मेरा दिल नहीं लगदा श्याम मिलना चोरी चोरी, सोखी नही लगदी सांवरिया नाल यारी, सावंरिया आजा समेत दजनों भजन सुना कर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश किया। इस दौरान उन्होंने भगवान कृष्ण के जन्म की सुंदर झांकी निकाली। भगवान के जन्म के दौरान बारिश हुई लेकिन सभी भक्त पंडाल में बारिश में भी झूमते रहे। शुक्रवार को सुबह दस बजे हरे कृष्णा मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें मंदिर के पुजारी पंडित आचार्य मनोहर लाल ने यज्ञ कराया। दोपहर 12 बजे सभी गौ भक्तों ने पूर्णाहुति में भाग लिया। मनोहर लाल ने बताया कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है और गौ सेवा करने से मनुष्य को उसके पापकर्म से छुटकारा मिलता है। दोपहर बाद दो बजे भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करके भगवान श्रीकृष्ण का आर्शिवाद प्राप्त किया। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि हरे कृष्णा गौशाला में 500 गोवंश सरकार और जन सहयोग से पल रहा है। गौशाला में हर वर्ष जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर लज्जा राम, राजेंद्र सिंह, संजय शर्मा, अमरजीत सिंह गिल, आंचल शर्मा भूपेंद्र सिंह, आंचल शर्मा, कृष्ण कौशल, राजेश गुप्ता, पवन शर्मा, जीत सिंह, पंकज ठाकुर, नीमा ठाकुर, पीसीबी अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्पर्धा

18वीं राज्य स्तरीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता (लड़के व लड़कियां) का विधवत समापन

ऑल ओवर ट्रॉफी में प्रथम स्थान मंडी दूसरे पर सोलन, तीसरे पर रहा कुल्लू

■ पीएन आजाद महासचिव, हिमाचल प्रदेश वुशू संघ ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बद्दी 19 अगस्त। जिला वुशू संघ सोलन के प्रधान आनंद ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार को नव आदर्श पब्लिक स्कूल कडुआना बद्दी में चल रही दो दिवसीय 18वीं राज्य स्तरीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता (लड़के व लड़कियां) का समापन समारोह किया गया। इस सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पदमश्री अवॉर्डी अजय ठाकुर (डीएसपी) हिमाचल प्रदेश पुलिस थे। इस मौके बच्चों ने

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

पीएन आजाद महासचिव, हिमाचल प्रदेश वुशू संघ ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जो हम कंट्रीब्यूट करते है उसका प्रति फल अवश्य मिलता है।

लाइफ में 2 तरह के लोग होते है एक तो सोचते है और कुछ कर के दिखाते है। जो सोचते है उसको प्राप्त करने के लिए जी जान से मेहनत करना पड़ती है। सरकारी सेवाओं में खेलों में उच्च स्थान प्राप्त करने वालो के लिए 3 परसेंट कोटा है। मेहनत टेक्नीक वाली मेहनत करनी पड़ती है। हार्ड वर्क ही नहीं हमें स्मार्ट वर्क करना चाहिए।

अपने से अच्छे को दोस्त बनाओ। आगे वालो का हाथ पकड़ो।

इस अवसर पर विशेष रुप मे अतिथि प्रदीप धीमान महासचिव, वन निगम के निदेशक बलविंदर ठाकुर ,हिमाचल एमच्युर सेपकटाकरा खेल संघ और जितेन्द्र राणा चेयरमैन, जिला वुशू संघ सोलन मौजूद रहे तथा उनको सरोपा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस प्रतियोगिता मे 6 जिलों से लगभग 150 लड़का व लड़की खिलाड़ियों ने भाग लिया 7 इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग मे सांशु इवेंट खेला गया।

ऑल ओवर ट्राफी में प्रथम स्थान मंडी दूसरे स्थान मे सोलन, तीसरे स्थान मे जिला कुल्लू रहा।

ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर आनंद ठाकुर प्रधान जिला वुशू संघ सोलन, हरदेव सैनी आयोजन सचिव व अध्यक्ष नव आदर्श पब्लिक स्कूल बद्दी, वन निगम के निदेशक बलविंदर ठाकुर, श्याम लाल ठाकुर महासचिव, वुशू संघ सोलन, हरदेव सिंह, मनीष मेहता, मनोज राणा, रमन चंदेल, रविंद्र ठाकुर सोलन,हेम राज मंडी, पूर्ण चन्द कोषाध्यक्ष राज्य संघ, रमेश चौहान कार्यकारी सचिव, लुदर चन्द धीमान,महासचिव कुल्लू, विकास शर्मा बिलासपुर, परविंदर चंदेल शिमला, खेम चन्द महासचिव मंडी, मोती राम, प्रकाश, रोशन लाल, राहुल मंडी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

शिवसेना राष्ट्रीय ने दफ्तर में मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

राजपुरा, (कुनाल)। शिव सेना राष्ट्रीय पंजाब की ओर से आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में शिवसेना राष्ट्रीय के दफ्तर पटेल मार्केट में धूमधाम के साथ श्री श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम के साथ शिव सेना राष्ट्रीय के अध्यक्ष चुरंजी लाल शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया इस अवसर पर चुरंजी लाल शर्मा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी जहां पूरे देश में सभी मंदिरों में धूमधाम से मनाई जा रही है अरे वही भी वही सभी शिवसेना के दफ्तरों में भी धूमधाम के साथ श्री कृष्ण कन्हैया जी की जन्मदिन मनाया गया है और आज केक काट के और मिठाई का लंगर भी चलाया गया है इस अवसर पर पंजाब प्रधान बिट्टू कुमार शर्मा नारायण दास अरोड़ा अनिल कुमार शर्मा हरीश कुमार शर्मा चरणजीत कपूर रोहित कुमार श्याम जी रूपेश कुमार रामचंद्र जी प्रिंस कुमार शर्मा प्रधान नितेश कुमार शर्मा प्रधान जतिंदर कुमार शर्मा लवली कुमार राकेश कुमार प्रवीण कुमार के अलावा काफी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

भाई लोबाना, भाई वंजारा की स्मृति में गुरमत समागम

अमृतसर, 19 अगस्त। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) भाई माखन शाह लोबाना और भाई लखी शाह वंजारा की याद में 20 अगस्त, 2022 को गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में गुरमत समागम (धार्मिक समागम) का आयोजन करेगी। एसजीपीसी सचिव परमजीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कुछ साल पहले एसजीपीसी और श्री दरबार साहिब के प्रबंधन ने भाई माखन शाह लोबाना और भाई लखी शाह वंजारा की याद में गुरुद्वारा मंजी साहिब दीवान हॉल में गुरमत समागम का आयोजन शुरू किया था। उन्होंने कहा कि यह समागम 20 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। श्री अखंड पाठ साहिब के भोग (समापन समारोह) के बाद रागी, ढादियों के समूह संगत (सभा) को गुरु की स्तुति से जोड़ेंगे।

विजीलैंस ने आरटीए दफ्तर संगरूर में वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट घोटाले का किया पर्दाफाश

तीन व्यक्ति गिरफ्तार, 40 हजार रिश्वत की रकम व दस्तावेज बरामद

■ आरटीए, एम. वी. आई., क्लर्कों, मध्यस्थों व एजेंटों के विरुद्ध केस दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में से भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए चलाई मुहिम के अंतर्गत रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (आर. टी. ए.) दफ्तर संगरूर में एक ब? घोटाले का पर्दाफाश करते हुये आर. टी. ए., मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एम. वी. आई.), दो क्लर्कों, दो मध्यस्थों और प्राईवेट एजेंटों के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में विजीलैंस ने इस दफ्तर के दो मुलाजिमों और एक मध्यस्थ को गिरफ्तार भी कर लिया है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि इस घपले में आर. टी. ए. संगरूर, एम. वी. आई., उनका अमला और प्राईवेट व्यक्तियों की मिलीभुगत सामने आई है जो राज्य सरकार के निर्धारित नियमों की पालना करने की जगह एक दूसरे के साथ मिलकर अलग-अलग किस्मों के वाहनों को फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने के बदले राज्य में काम कर रहे अलग-अलग एजेंटों से रिश्वतें लेते थे।

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग के नियमों अनुसार सभी व्यापारिक वाहनों को सड़कों पर चलने के लिए आरटीए दफ्तर से फिटनेस सर्टिफिकेट लेना पड़ता है और ऐसे सभी वाहनों को दस्तावेजों समेत एम. वी. आई. द्वारा अपने दफ्तर में मौके पर निरीक्षण करना होता है।

घपले की रूपरेखा का खुलासा करते हुये उन्होंने कहा कि यह अधिकारी एजेंटों और मध्यस्थों की मिलीभुगत से वाहनों की मौके पर फिजिकल वैरीफिकेशन किये बिना ही वाहन के माडल के हिसाब से 2800 रुपए से लेकर 1000 रुपए प्रति वाहन रिश्वत के बदले फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करते आ रहे हैं। इस तरह आर. टी. ए और एम. वी. आई. द्वारा निर्धारित स्थान पर वाहन खड़े करवाने की जगह और उनकी मौके पर भौतिक जांच किये बिना ही दस्तावेजों के आधार पर वाहनों को पास किया जा रहा था।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस सम्बन्धी प्राप्त हुई शिकायतों के आधार पर विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने एम. वी. आई संगरूर के दफ्तर की अचानक जांच की जिसमें इस घोटाले की परतें खुलीं। इस मामले में विजीलैंस ब्यूरो ने मौके पर ही 3 मुलजिमों को काबू कर लिया जिनमें धर्मेंद्र पाल उर्फ बंटी (एजेंट) निवासी संगरूर, क्लर्क गुरचरन सिंह और डाटा एंट्री आपरेटर जगसीर सिंह के इलावा करीब 40 हजार रुपए रिश्वत की राशि और घोटाले से सम्बन्धित कई दस्तावेज भी बरामद किये हैं।

उन्होंने बताया कि इस मामले में रविन्द्र सिंह गिल आर. टी. ए., महिंद्र पाल एम. वी. आई., गुरचरन सिंह क्लर्क, जगसीर सिंह डाटा एंट्री आपरेटर, धर्मेंद्र पाल उर्फ बंटी और सुखविन्दर सुखी दोनों मध्यस्थों और अन्य प्राईवेट एजेंटों के विरुद्ध विजीलैंस ब्यूरो के थाना पटियाला में एफ. आई. आर नंबर 19 तारीख़ 18- 08- 2022 धारा 420, 120-बी आई. पी. सी और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 7 और 7 ए के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि अब तक की प्राथमिक जांच के दौरान सामने आया है कि यह घोटाला पिछले 7-8 सालों से चल रहा था और हर महीने 2000-2500 से अधिक वाहनों के फिटनैस सर्टिफिकेट जारी किये जा रहे थे जबकिएक व्यक्ति की तरफ से इतने समय में इतनी बड़ी संख्या में वाहनों का मौके पर मुआइना करना संभव नहीं है। इस तरह इस समय के दौरान हर महीने अंदाजन 35-40 लाख रुपए की रिश्वत की रकम हासिल की गई जिससे यह मामला करोड़ों रुपए में जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्धी आगे जांच जारी है और इस दफ्तर में पहले से तैनात सभी अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जायेगी और कानून अनुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

12 हजार रिश्वत लेते सेवादार काबू, एसडीओ की तलाश जारी

चंडीगढ़। राज्य में से भ्रष्टाचार के ख़ात्मे के लिए शुरु की मुहिम के दौरान पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने दफ़्तर ए. डी. ए, पुड्डा भवन, अमृतसर में तैनात एक सेवादार को 12,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। इस केस में फ़रार सह मुलजिम विजयपाल सिंह, एस. डी. ओ. पुड्डा की तलाश जारी है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एस. डी. ओ. पुड्डा के सेवक अमृतदीप सिंह को सौरभ भाटिया निवासी सुशांत लोक, गुरूग्राम, हरियाणा की शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके शिकायत दी जिसमें दोष लगाया थी कि न्यू पाल ऐवीन्यू, अमृतसर स्थित उसके एक प्लाट को बेचने सम्बन्धी एतराजहीनता सटीर्फिकेट (एन. ओ. सी.) जारी करने बदले उक्त एस. डी. ओ. उससे 12000 रुपए रिश्वत माँग रहा है। शिकायत के तथ्यों और सबूतों की पड़ताल के बाद विजीलैंस ब्यूरो की एक टीम ने ए. डी. ए, पुड्डा भवन, अमृतसर दफ़्तर के बाहर सेवादार अमृतदीप सिंह को उक्त वादी से उसका काम कराने के बदले, 12000 रुपए की रिश्वत लेते हुये दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में रंगे हाथों गिरफ़्तार कर लिया। उक्त एस. डी. ओ. मौके पर उपस्थित न होने के कारण गिरफ़्तार नहीं किया जा सका, जिसकी गिरफ्तारी के लिए कार्यवाही की जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि इस केस सम्बन्धी उक्त दोनों मुलजिमों के ख़िलाफ़ विजीलैंस ब्यूरो के थाना अमृतसर में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 7 और 7–ए के अंतर्गत मुकदमा मामला दर्ज कर लिया है। इस केस सम्बन्धी आगे जांच जारी है।

पटियाला शहर को 24 घंटे पानी मुहैया करवाने के लिए 342 करोड़ के नहरी जल सप्लायी प्रोजैक्ट को एक वर्ष में मुक्मल करने के आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरफ से राज्य के शहरी क्षेत्रों में रहती आबादी को बेहतरीन बुनियादी सहूलतें देने के लिए लगातार यत्न किये जा रहे हैं। इसी दिशा में पंजाब वाटर सप्लाई और सिवरेज बोर्ड द्वारा पटियाला में 342 करोड़ रुपए की लागत वाली 24 घंटे जल सप्लाई प्रोजैक्ट का काम तेजी के साथ किया जा रहा है। स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. इन्दरबीर

सिंह निझर ने इस कार्य की प्रगति का जायजा लेने के उपरांत विभागीय अधिकारियों को यह प्रोजैक्ट एक साल के अंदर- अंदर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

इस प्रोजैक्ट के मुकम्मल होने से पटियाला शहर निवासियों को 24 घंटे नहरी पानी की सप्लाई मिलेगी। यह पानी जरूरी खनिज पदार्थों के साथ भरपूर होता है। इसके इलावा शहर में पानी की सप्लाई के प्रेशर में भी सुधार आऐगा जिस कारण लोगों को सबमरसीबल पंपों और आर. ओ. पर खर्चा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

स्थानीय निकाय मंत्री ने आगे बताया कि इस प्रोजैक्ट के अधीन पानी की सप्लाई के लिए नहरी पानी का प्रयोग किया जायेगा, जिससे भूजल की बचत होगी और यह भूजल को और गहरा जाने से रोकने में मददगार साबित होगा। उन्होंने और जानकारी देते हुये बताया कि निर्विघ्न पानी की सप्लाई होने के कारण घर में स्टोरेज टैंकियां बनाने की जरूरत नहीं होगी और गंदे पानी की मिक्सिंग की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी।

उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रोजैक्ट के अधीन पटियाला में एक लाख पानी के कुनैकशन दिए जाएंगे और पटियाला के पांच लाख लोगों को लाभ मिलेगा।

अफ्रीकन स्वाइन फीवर का मानव को खतरा नहीं : डीसी

पटियाला, 19 अगस्त (अप्रस)। डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने चीका रोड, बिलासपुर व सनौरी अड्डा इलाके में सूअरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की बीमारी सामने आने पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर निर्देश जारी किए। डीसी ने बताया कि आज तक उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार अफ्रीकन स्वाइन फीवर बीमारी का मानव को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने जिले में पशुपालकों को सूअरों में तेज बुखार, कान या फिर पेट में खून के धब्बे व अचानक ज्यादा संख्या में मौत होने की स्थिति पर नजदीकी पशु संस्था में संपर्क किया जाए। इसके अलावा अधिकारी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0175-2970225 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए सूअर पालने का काम कर रहे व्यक्ति इस बीमारी से प्रभावित इलाके से बाहर नहीं जाएंगे व बाहरी व्यक्ति बीमारी से प्रभावित इलाके में नहीं आएंगे। सूअर की आवाजाही व जिला पटियाला के हद के साथ लगते राज्य से भी सूअर व सूअरों से बने पदार्थ लेकर जाना या फिर लेकर आने पर पाबंदी होगी।

हलवाई की दुकान पर सिलेंडर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

■ घरेलू सिलेंडर पर गैस पाईप की जगह पानी की पाईप का हो रहा था इस्तमाल

अर्थ प्रकाश/कुनाल

राजपुरा, 19 अगस्त। टाऊन में गुरूदारा रोड पर पोस्ट आफिस के नजदीक हलवाई की दुकान पर सिलेडंर में आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दुकान से सैलेंडर को बाहर निकाल कर पानी की बौछारों की मदद से आग पर काबू पा लिया जिससे कोई जानी नुकसान होने से बच गया। मिली जानकारी के अनुसार बाजार में रेहडी आदि व कुछ छोटे दुकानदारों की ओर से घरेलू सिलेंडरों का इस्तमाल व्यापारिक कार्यो के लिये तो किया जा रहा है वहीं सैलेंडर पर चुल्हे के लिये लगाई पाईप गैस की ना लगा कर पानी के लिये इस्तमाल की जाने वाली प्लास्टिक की पाईप का इस्तमाल कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड किया जा रहा है लेकिन प्रशासन इस तरह के लोगों की जांच ना कर कुम्भ करणी नींद सोया हुआ है, इस मौके पर फायर ब्रिगेड अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और आग लगे सैलेंडर को दुकान से बाहर निकाल कर पानी की बौछारों की मदद से आग पर काबू पा लिया जिससे कोई बढा हादसा होने से टल गया।

अमृतसर में हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

अमृतसर, 19 अगस्त (अप्रस)। पंजाब पुलिस ने निज्जरपुरा, जंडियाला से 30 ग्राम हेरोइन और 80,000 रुपये ड्रग मनी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान निज्जरपुरा निवासी रणजीत सिंह पुत्र दलबीर सिंह और लवजीत सिंह पुत्र दलबीर सिंह के रूप में हुई है। इनके खिलाफ जंडियाला थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में पंजाब पुलिस ने पिछले दिनों में थरियावाल मजीठा से चार ग्राम हेरोइन के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया था। आरोपी की पहचान बाचू पुत्र गामा निवासी भंगाली कलां मजीठा के रूप में हुई है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को खिलचियां के बाबा जीवन सिंह नगर निवासी गुरप्रीत सिंह पुत्र चरण सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6750 एमएल अवैध शराब जब्त कर उसके खिलाफ थाना खिलचियां में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी के खिलाफ विभिन्न थानों में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) एक्ट और आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सजा पूरी कर चुके सिख कैदी रिहा किए जाए : मजीठिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अमृतसर 19 अगस्त। शिरोमणी अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने जेल की सजा पूरी कर चुके सिख कैदियों की रिहाई की अपील करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हे अपने परिवारों के पास लौटने का अधिकार है। श्री मजीठिया ने यहां ऐतिहासिक गुरुद्वारे में माथा टेकने के बाद कहा कि '' इन अरदासों कारण ही मुझे एक झूठे मामले में जमानत मिल सकी है, जिसका मकसद मेरे राजनीतिक करियर को तबाह करना था''। उन्होने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिख बंदियों को उनके आजीवन कारावास का पूरा कार्यकाल पूरा होने के बावजूद भी कैद में रखा गया है। '' मुझे विश्वास है कि उनकी जल्द रिहाई के लिए हमारी अरदास भी जल्द ही सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि बंदी सिंहों को उनके द्वारा की गई कार्रवाई के लिए सजा भुगतनी पड़ रही है। उन्होने कहा, '' बंदी सिंहों ने 1984 में श्री हरिमंदिर साहिब के हमले और सिखों के कत्लेआम सहित गंभीर उकसावे के बाद प्रतिक्रिया की थी। उन्होने यह भी बताया कि कैसे भाई राजोआणा ने सभी बाधाओं को पार किया और जेल में 'फांसी चक्की' आठ गुणा आठ फीट की कोठरी में पिछले 28 सालों से पटियाला जेल में धर्मपरायणता का जीवन जी रहे हैं।

मजीठिया ने पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा की गई बदलाखोरी की राजनीति का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी राजनीति से किसी को फायदा नही होता है। उन्होने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी कनाडा भाग गए और वापिस नही लौट रहे हैं , जबकि पूर्व पी.सी.सी अध्यक्ष नवजोत सिद्धू दोषी ठहराए जाने के बाद जेल की सजा काट रहे हैं।

पूर्व मंत्री ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी सरकार लोगों से किए गए वादों को पूरा करने से भाग रही है। उन्होने कहा '' पंजाबियों को पहले कांग्रेस ने धोखा दिया , अब आप सरकार भी उनके ही नक्शेकदम पर चल रही है और सभी महिलाओं को 1000 रूपया प्रति महीना देने और युवाओं को नौकरी देने के अलावा ठेके पर रखे कर्मचारियों को नियमित करने से इंकार कर रही है। यहां तक कि बहुप्रचारित बिजली रियायत योजना भी इसकी शर्तो के कारण आम आदमी की पहुंच से बाहर है।

भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने इकबाल सिंह लालपुरा को संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाकर बढ़ाया पंजाब को मान: अश्वनी शर्मा

■ इकबाल सिंह लालपुरा को भाजपा संसदीय बोर्ड का सदस्य बनने पर अश्वनी शर्मा ने दी बधाई।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़ 19 अगस्त। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा को भाजपा संसदीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त होने पर उन्हें शुभकामनाएं देने पहुँचे। शर्मा सहित अन्य नेताओं ने इकबाल सिंह लालपुरा के साथ दिल्ली स्थित उनके निवास स्थान पर मुलाकात की तथा उनका हालचाल पूछा। इस अवसर पर संगठन महामंत्री पंजाब श्रीमंत्री श्रीनिवास्लू, राष्ट्रीय सचिव सह-प्रभारी डॉ. नरेंदर सिंह रैना, प्रदेश महामंत्री डॉ. जीवन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि इकबाल सिंह लालपुरा एक सुलझे हुए नेता तथा पुलिस में कई पदों पर रह कर अपनी सेवाएं दे चुके हैं पंजाब पुलिस से रिटायर होने के बाद लालपुरा 2012 में भाजपा में शामिल हुए। इसके बाद भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया। वर्ष 2021 में भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा अपने संसदीय बोर्ड में बड़ा बदलाव करते हुए पहली बार किसी सिख नेता को जगह दी है, जिसके लिए पंजाब भाजपा प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा तथा अन्य राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करती है। अश्वनी शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तरफ से पंजाब जैसे छोटे से प्रदेश से सिख समाज के नेता इकबाल सिंह ललपुरा को संसदीय बोर्ड का सदस्य बना कर पंजाब को बहुत बड़ा सम्मान दिया है। सिख समाज के लिए गर्व की बात है कि लालपुरा संसदीय बोर्ड में भी हैं और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन भी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी का सिख समाज के प्रति गहरा लगाव है और वह सिख समाज के साथ हमेशा गहरा रिश्ता कायम कर चलते रहे हैं। यही वजह है कि वह लगातार अपने निवास पर सिख बुद्धिजीवियों के साथ बैठकें करते रहते हैं और उनकी भावनाओं को समझते हैं। यह पहली बार हुआ है कि जिस लाल किले से श्री गुरु अर्जुन देव जी के लिए फरमान जारी हुआ था, उसी लाल किले में उनका पर्व मनाया गया। हमारे पंजाब के लिए गर्व की बात है कि लालपुरा संसदीय बोर्ड के सदस्य हैं। शर्मा ने कहा कि इकबाल सिंह लालपुरा अपनी जिम्मेवारी को भी बखूबी निभाएंगें।

एनएचपीसी लिमिटेड एवं आर्गेनाईजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस के बीच समझौता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

संगरूर, 19 अगस्त। सीएसआर (कॉर्पोरेट सोश्ल रेस्पॉन्सिबिलिटी) एनएचपीसी के व्यापारिक दर्शन का एक अभिन्न अंग रहा है। एनएचपीसी सामाजिक कल्याण के लिए चिंता का प्रदर्श तथा उच्च स्तर की संगठनात्मक अखंडता एवं नैतिक व्यवहार को बनाए रखते हुए सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से अपने व्यवसाय का संचालन कर रहा है। साथ ही सभी हितधारकों का भरोसा और विश्वास जीतने के लिए सीएसआर (कॉर्पोरेट सोश्ल रेस्पॉन्सिबिलिटी) के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाओं और प्रभावी परिचालन विधियों को अपनाता है।

ईसी क्रम में एक और कदम बढ़ाते हुए एनएचपीसी द्वारा पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम क्षेत्र के लाखों ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाए प्रदान करने के लिए एक मोबाइल हैल्थ क्लीनिक प्रदान करने हेतु एनएचपीसी लिमिटेड एवं आर्गेनाईजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस के बीच दिनांक 18 अगस्त 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के आदरणीय कार्यपालक निदेशक सुरजीत कुमार संधु की गरिमामयी उपस्थिति में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते ज्ञापन के अंतर्गत एनएचपीसी द्वारा प्रदान की गई सहयोग राशि की सहायता से आर्गेनाईजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस द्वारा पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम ग्रामीण क्षेत्र के लिए रु.27.28/- लाख की लागत से एक मोबाइल हेल्थ क्लिनिक खरीद कर सेवायें प्रदान की जाएगी। एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा उक्त राशि रु.27.28 लाख सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यो के अंतर्गत ओएससीए को प्रदान की जानी है।

उक्त समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के आदरणीय कार्यपालक निदेशक, सुरजीत कुमार संधु, महाप्रबंधक (तकनीकी), नन्हे राम, महाप्रबंधक (विधि एवं मानव संसाधन),श्रीमती रूबी रैना, महाप्रबंधक (वित्त), महेश्वर पात्रा एवं ओएससी से आये प्रतिनिधि नेशनल प्रेसिडेंट- राजपाल सिंह, फाउंडर मेम्बर-डॉ चंदरपाल पुनिया, एग्जीक्यूटिव मेम्बर-अशोक कुमार, डिस्ट्रिक्ट कोरडीनेटर (समन्वयक) - राहुल भानकर तथा क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस सौहार्दपूर्ण एवं जनकल्याण हेतु किये गए कार्य के लिए ह्स्ट ने एनएचपीसी लिमिटेड की सराहना की एवं आभार व्यक्त किया।

चोरों ने पांच दुकानों से शटर तोड़ कैश व सामान उड़ाया

■ व्यापार मंडल ने पुलिस की गशत की कमी का बताया चोरी की वजह, पुलिस जांच में जुटी

अर्थ प्रकाश/कुनाल

राजपुरा, 19 अगस्त। जन्माष्टी पर्व वाले दिन से एक दिन पहले अज्ञात चोर टाऊन की मुख्य दुपटा मार्किट में बने शोरूमों की छत पर चड कर छत पर लगे शटर को तोड कर दुकानों के अंदर घुस गये और तीन दुकानों से लाखों रूपये से ज्यादा नगदी ले उडे वहीं दो दुकानदारों से कपडा आदि चोरी करके ले जाने की उम्मीद है जिसके बारे दुकानदार अपने स्टाक की जांच करने में लगे है। इस के इलावा रेलवे लाईन के पास एम के मोटर से हज़ारों रूपये का टूल आदि व अन्य सामान चोरी करके ले गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जायजा लेने व सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद जांच कार्य शुरू कर दिया है।

मौके पर मौजूद व्यापार मंडल राजपुरा के प्रधान नरिंदर सोनी ने दुकानदारों के साथ जानकारी देते हुये बताया कि बीती रात्रि लगभग 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच अज्ञात चोर दुकानों के पीछे के रास्ते से दुकानों की छत पर चढ गये व छत पर लगे छोटे शटरों की पतिया निंकाल कर अंदर घुस गये। जिनमें रविंदरा जनरल स्टोर की दुकान का गला तोड कर उसमें रखे लगभग 6 हज़ार रूपये नगद, अशोका कलाथ हाऊस में पडे मड्क्षदर की इकठी राशी लगभग 80 हज़ार रूपये नगदी, व कृष्णा बुटीक से लगभग 65 हज़ार रूपये की नगदी ले उडे, जबकि उनके साथ लगती मंगल कलाथ हाऊस व महावीर हैंडलूम के शटर तो उपर से तोड दिये पर कैश आदि चोरी नहीं हुआ। दुकानदारों के अनुसार हमारी दुकान पर काफी मात्रा में कपडा पडा है, उसमें क्या चोरी हुआ है, उसके बारे जांच की जा रही है। नरिंदर सोनी ने बताया कि इस तरह की चोरी की घटना में कुछ बच्चों का गिरोह हो सकता है जो शटर की पतिया निकाल कर बच्चे अंदर चले जाते है और चोरी कर जाते है, इस तरह की घटना पहले भी कई बार हो चुकी है दुकानदारों का नुकसान हो चुका है पर आज तक पुलिस इस तरह की घटना के बारे में कुछ पता नहीं लगा सकी। उन्होने पुलिस प्रशासन से मांग की कि पीसीआर की गशत बाजारों में बढाई जाये ताकि इस तरह की घटना दोबारा ना हो। चोरों की ओर से छत पर एक कैंची व एक कंडी आदि वही छोडी हमें मिली हे।

इस मौके पर पूरी पुलिस टीम के साथ पहुंचे सिटी पुलिस के एसएचओ हरमनप्रीत सिंह ने बताया कि दुकानों के पीछे से बन रहे मकान के रास्ते से अज्ञात चोर दुकानों की छत पर चढ गये और पांच दुकानों के शटर को तोड दिये जिसमें तीन दुकानों से लगभग डेढ लाख रूपये का कैश लेकर रफू चक्कर हो गये। इस चोरी की सीसीटीवी फुटेज आदि से बारिकी से जांच की जायेगी जल्द ही पुलिस चोरों का पता लगा लेगी।

गांव डिडवाड़ा में महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला

मृत्तक महिला के परिजनों ने खानसर चौक पर शव रखकर लगाया जाम

- परिजनों ने ससुरालजनों पर लगाया हत्या करके फांसी पर लटकाने का आरोप
- जब तक गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक नहीं करेंगे शव का दाह संस्कार: परिजन
- गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगी हुई हैं: डीएसपी आशिष कुमार

अर्थ प्रकाश/दीवान

सफीदों, 19 अगस्त। उपमंडल के गांव डिडवाड़ा में गर्भवती नेहा (22) द्वारा फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने के मामले में परिजनों ने नगर के खानसर चौंक पर नेहा शव रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाकर डीएसपी आशिष कुमार व सिटी थाना प्रभारी सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन नहीं माने। परिजनों ने साफ किया कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक वे शव को यहां से नहीं उठाएंगे और ना ही शव का दाह संस्कार करेंगे। बता दें कि 6 माह की गर्भवती नेहा (22) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नेहा को सफीदों के नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत्त घोषित कर दिया था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने महिला के पिता कर्मबीर निवासी कोंहड (करनाल) के ब्यान के आधार पर मृत्तक महिला के पति अमित, ससुर सुंदर व सास बिमला के खिलाफ भादस की धारा 304बी व 34 के तहत मामला दर्ज किया था।

पुलिस ने शुक्रवार सुबह जैसे शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंपा तो वे उसे गांव में ले जाने की बजाए सीधा खानसर

चौंक पर ले गए। परिजनों ने वहां के गोल चक्कर के ऊपर शव को रख दिया तथा मानव श्रृंखला बनाकर व वाहन अड़ाकर जाम लगा दिया। परिजनों ने खानसर चौंक पर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम लगाने वालों में महिलाओं की तादाद अधिक थी तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। जाम के दौरान मृत्तक नेहा की मां बेहोस हो गई। परिजनों का आरोप था कि उन्होंने नेहा की शादी सफीदों उपमंडल के गांव डिडवाड़ा के अमित के साथ करीब डेढ़ साल पहले की थी और अब वह 6 माह की गर्भवती थी। लड़की शादी के बाद जब भी हमारे पास आती थी वह अक्सर बतलाती थी कि मेरा पति व मेरे सास-सुसर मुझे ताना मारकर कहते थे कि तु तो भुखे नंगे घर की है और उसे दान-दहेज के लिए मारते पिटते थे। 3 अगस्त को रक्षाबंधन के त्यौहार पर वह कोहंड आई थी। रक्षाबंधन के बाद 12 अगस्त को अमित उसे वापिस लेने आया तो उससे नेहा के साथ प्रताड़ना के बारे में बात की लेकिन अमित उसे खुसामद करके ले गया था। परिजनों का कहना था कि नेहा ने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या नहीं की है बल्कि ससुराल वालो के द्वार उसे पहले बुरी तरह से मारपीट करके मौत के घाट उतारा गया और फिर अपना पाप छिपाने के लिए फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। नेहा के शरीर पर पड़े एक-एक निशान इस बात की साफ-साफ गवाही दे रहें हैं। परिजनों का कहना था कि पुलिस इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। काफी कहासुनी के बाद शव का पोस्टमार्टम व एफआईआर हुई है।

डायरी में किया था अपना दर्द ब्यां

नेहा ने मरने से पहले अपने घर पर एक डायरी लिखकर अपना दर्द ब्यां किया था। ऐसा दावा मृतक नेहा की छोटी बहन नैंसी ने किया है। नैंसी ने बताया कि नेहा घर पर आकर डायरी लिखती थी। जब वह वापिस अपने ससुराल आने लगी तो वह मुझसे बोली कि उसने डायरी में कुछ गाने लिखे हुए है तुम पढ़ लेना। मैंने कहा कि मैं तो गाने सुन लेती हुं पढ़ने की क्या जरूरत है लेकिन उसने कहा कि कोई बात नहीं फिर भी पढ़ लेना। मैं उसकी बात फिर भी समझ नहीं पाई। जब यह हादसा हुआ और जब उसने उसकी डायरी उठाकर पढ़ी तो सारा कुछ पढ़कर अवाक रह गई। नेहा ने अपने साथ हुए बर्ताव व पूरे दर्द को इस डायरी के लिखे पन्नों में ब्यां किया हुआ था। उसने डायरी में उसने लिखा है कि वह बहुत कुछ सहन कर चुकी है। और अधिक सहन करने की क्षमता वह नहीं रखती

औघड़ पीर डेरे मामले ने फिर पकड़ा तूल

मिशन एकता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कांता आलडिया ने पुलिस पर लगाए आरोप

- तानाशाही पर उतरी पुलिस वह सरकार हाईकोर्ट में विचाराधीन केस को वापस लेने के लिए जबरन बनाया जा रहा है दबाव

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 19 अगस्त। अस्थल बोहर स्थित औघड़ पीर डेरे मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। मिशन एकता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कांता आलडिया ने पुलिस पर राजनीतिक दबाव के चलते काम करने के गंभीर आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि पुलिस तानाशाही पर उतर आई है और 15 अगस्त को सरकारी छुट्टी वाले दिन भी उन्हें जांच में शामिल होने के लिए मोबाइल पर नोटिस भेजा गया है। कांता ने आरोप लगाया कि यह सब हाईकोर्ट में दायर किए गए केस को वापिस लेने के लिए किया जा रहा है, क्योकि औघड पीर डेरा प्रबंधक कमेटी द्वारा 29 लोगों के खिलाफ हाईकोर्ट में एट्रो सीटी एक्ट के तहत मामला विचाराधीन है, जिस पर अगली सुनवाई 20 सितंबर 2022 को होनी है। साथ ही कांता आलडिया ने कहा कि औघड पीर डेरे के महंत रमेशनाथ ने स्वयं उसे डेरे के रख रखाव का कार्यभार सौंपा है, जिसे वह पूरी ईमानदारी के साथ निभा रही है। उन्होंने कहा कि आज ऐसे लोग पुलिस में शिकायत देकर उनसे डेरे का लेखा जोखा मांग रहे है, जोकि न तो कभी डेरे के अनुयायी रहे है और न ही दलित समाज से कोई लेना देना, यह सिर्फ जबरन डेरे पर कब्जा करने के लिए किया जा रहा है, जिसे दलित समाज किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अस्थल बोहर स्थित औघड पीर डेरा की जिम्मेदारी उनके पास है और आज डेरे का नवीनकरण कुछ लोगों को हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक एक रूपये का पूरा हिसाब किताब उनके पास है और समय समय पर डेरा प्रबंधक कमेटी व समाज के लोगों के सामने रखा भी गया है, लेकिन अब राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस को मोहरा बनाकर औघड़ पीर डेरे प्रबंधक कमेटी को परेशान किया जा रहा है और यह सिर्फ हाईकोर्ट में दाखिल मामले को वापिस लेने के लिए किया जा रहा है, लेकिन दलित समाज के लोग डरने वाले नहीं है। कांता आलडिया ने आरोप लगाया कि डेरे के महंत रमेशनाथ पर षडयंत्र के तहत कई बार हमले किए गए है और लिखित में शिकायत देने के बावजूद भी पुलिस ने आज तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस आरएसएस का वर्कर बनकर का रही है, जबकि संविधान के अनुरूप कोई काम नहीं किया जा रहा है। कांता आलडिया ने कहा कि यह लड़ाई समाज के कुलगुरुओं की तोड़ी गई समाधियों के पुर्न निर्माण की है, न की धन दौलत कमाने की। उन्होंने कहा कि औघड़ पीर डेरा दलित समाज की आस्था का केन्द्र है और जब डेरे के महंत व प्रबंधक कमेटी और समाज के लोग हिसाब किताब मांगेंगे वह सार्वजनिक मंच पर पूरा हिसाब किताब देने को तैयार है। इस अवसर पर करनैल सिंह ओढा, दलबीर सरपंच, कृष्ण माजरा, मनीषा बोहत, अशोक दुहन, महेन्द्र बांगडी, बिमला, संतरा जसवेन्द्र ओढा, गुरूदत सिंह, गुरमीत सिंह, पिंकी लठवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

घासों कलां गांव की फिरनी वाली गली में बनी समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष

नरवाना (अनिल कुमार)। शुक्रवार को घासो कलां गांव के लोगों ने गांव की रेलवे फाटक के पास स्थित फिरनी वाली गली में बनी समस्या को लेकर रोष व्यक्त किया। यहां मौजूद लोगों ने कहा कि विभाग द्वारा घासो कलां से खेड़ी मसानिया गांव तक एक सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। सड़क का माल लाने के लिए उनकी गली का इस्तेमाल ठेकेदार के वाहन करते रहे। जिस कारण गली टूट गई। इस पर ग्रामीणों ने ठेकेदार से बात की तो ठेकेदार ने आश्वासन दिया था कि वह उनकी गली को ठीक करवा देगा। ग्रामीणों ने कहा कि बड़े वाहनों के आवागमन के कारण हमारी गली टूट गई है और बरसात के दिनों में यहां से निकलना बड़ा ही मुश्किल हो गया है। लेकिन अब ठेकेदार भी इस मामले में कोई कदम नहीं उठा रहा। जिसके चलते ग्रामीणों ने फैसला लिया है कि अब जब तक ठेकेदार द्वारा हमारी गली को ठीक नहीं करवाया जाएगा तब तक यहां से ठेकेदार के किसी भी वाहन को गुजरने नहीं देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि गली खराब हो जाने के कारण पानी निकासी व्यवस्था भी ठप हो गई है और साथ लगने वाली अन्य छोटी गलियों में कीचड़ जमा हो रहा है।

जियो ने जून में हरियाणा में सबसे ज्यादा ग्राहक जोड़े-ट्राई रिपोर्ट

चंडीगढ़, 19 अगस्त। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी की गई नवीनतम ग्राहक डेटा रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस जियो ने जून 2022 में हरियाणा में 2.5 लाख ग्राहक जोड़े हैं, जो कि राज्य में सबसे अधिक हैं। जियो का हरियाणा में सबसे बड़ा ट्रू 4जी नेटवर्क है। ग्राहकों में इस बड़े पैमाने पर वृद्धि के साथ, जियो हरियाणा में निर्विवाद रूप से मार्केट लीडर बना हुआ है। 30 जून, 2022 तक कुल 83.9 लाख ग्राहकों के साथ, जियो की राज्य में 30.9 प्रतिशत ग्राहक बाजार हिस्सेदारी (सीएमएस) है, जो कि सबसे अधिक है। वोडाफोन आइडिया, जिसका हरियाणा में 77.9 लाख का ग्राहक आधार है, का 28.8 प्रतिशत सीएमएस है, एयरटेल जिसके पास राज्य में 62 लाख ग्राहक हैं, के पास 22.9 प्रतिशत का सीएमएस है, जबकि बीएसएनएल के पास 47.3 लाख ग्राहकों के साथ 17.5 प्रतिशत सीएमएस है।

जियो का हरियाणा में सबसे बड़ा और मजबूत ट्रू 4जी नेटवर्क, जो राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को भी कवर करता है, एक महत्वपूर्ण कारक है जो कि इसके ग्राहक आधार में तेजी से वृद्धि को बढ़ावा देता है। हरियाणा में जियो के बाजार नेतृत्व के अन्य महत्वपूर्ण कारण युवाओं और ग्रामीण बाजार में इसकी जबरदस्त स्वीकार्यता है। जून में विभिन्न दूरसंचार कंपनियों द्वारा हरियाणा में कुल मिलाकर 4.7 लाख ग्राहक जोड़े गए हैं।

वैश्य बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन 21 को

नरवाना (अनिल कुमार)। अग्रवाल वैश्य समाज नरवाना की एक बैठक हुडडा ग्राउंड के पास स्थित एक दुकान में हुई। बैठक में आगामी 21 अगस्त को अग्रवाल धर्मशाला नरवाना में होने वाले वैश्य बुजुर्ग सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए भूमिका तैयार करके समाज के लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जीवन गर्ग ने बताया की वैश्य समाज पूरे प्रदेश में प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व में 21 अगस्त को एक दिन एक साथ बुजुर्गों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा जो पूरे सर्व समाज के लिए प्रेरणादायक रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश गर्ग प्रमुख समाजसेवी व मनमोहन मित्तल एवन गवर्नमेंट कांट्रेक्टर पहुंच कर बुजुर्गों को सम्मानित करेंगे।

व्यापार

केएफसी ने पेश की लिमिटेड-एडिशन स्पेशल बकेट

चंडीगढ़। अगर आपको लगता है कि एक्सटेंडेड वीकेंड और अतिरिक्त छुट्टियां इस माह की सबसे अच्छी बातें हैं, तो जान लीजिए कि इसके अलावा भी कुछ और है! भारत में पहली बार पेश हो रही है एक लिमिटेड एडिशन केएफसी स्पेशल 15 बकेट, जो अनोखी वाईब्रैंट डिजाईन के साथ एक सेलेब्रेटरी बकेट है। ये खूबसूरत बकेट देश के 150 शहरों में केएफसी की मौजूदगी का जश्न मनाने के लिए हैं और इसे देश के उभरते हुए कलाकारों ने डिजाईन किया है। आईकोनिक केएफसी बकेट इन कलाकारों का कैनवास बन गई और उन्होंने भिन्न-भिन्न शहरों से कला, वास्तुकला और सांस्कृतिक प्रेरणा लेकर इसे डिजाईन किया है। इस बकेट में हैं आपके सभी केएफसी फेवरिट: हॉट एंड क्रिस्पी चिकन, चिकन स्ट्राईप्स, हॉट विंग्स, टैंटेलाईजिंग डिप्स और कूल पेप्सी, जो आपके जश्न को और ज्यादा क्रिस्पी बना देंगे। इस लिमिटेड एडिशन बकेट में वह सब कुछ है, जो आप अपनी असीमित केएफसी क्रेविंग्स के लिए चाहते हैं। तो इस बकेट की ऑफर खत्म होने से पहले ही अपनी बकेट खरीद लीजिए; अपने नजदीकी केएफसी रेस्टोरैंट में आईये या केएफसी ऐप या वेबसाईट पर ऑर्डर कीजिए।

सबसे लोकप्रिय एनीमे शो नारुतो अब सोनी ये! पर उपलब्ध

चंडीगढ़। एक युवा निंजा नारुतो उज़ुमाकी की दुनिया में प्रवेश करने के लिए तैयार रहें, जो शो के माध्यम से दोस्ती, टीमवर्क और वफादारी के महत्व को सिखाता है। दर्शकों का पसंदीदा शो नारुतो, जिसके देश भर में बहुत सारे प्रशंसक है, अब विशेष रूप से प्रमुख किड्स टीवी चैनल सोनी ये! पर उपलब्ध होगा! शो नारुतो की एक बड़ी प्रशंसक ईशा देओल तख्तानी ने अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा मैं हमेशा से एनीमे की एक बडी प्रशंसक रही हूँ। 80 के दशक का बच्चा होने के नाते मैं नारुतो को देखते हुए बडी हुई हूँ। टीवी पर नारुतो के लॉन्च ने मुझे वास्तव में उत्साहित कर दिया है क्योंकि अब मुझे अपने बच्चों के साथ अपना पसंदीदा शो देखने का मौका मिलेगा। मुझे यकीन है कि देश भर के प्रशंसक अपने टेलीविजन स्क्रीन अपने पसंदीदा एनीमे को देखने के लिए रोमांचित होंगे। अभिनेता आयुष शर्मा ने भी नारुतो के लॉन्च के बारे में अपने उत्साह को साझा करते हुए कहा, जापानी एनीमे हमेशा से मेरा आकर्षण रहा है और मैं टेलीविजन पर अपने पसंदीदा नायक नारुतो को देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ।

न्यूज ब्रीफ

ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र ने मनाई जन्माष्टमी

रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, बहन रक्षा बहन मोनिका, बहन वंदना, बहन कुसम, बिग्रेडियर हरबीर सिंह ने भगवान श्री कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्जलवित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। बच्चों के द्वारा विभिन्न तरह के भगवान श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं पर सुन्दर नाटिका पुस्तत की और नृत्य किया। सभी भक्तजनों ने कृष्ण की लीलाओं को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए और सभी ने जमकर नृत्य किया। राजेश जैन ने कार्यक्रम में आए हुए सभी भाई बहनों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि जैसे श्रीकृष्ण की आत्मा और शरीर दोनों पवित्र है उसी तरह हमें अपने मन को भी शुद्ध और पवित्र बनाना होगा। उन्होंने कहां श्रीकृष्ण जी में 64 से ज्यादा गुण थे वह गुणों के धनी थे। हमारे अंदर जो गुण नहीं है हमें उनके गुणों को लेकर अपने जीवन में अपनाना चाहिए और सच्चे रास्ते पर चलना चाहिए। रक्षा बहन के द्वारा सभी अतिथियों का फूलों के बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया व भण्डारा लगाया गया। रक्षा बहन ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आध्यात्मिक रहस्य बताया। कार्यक्रम के अंत में मोनिक बहन ने सभी का धन्यवाद किया और मंच का संचालन किया। इस अवसर पर हरियाणा व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल, मीनाक्षी आदि उपस्थित थे।

भगवान श्रीकृष्ण ने अधर्म के विरुद्ध संघर्ष किया: जैन

चंडीगढ़ (अप्रस)। चंडीगढ़ के पूर्व सांसद, भारत सरकार के अपर महासालिसिटर एवं पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट व सिंडीकेट के सदस्य श्री सत्य पाल जैन ने कहा है कि भगवान कृष्ण ने जीवन भर अत्याचार एवं अधर्म के विरूद्ध संघर्ष किया तथा जीवन में जिस भी क्षेत्र में कार्य किया, वो पूरी तरह से जमकर किया। श्री जैन कल सांय श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, सैक्टर 38 वैस्ट द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री जैन ने कहा कि भगवान कृष्ण एक ऐसे महापुरूष थे जिन्होंने भले वो राजनीति में हो, भले ही धार्मिक हो, भले ही युद्ध में हो या भले ही एक ग्वाला या एक प्रेमी के रूप में हो, जो भी किया पूरी प्रामाणिकता से किया तथा सभी जगह धर्म एवं सत्य का पक्ष लिया। उनके जीवन से मानवता के लिये यही सबसे बड़ा संदेश है। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष श्री पंकज गुप्ता, महामंत्री श्री कुलभूषण शर्मा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

गोगा नवमी पर धार्मिक आयोजन

झज्जर (अप्रस)। बेरी हल्का के सफीपुर गांव स्थित गूगा नवमी की पूर्व संध्या पर गूगा पीर सफीपुर कमेटी द्वारा भजन संध्या का आयोजन बड़ी धूमधाम व नांच गाने के साथ किया गया जिसमें दी झज्जर केन्द्रीय सहकारी बैंक लि0 की चेयरपर्सन व जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक चेयरमैन एसोशिएशन हरियाणा की प्रधान नीलम अहलावत ने बतौर मुख्यअतिथि पहुंचकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया व उपस्थित जनमानस से कुशलक्षेम जाना। नीलम अहलावत नें कहा कि हम सभी ऐसे परिवेश में रहते है। जहां धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहते है। भारत भूमि संतों की भुमि है, धार्मिक आयोजनों से मनुष्य के जीवन में साकारात्मकता का संचार होता है। उन्होनें कहा कि धार्मिक आयोजनों से भक्ति की भावना जागृत होती है और आपसी सौहार्द बढता है। इस अवसर पर मुख्य रुप से हवासिहं, विद्यान्नद, विजयपाल, संजय, जयपाल, राम अवतार, हन्नु प्रधान, सूरजमल, लीलू प्रधान, पवन, कालिया आदि मुख्य रुप से मौजूद रहे।

अंतरराज्यीय रंगदारी रैकेट का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन और सिम कार्ड किए बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 19 अगस्त। यूटी पुलिस के ऑपरेशन सेल ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय रंगदारी रैकेट के तीन आरोपी गिरोह के सदस्यों का पर्दाफाश किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जिला भरतपुर राजस्थान के रहने वाले 39 वर्षीय मुबीन, 19 वर्षीय राशिद और 24 वर्षीय अजरुदीन के रूप में हुई है। पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जो चंडीगढ़ और भारत के अन्य राज्यों के निवासियों से धमकाने और पैसे निकालने में शामिल हैं। यह सेक्सटॉर्शन रैकेट सुसंगठित तरीके से चलाया जा रहा है जिसमें आरोपी गिरोह के सदस्यों की ड्यूटी बांटकर, सिम की व्यवस्था करके, पैसे लेने के लिए बैंक खाते की व्यवस्था करके, कॉल करने वाले, एक करीबी नेटवर्क और समन्वित तरीके से काम कर रहे हैं। जो खुद को पुलिस अधिकारी के रूप में प्रतिरूपित करते हैं और जबरन वसूली करते हैं और अन्य काम करते हैं। पकड़ा व्य गिरोह चंडीगढ़ और भारत के अन्य राज्यों के निवासियों से धमकाने और पैसे निकालने में शामिल हैं। आरोपी फेसबुक के माध्यम से अपने लक्ष्य की पहचान कर फिर चैटिंग शुरू करते हैं। और धीरे-धीरे महिला मित्र के रूप में प्रतिरूपण करके कामुक संदेश भेजने लगते हैं। फिर वे लक्ष्य (पीड़ित) को एक वीडियो कॉल पर आने के लिए कहते हैं। जहां गिरोह के सदस्यों का पहला समूह कार्रवाई में आता है और वे लक्ष्य को अपने फोन में पहले से ही एक वीडियो दिखाते हैं। जो वास्तविक वीडियो कॉल की तरह है और मदद से वॉयस ऐप से वे अपने लक्ष्य के साथ संवाद करते हैं। पीड़ित को लगता है कि वह एक लड़की के साथ लाइव कॉल पर है। जबकि वह सिर्फ एक वीडियो देख रहा है। और वॉयस ऐप की मदद से महिला आवाज में अपनी आवाज बदलने वाले आरोपी व्यक्ति से बात कर रहा है। वीडियो चलाने के बाद आरोपी पीड़िता से आग्रह करता है कि उनके कपड़े भी हटा दें और आरोपी स्क्रीन पर पूरे कृत्य को रिकॉर्ड कर लेते हैं।

जानकारी के मुताबिक आरोपी मुबीन 10+2 ड्रॉपआउट है और भरतपुर राजस्थान में एक मोबाइल की दुकान चलाता है विवाहित है।

आरोपी राशिद वर्तमान में आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। और मुबीन के साथ मोबाइल रिपेयर वर्कर के रूप में अपनी मोबाइल शॉप के साथ काम कर रहा है। अविवाहित है।

अजरुद्दीन 8वीं क्लास ड्रॉपआउट है। और वर्तमान में इस तरह की धोखाधड़ी में ही संलिप्त है। विवाहित है।

पकड़े गए आरोपी भोले वाले लोगों को झांसे में लेने के लिए दूसरा सेट हरकत में आता है। और वे लक्ष्य को स्क्रीन रिकॉर्डिंग भेजते हैं। जहां लड़की और लक्ष्य दोनों नग्न होते हैं। और फिर उसे यह कहकर ब्लैकमेल करते हैं कि वे इस वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रकाशित करने जा रहे हैं। वह या पीड़ित अपने बताए गए खाते में राशि जमा करेगा। जबरन वसूली करने वाला जो भी रकम मांगता था। वह पीड़िता से डरकर जमा कर देता था।

गिरोह के सदस्यों का तीसरा समूह हरकत में आता है। अगर लक्ष्य बैंक खाते में पैसे जमा नहीं कर रहा हैं। तो गिरोह के ये सदस्य पुलिस अधिकारी की डीपी को वर्दी पहनकर और पीड़िता को बताकर वाट्सएप कॉल करते हैं कि लड़की आई है। शिकायत और इस स्तर पर लड़की को निश्चित राशि का भुगतान करके पूरे प्रकरण से समझौता किया जा सकता है। अन्यथा मामला दर्ज किया जाएगा। और लक्ष्य को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ऐसे देते थे वारदात को अंजाम

शिकायतकर्ता सेक्टर-19, चंडीगढ़ ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त को उनको एक व्हाट्सएप संदेश मिला, जिसमें भेजने वाले ने उनका नाम बताया। और वे एक दूसरे को मैसेज करने लगे। उसे कहा कि वह सरकारी शिक्षिका है। आगे उसी रात उसी मोबाइल नंबर से उसके पास एक वीडियो कॉल आया और उस वीडियो कॉल के दौरान शिकायतकर्ता को लड़की दूसरी तरफ मिली और उसने शिकायतकर्ता से उसके कपड़े हटाने के लिए कहा, और उसके द्वारा कामुक होने पर, उसने उसे भी उतार दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता को फिर से मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल के दौरान आरोपी ने उसे बताया कि वह डीसी ऑफिस चंडीगढ़ से एसएचओ को फोन कर रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने आरोपियों ने उसे ब्लैकमेल कर 25 हजार रुपये मांग रहे हैं और शिकायतकर्ता ने दबाव में आकर उन्हें गूगल पे पर 3120 रुपए भुगतान करने को कहा। गूगल पे अकाउंट पर। लेकिन आरोपी शाम तक 15 हजार रुपये अधिक की मांग कर रहे हैं। अन्यथा उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया जाएगा। चंडीगढ़ पुलिस ने मामले में आई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए चंडीगढ़ पुलिस के सीनियर अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते एक टीम गठित की गई टीम ने जांच के दौरान, ऑपरेशन सेल सेक्टर-26, चंडीगढ़ की छापेमारी दल कैथवाड़ा जिला भरतपुर राजस्थान गया और गांव कैथवाड़ा, जिला भरतपुर, राजस्थान से तीन लोगों को पकड़कर पूछताछ के लिए चंडीगढ़ लाया गया। आगे की पूछताछ और जांच के दौरान इस मामले में तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे उनकी गिरफ्तारी के दौरान उनके कब्जे से एक मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया गया। जिसका इस्तेमाल उन्होंने अपराध करने के लिए किया था।

अधूरे लिखे जाने वाले दस्तावेजों को लेकर बोले रजिस्ट्रार

रजिस्ट्री में कोई कमी निकलती है तो उसके लिए रजिस्ट्री लिखने वाला जिम्मेदार होगा

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

मोहाली, 19 अगस्त। माल विभाग से सबंधित दस्तावेज व रजिस्ट्री आदि जो सब रजिस्ट्रार खरड़ के दफ्तर में रजिस्ट्रेशन के लिये पेश होते है, उन्हें लिखने से पहले अच्छी तरह जांच करके सारे कागजात चैक करके ही अप्वाईटमेंट ली जाए। अप्वाईट लेने के बाद ही दस्तावेज व रजिस्ट्री आदि लिखी जाए, अधूरे लिखे जाने वाले दस्तावेज रजिस्ट्रर नही किये जाएंगे।

यह बात सब रजिस्ट्रार खरड़ अमरजीत सिंह ने तहसील दफ्तर के मीटिग हाल में तहसील कंपलेक्स में रजिस्ट्री लिखने वाले तथा टाईपिस्टों की मीटिंग को संबोधित करते हुये प्रकट किये। उन्होनें कहा कि कई बार अप्वाईटमेंट लेकर दस्तावेज लिए दिये जाते हैं परंतु जब यह दस्तावेज उनके दफ्तर में पेश होते हैं तो इनमें कई कमियां पाई जाती हैं। उन्होनें कहा कि वह अपने दफ्तर में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक हाजिर रहते है और यदि किसी को रजिस्ट्री सबंधी कोई मुश्किल आती है तो वह उनके दफ्तर में आकर जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होनें यह हिदायत भी की कि यदि कोई रजिस्ट्री लिख कर उनके दफ्तर में भेजता है और उसमें कमियां पाई जाती है तो इसके लिये रजिस्ट्री लिखने वाला जिम्मेदार होगा और उसके खिलाफ कार्रवाही भी की जा सकती है। उन्होनें कहा कि एक कनाल से ऊपर खेतीबाड़ी वाली जमीन तथा 1995 से पहले हुई रजिस्ट्री के लिये एनओसी की जरूरत नही है। इसके अलावा अन्य जमीन जायदाद की खरीद परो त करने के लिये एनओसी की जरूरत है। उन्होनें स्पष्ट किया कि रजिस्ट्री करवाने के लिये इस समय क्लर्क दविंदर सिंह, एडवोकेट नानक सिंह, गगनदीप सिंह सिद्व, गुरमुख सिंह मान, रणबीर चौधरी, मनप्रीत सिंह, केसर सिंह, हरमिंदर सिंह, नरेश कुमार, बहादुर सिंह, विक्रम सिंह समेत तहसील कंपलेक्स में काम करने वाले वकील, बसीका नवीस तथा टाईपिस्ट हैं।

स्वाइन फ्लू की चपेट में आए दो लोग

मोहाली (अप्रस)। जिले कोरोना, डेंगू व मुंह हाथ पैर की बीमार के साथ ही अब स्वाइन फ्लू ने भी दस्तक दे दी है। जिले में दो लोग स्वाइन फ्लू से संक्रमित हुए है। उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं सेहत विभाग द्वारा दोनों मरीजों के लिए दवाएं निजी अस्पताल को भेज दी गई हैं। सिविल सर्जन डॉ आदर्शपाल कौर ने बताया कि प्राइवेट अस्पताल की ओर से हमें बीते दिन जानकारी दी गई। जिसके बाद दोनों मरीजों और उनके परिवार वालों को दवाइयां मुहैया करवाई गई।

मोहाली में मिले 63 लोग कोरोना संक्रमित

मोहाली (अप्रस)। जिले में शुक्रवार को 63 लोग कोरोना संक्रमित हुए, जबकि 23 मरीज ठीक हुए। जब जिले सक्रिय मरीज 450 रह गए है। डीसी अमित तलवार ने कहा कि भले ही इलाके कोरोना की रफ्तार धीमी पड़ गई है। लेकिन 12 साल से अधिक उम्र के लोगों को पहल के आधार पर कोरोना टीकाकरण करवाना होगा। जिले में शुक्रवार को कुल 846 लोगों कोरोना संबंधी सैंपल लिए गए। जिसमें से 352 सैंपल सरकारी व 494 निजी अस्पतालों में लिए गए। सक्रिय मरीजों में 442 मरीजों का इलाज घरों पर चल रहा है। जबकि आठ मरीज अस्पताल में भरती है। सक्रिय मरीजों में 29 ग्रामीण और शेष शहरी एरिया से संबंधित है। जिले में अब तक 100374 लोग संक्रमित व 95758 ठीक हुए। जबकि 1166 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है।

ट्राईसिटी के नन्हे कृष्ण कन्हैया

अथर्व राजपूत | जयश्री ठाकुर | कृशिव मिश्रा

हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 19 अगस्त। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही दिनांक 22 अगस्त,2022 को सुबह 11.30 बजे अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एससीओ नंबर-96, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी।

मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे, जिनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं। बहरहाल, मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुर्माना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी।

सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं।

निगम मेयर और पूर्व उपमुख्यमंत्री जन्माष्टमी पर गले मिले

अर्थ प्रकाश/ हरजीत सिंह जग्गी

कालका, 19 अगस्त। जन्म अष्टमी के पावन त्योहार पर पचकुलां के मेयर कुलभुषन गोयल जी और पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन जी अचानक मंदिर में मिल गये।

दोनो एक दूसरे के गले मिले और एक दूसरे की पीठ थप थपाते हुये जन्माष्टमी की बधायी दी।

पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन जी ने कहा जन्माष्टमी का त्योहार एक ऐसा उत्सव है जो हिंदू भक्तों के घरों, मंदिरों के अलावा जेलों में भी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाती है।

भाद्र पद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में कारागार में ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथा के अनुसार उनके जन्म लेते ही जेल की कोठरी में प्रकाश फैल गया और सबकुछ वैसा घटित हुआ जैसा भगवान चाहते थे। भगवान कृष्ण का जन्म जेल में ही हुआ था इसलिए आज भी जेलों में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस मौके पर विशेष झाकियां सजाई जाती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। जेल के पुलिसकर्मी ही नहीं कैदी भी इसकी तैयारियां पूरे उत्साह के साथ करते हैं।

भाई चन्द्रमोहन जी ने कहा धार्मिक मान्यता के अनुसार कृष्ण भगवान विष्णु के आठवें अवतार थे। कृष्ण का जन्म मथुरा की जेल में हुआ था। इसके पीछे की कहानी भी बेहद प्रचलित है। जिसके अनुसार द्वापर युग में मथुरा का राजा उग्रसेन था। उग्रसेन का पुत्र कंस बेहद महात्वकांक्षी और क्रूर था। उसने अपने पिता को बंदी बना कर जेल में डाल दिया और खुद सिंहासन पर बैठ गया। कंस की बहन थी देवकी। देवकी से वह बेहद प्यार करता था। यही कारण है देवकी के विवाह के पश्चात कंस खुद रथ का सारथी बन अपनी बहन को उसके ससुराल छोड़ने जा रहा था। रास्ते में अचानक एक भविष्यवाणी हुई जिसके अनुसार देवकी का आठवां पुत्र कंस का काल था। भविष्यवाणी सुनकर कंस क्रोधित हो गया और देवकी व वासुदेव को मथुरा की जेल में डाल दिया।

मथुरा की जेल में हुआ था भगवान कृष्ण का जन्म: चन्द्रमोहन जी ने बताया जेल में ही देवकी ने अपनी आठ संतानों को जन्म दिया जिसमें आठवें संतान के रूप में कृष्ण का जन्म जेल में हुआ। कृष्ण से पहले जन्में देवकी के सभी 6 संतानों का कंस ने जन्म के साथ ही वध कर दिया लेकिन जब कृष्ण का जन्म देवकी-वासुदेव के आठवें पुत्र के रूप में हुआ तब इससे पहले की कंस नवजात की हत्या करता वासुदेव ने उसे गोकुल में यशोदा और नंद के पास पहुंचा दिया। चूंकि भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा की जेल में हुआ था इसलिए प्रत्येक साल जेलों में भी भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी पूरी धूमधाम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। जेलों में कई दिनों पहले से ही जन्माष्टमी मनाने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कृष्ण का जन्म मध्य रात्रि में हुआ था इस कारण ज्यादातर लोग जन्माष्टमी आज को मना रहे हैं।

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : 42427/86 डाक पंजीक्रम : G/CHD/0197/2021-23 फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@yahoo.com, arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)